नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार 07.08.2023 वर्ष 10, अंक 215
RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
उन चीजों के बारे में समय बर्बाद मत करो, जिनको आप बदल नहीं सकते।

## रांची का तापमान

अधिकतम 30°
न्युनतम 23°

## क्वीक न्यूज

### नहर में कार गिरने से तीन छात्रों की मौत, कई घायल

**विशाखापट्टनम :** आंध्र प्रदेश के गोदावरी जिले के पास एक कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई, जिससे तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई. इस हादसे में कई छात्र गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं, जिन्हें पास के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस के अनुसार कार की गति तेज होने की वजह से हादसा हुआ.शनिवार आधी रात उनकी कार सड़क से फिसलकर पूर्वी गोदावरी जिले के बुरुगुपुडी गेट पर एक नहर में गिर गई. संदेह है कि कार तेज गति से चलाई जा रही थी, जिस वजह से अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. मृतक छात्रों में हर्षवर्द्धन, हेमंत और उदय किरण शामिल हैं. कार में सवार अन्य घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### मुक्ति संस्था ने किया 21अज्ञात शवों का सामूहिक दाह संस्कार

**रांची :** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 21 अज्ञात शवों का विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। मुक्ति संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर पैक कर जुमार नदी तट लेकर गए। संस्था के वरीय सदस्य सीताराम कौशिक ने शवों को मुखाग्नि दी।संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था ने अबतक कुल 1588 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया है। इस मौके पर संस्था के रवि अग्रवाल, सौरभ बथवाल, उज्वल जैन, रतन अग्रवाल, आरके गांधी, संदीप पपनेजा, संदीप कुमार, कमल चौधरी, हरीश नागपाल, सुनील अग्रवाल और आशीष भाटिया मौजूद थे।

### भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**बीरभूम :** बीरभूम जिले में अलग-अलग स्थानों पर आग्नेयास्त्रों के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खयराशोल थाने के कृष्णापुर गांव में शनिवार देर रात एक झाड़ी से करीब 15 ताजा बम बरामद किये गये। लेकिन अभी तक ये पता नहीं चल पाया है कि वो बम किसने किस मकसद से रखे थे। सीआइडी बम निरोधक दस्ते को मामले की सूचना दी गई है। दूसरी तरफ रामपुरहाट में करीब 60 पेटी जिलेटिन की छड़ें बरामद की गईं हैं। एक अनुमान के मुताबिक बरामद पेटियों में तकरीबन 12 हजार जिलेटिन की छड़ें हैं। सूत्रों के मुताबिक, जिलेटिन की ये छड़े एक वीरान घर से बरामद की गईं हैं।

### देवघर : डोभा में डूबने से भाई-बहन की मौत

**देवघर :** जिले के मोहनपुर प्रखंड के जियापानी गांव में रविवार को डोभा में डूबने से गांव के राजेंद्र यादव के दो बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में प्रियंका कुमारी (9) और उसका छोटा भाई प्रिंस कुमार (4) हैं। इस घटना से पूरे गांव में मातम है।ग्रामीणों के अनुसार दोनों बच्चे गांव के अन्य बच्चों के साथ अपने घर से करीब 500 मीटर दूर खेत में खेल रहे थे। इसी दौरान प्रिंस कुमार का पैर फिसल गया और वह डोभा में गिरकर डूबने लगा। उसे बचाने के लिए बहन प्रियंका कुमारी भी डोभा में कूद गई। डोभा की गहराई करीब आठ फुट बताई जा रही है। सूचना मिलते ही घरवाले दौड़ का घटनास्थल पर पहुंचे और बच्चों को डोभा से निकाला। दोनों की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही रिखिया थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल देवघर भेज दिया।

### रामगढ़ : माही रेस्टोरेंट के मालिक को अपराधियों ने मारी गोली, मौत

**रामगढ़ :** रामगढ़ के पतरातू प्रखंड के बासल ओ पी क्षेत्र अंतर्गत लबगा पंचायत के जिंदल रोड स्थित माही रेस्टोरेंट के मालिक रोशन कुमार पर अज्ञात अपराधियों ने गोली से मार कर हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार रोशन कुमार के सीने और सर पर गोली लगी है। कुल तीन गोली उनको लगी है। उन्हें सदर अस्पताल भेजा गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी तथा बासल थाना के पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अपराधियों की जानकारी जुटाने में लगी है।

### भारत सरकार ने एलसीए तेजस मार्क-2 के 6 प्रोटोटाइप विमान निर्माण को दी मंजूरी

**नई दिल्ली:** भारत सरकार ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-2 के 6 प्रोटोटाइप विमानों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। अभी तक इंजन की अनुपलब्धता के कारण प्रोटोटाइप का निर्माण अटका हुआ था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया अमेरिकी दौरे में जीई-414 विमान इंजन भारत में ही विकसित किये जाने का समझौता होने बाद एलसीए तेजस मार्क-2 के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

प्रधानमंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की रखी आधारशिला

# दुनिया में सबसे ज्यादा रेल ट्रैक भारत में बिछाए गए : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अमृत भारत स्टेशन योजना को लॉन्च किया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पूरे भारत में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। इस मौके पर पीएम ने कहा कि विकसित होने के लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ा रहा भारत अपने अमृत काल के प्रारंभ में है। नई ऊर्जा, प्रेरणा, संकल्प है। भारतीय रेल के इतिहास में भी एक नए अध्याय की शुरूआत हो रही है। भारत के करीब 1300 प्रमुख रेलवे स्टेशन अब अमृत भारत रेलवे स्टेशन के तौर पर विकसित किए जाएंगे और उनका पुनर्विकास आधुनिकता के साथ होगा। उन्होंने कहा कि इससे देश के सभी राज्यों को लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश में करीब 4500 करोड़ रुपये के खर्च से 55 अमृत स्टेशन को विकिसत किया जाएगा। राजस्थान के भी 55 रेलवे स्टेशन अमृत रेलवे स्टेशन बनेंगे। उन्होंने रेल मंत्रालय की सराहना की और देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रेलवे में जितना काम हुआ है वह हर किसी को प्रसन्न और हैरान करती है। दुनिया में दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन, पोलैंड, यूके और स्वीडन जैसे देशों में जितना रेल नेटवर्क है उससे अधिक रेल ट्रैक हमारे देश में इन 9 वर्षों में बिछाए गए हैं। साउथ कोरिया, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में कुल जितना रेल ट्रैक है उससे अधिक रेल ट्रैक भारत में अकेले पिछले साल बनाए हैं।

### 24470 करोड़ होगी परियोजना की लागत

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में बताया कि इस पुनर्विकास परियोजना की लागत 24,470 करोड़ होगी और इससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान होंगी। प्रधानमंत्री जिन रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे, उनमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान के 55-55, बिहार के 49, महाराष्ट्र के 44, पश्चिम बंगाल के 37, मध्य प्रदेश के 34, असम के 32, ओडिशा के 25, पंजाब के 22, गुजरात और तेलंगाना के 21-21, झारखंड के 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के 18-18, हरियाणा के 15 और कर्नाटक के 13 स्टेशन शामिल है।



### सिटी सेंटर के रूप में होंगे विकसित

पीएमओ ने कहा, इसके तहत शहर के दोनों किनारों के समुचित एकीकरण के साथ इन स्टेशनों को 'सिटी सेंटर' के रूप में विकसित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किए जा रहे हैं।
यह एकीकृत दृष्टिकोण शहर के समग्र शहरी विकास के समग्र दृष्टिकोण से प्रेरित है, जो रेलवे स्टेशन के आसपास केंद्रित है। इस योजना से 508 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य संपन्न होगा।

### योजना का उद्देश्य

स्टेशनों का सिटी सेंटरों के रूप में विकास। शहर के दोनों छोरों का एकीकरण। स्टेशन भवनों का सुधार व पुनर्विकास। आधुनिक यात्री सुविधाओं का प्रावधान।बेहतर यातायात व्यवस्था और इंटरमोडल इंटीग्रेशन।मार्गदर्शन के लिए एक-समान और सहायक सूचक चिन्ह।मास्टर प्लान में उचित संपत्ति विकास का प्रावधान। लैंडस्केपिंग, स्थानीय कला और संस्कृति।

### विश्व स्तरीय सुविधाएं देना प्राथमिकता

पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर अत्याधुनिक सार्वजनिक परिवहन के प्रावधान पर जोर देते हैं और रेलवे लोगों के परिवहन का पसंदीदा साधन है। उन्होंने रेलवे स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व को प्राथमिकता दी है। इस दृष्टिकोण से 1,309 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए 'अमृत भारत स्टेशन योजना' शुरू की गई।
योजना के तहत पीएम मोदी 508 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखी।

# पाकिस्तान में रेल हादसा, 25 की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में रविवार दोपहर में बड़ा रेल हादसा हो गया. रावलपिंडी जा रही हजारा एक्सप्रेस की कई बोगियां पटरी से उतर गई. अधिकारियों की ओर से हादसे के शिकार लोगों के बारे में जानकारी दी गई कि इस दुर्घटना में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई जबकि 50 लोग घायल हुए हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक,शहजादपुर और नवाबशाह के बीच स्थित सरहरी रेलवे स्टेशन के पास रावलपिंडी के लिए रवाना हुई हजारा एक्सप्रेस की 10 बोगियों के पटरी से उतर जाने से कम से कम 50 लोग घायल हो गए. जबकि हादसे में 20 लोगों की जान चली गई. हादसे में घायलों को नवाबशाह के पीपुल्स मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

इस हादसे में अधिक लोगों के घायल होने की आशंका है, क्योंकि अधिकारियों का कहना है कि बोगियों के पटरी से उतरने के पीछे का कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी है.स्थानीय मीडिया के मुताबिक, यह ट्रेन कराची से रावलपिंडी जा रही थी. रेस्क्यू टीम और पुलिस अफसरों को घटनास्थल पर भेज दिया गया है. वहां से मिले कई फुटेज में दिख रहा है कि यह ट्रेन पुल के पास पटरी से उतर गई. लोग खुद ही बाहर निकल रहे हैं. पुल के नीचे कुछ लोगों के शव पड़े हुए हैं.

**इस हादसे में अधिक लोगों के घायल होने की आशंका है, क्योंकि अधिकारियों का कहना है कि बोगियों के पटरी से उतरने के पीछे का कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी है.**

हादसे के बाद पलटी बोगियों से यात्री खुद ही बाहर निकल रहे हैं. संघीय रेलवे और उड्डयन मंत्री ख्वाजा साद रफीक ने कहा कि अधिकारियों को घटना के बारे में सतर्क कर दिया गया है, उन्होंने कहा कि रेलवे सचिव नवाबशाह में मौजूद थे।

# सरायकेला : आभूषण दुकान में दिनदहाड़े लाखों की लूट




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र स्थित गमहरिया लाल बिल्डिंग चौक के पास ईश्वर लाल आभूषण दुकान में रविवार को अपराधियों ने लाखों रुपए के गहना लूट कर चंपत हो गए. जानकारी के अनुसार ग्राहक बनकर दो अपराधी दुकान में घुसे. एक अपराधी दुकान के बाहर खड़ा रहा. दुकान में घुसे अपराधियों ने दुकानदार से मंगलसूत्र दिखाने को कहा. इस बीच अपराधियों ने पिस्तौल व बंदूक दिखाकर सारे गहने लूट लिये. भागने के दौरान अपराधी दुकान का शटर बाहर से बंद कर दिया. इस दौरान अपराधी अपने साथ लाए प्रसाद समेत कुछ सामान दुकान पर छोड़ दिया. इस लूटकांड की जानकारी मिलने के बाद सरायकेला एसपी डॉ विमल कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच प्रारंभ कर दी. एसपी के दिशा निर्देश में आदित्यपुर थाना की पुलिस मामले की जांच में जुट गयी. एसपी ने जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने के निर्देश दिये हैं.

आभूषण दुकान में लूटपाट घटना को अंजाम देने वाले बेखौफ अपराधियों ने जमकर तांडव मचाया. पिस्तौल का भय दिखाकर पहले सभी आभूषण लूट लिए बाद में दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त करते हुए डीवीआर भी अपने साथ ले भागे. अपराधियों ने दुकानदार और कर्मचारियों का मोबाइल फोन तोड़ दिया, जिससे पुलिस को जानकारी ना दी सके.

# जमींदोज हुआ सहारा फैमिली रेस्टोरेंट

**शनिवार को प्रशासन ने हिंसा के दौरान जिस होटल से पत्थरबाजी हुई थी, उसको बुलडोजर से ढहा दिया.अब तक 600 से ज्यादा अवैध निर्माण ध्वस्त किए जा चुके हैं. पूरे हरियाणा में करीब 104 एफआईआर दर्ज की गई हैं. करीब 216 गिरफ्तारियां हुई हैं और 83 लोगों को हिरासत में लिया है.**




*** सहारा फैमिली रेस्टोरेंट से शोभायात्रा पर की गई थी पत्थरबाजी**

एजेंसी

**नूंह (हरियाणा) :** हरियाणा के नूंह में हिंसा के बाद सरकार एक्शन मोड में आ गई है. सरकारी एजेंसियों ने उपद्रवियों की तलाश शुरू कर दी है. उनकी अवैध संपत्तियों को भी ढहाया जा रहा है. इसके साथ ही उन जगहों का भी पता लगाया जा रहा है, जहां से पत्थरबाजी की घटनाएं हुई हैं.

शनिवार को प्रशासन ने हिंसा के दौरान जिस होटल से पत्थरबाजी हुई थी, उसको बुलडोजर से ढहा दिया.अब तक 600 से ज्यादा अवैध निर्माण ध्वस्त किए जा चुके हैं. पूरे हरियाणा में करीब 104 एफआईआर दर्ज की गई हैं. करीब 216 गिरफ्तारियां हुई हैं और 83 लोगों को हिरासत में लिया है. हरियाणा के अधिकारियों ने हिंसा प्रभावित नूंह जिले में अवैध निर्माण को गिराने के लिए अभियान चलाया. इस दौरान दर्जनों अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए. उनमें से कुछ संपत्ति उन लोगों की भी थी, जो कथित तौर पर हाल की झड़पों में शामिल थे.

नूंह के सहारा फैमिली रेस्टोरेंट को भी जमींदोज किया गया. 31 जुलाई को नूंह हिंसा के कुछ वीडियो और फुटेज सामने आए हैं. आरोप है कि उन फुटेज में देखा गया कि मेडिकल चौक पर स्थित इसी रेस्टोरेंट की छत से शोभायात्रा पर पत्थरबाजी शुरू हुई थी. यहीं से नूंह में विवाद की शुरुआत हुई थी. रेस्टोरेंट के तीनों फ्लोर से भी पत्थर बरसाए गए थे. रेस्टोरेंट के आसपास की बिल्डिंग और दुकानों की छतों से भी पथराव हुआ था. पुलिस बल और श्रद्धालुओं पर पथराव किया गया था. प्रशासन ने ऐसी बिल्डिंग और दुकानों को भी ध्वस्त किया है.

# सीएम ने अधीक्षण अभियंता के खिलाफ पीई दर्ज करने के प्रस्ताव को दी मंजूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर अमल करते हुए भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर लगातार एक्शन में है। इसी सिलसिले में उन्होंने श्री अनिल कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग के विरुद्ध आयकर विभाग द्वारा आय से अधिक धनार्जन करने से संबंधित जांच प्रतिवेदन के आधार पर पी. ई. दर्ज करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

**यह है मामला**

आयकर विभाग के द्वारा श्री अनिल कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग के आवास पर 22 नवंबर 2022 को की गई तलाशी के दौरान कुल 406.28 लाख रुपए की चल- अचल संपत्ति मिली थी। इसमे 17.13 लाख रुपए नकद, 170.15 लाख रुपए का गहना एवं बहुमूल्य धातु, 64 लाख रुपए बैंक खातों में जमा राशि और 155 लाख रुपए परिवार के नाम पर अचल संपत्ति के रूप में मिले थे, जिसे जब्त कर लिया गया था। इस सिलसिले में प्रधान आयकर निदेशक (अन्वेषण) कार्यालय, पटना द्वारा तलाशी और जब्ती से संबंधित प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया था।



**अनिल कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग के विरुद्ध आयकर विभाग द्वारा आय से अधिक धनार्जन करने से संबंधित जांच प्रतिवेदन के आधार पर पी. ई. दर्ज करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।**

### उत्तराखंड : गौरीकुंड भूस्खलन हादसे में लापता 20 लोगों का अब तक नहीं लगा कोई सुराग

एजेंसी

**रुद्रप्रयाग :** उत्तराखंड के केदारनाथ यात्रा पड़ाव के मुख्य मार्ग गौरीकुंड की डाटपुलिया के समीप चार दिन पूर्व हुए भूस्खलन हादसे में लापता हुए 23 लोगों में से अभी तक केवल तीन लोगों के ही शव मिल सके हैं जबकि 20 लोगों का चौथे दिन भी कुछ नहीं पता चल सका है। इन लापता लोगों की खोज को लेकर अलकनंदा और मंदाकिनी नदियों में सर्च रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है फिर भी कहीं से भी सफलता हाथ नहीं लग रही है। रुद्रप्रयाग बाइपास से नरकोटा और धारी देवी से श्रीनगर डैम तक चलाए गए रेस्क्यू सर्च अभियान के बाद लापता हुए 20 लोगों में से किसी का भी अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। भूस्खलन की घटना के बाद से 23 लोग लापता हुए थे, जिनमें से तीन लोगों के शव बरामद हुए थे। इसके बाद उनकी शिनाख्त भी हो गई थी। हालांकि अन्य बीस लोगों की खोज के लिए रविवार तीसरे दिन आपदा प्रबंधन टीमों का सर्च अभियान जारी रहा, लेकिन देर शाम तक भी कोई सुराग नहीं लग सका। गौरतलब है कि बीती गुरुवार की आधी रात के करीब गौरीकुंड बाजार से कुछ दूरी पर डाट पुलिया के समीप भारी भरकम चट्टान टूटने से 23 लोग मंदाकिनी नदी में समा गये थे और यहां स्थित तीन दुकानों के भीतर सो लोग भी पहाड़ी से टूटी चट्टान के साथ सीधे मंदाकिनी नदी में जा गिरे थे। घटना के बाद से केदारघाटी में मातम छाया हुआ है और लापता लोगों की खोजबीन की जा रही है।

# गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण का पीएम मोदी ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

➲ छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग, निबंध और भाषण प्रतियोगिता आयोजित, प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण का ऑनलाइन शिलान्यास किया। मौके पर पुर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय, विधायक प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, वेदप्रकाश शर्मा,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम, सीओ विक्रम आनंद, इंस्पेक्टर अजय कुमार, रेहला थानाप्रभारी नेमधारी रजक, धनबाद रेल मंडल के वरीय मंडल विद्युत परिचालन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी संजीव कुमार, एडीएमई विकास शुक्ला, मुख्य लोको इंस्पेक्टर एचके सिंह, एसएस सतीश कुमार सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.रेलवे पदाधिकारियों ने विधायक श्री चंद्रवंशी समेत कार्यक्रम में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया.इसके बाद जेबी हाई स्कूल और प्रोग्रेसिव चिल्ड्रेन अकेडमी के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया.विधायक श्री चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार नौ वर्षों के कार्यकाल में देश के सभी सेक्टर में अद्वितीय कार्य किया है.इसी के तहत रेलवे स्टेशनों को यात्रियों के सभी सुख सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है.उन्होंने मोदी जी के तप और त्याग को देखते हुए तथा देश की मजबूती के लिए सभी लोगों से उनकी हाथों को और मजबूत करने का अपील किया.रेलवे की ओर से उक्त दोनों स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच पेंटिंग, निबंध और भाषण प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें 41 छात्र- छात्राएं शामिल थी। अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्रों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने ऑनलाइन शिलान्यास के बाद पीएम मोदी का सम्बोधन सुना.मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# ट्रक और टेंपो की टक्कर में 5 व्यक्ति घायल स्थिति गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सतबरवा थाना क्षेत्र के दूबियाखाड़ में रविवार की शाम ट्रक और ऑटो की टक्कर में पांच व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सतबरवा थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सतबरवा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जाहिल आज के बाद भी सभी घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायलों का इलाज करा रहे हैं। जानकारी के अनुसार टेंपो पर सवार सभी लोग टेंपो पर सवार होकर सतबरवा से मेदिनीनगर जा रहे थे तभी रास्ते में दुबियाखाड़ के पास अनियंत्रित ट्रक ने टेम्पो में धक्का मार दिया। जिसमें टेंपो पर सवार सभी पांच व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों में सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम बारी निवासी दीपक पासवान पिता अजय पासवान, मंटू कुमार भुइयां, नीरज कुमार भुइयां, अशोक पासवान, मिथिलेश भुइयां का नाम शामिल है।वही इस घटना के बाद से सदर अस्पताल में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद पुलिस दोनों वाहन को जप्त कर थाना ले गई है। घायल सभी व्यक्ति मजदूर बताएं जा रहा है।

## शोकाकुल परिवार से मिले पूर्व सांसद : मनोज कुमार भुइयां



**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर पंचायत के जमुआ निवासी 55 वर्षीय बृज नंदन भुइयाँ की आज विगत बुधवार को सुबह 7 बजे नौड़ीहा बाजार से आ रही बाइक ने नियंत्रण खो दिया और अपनी साइड जमुआ से अपना घर वापस लौट रहे थे उसी क्रम मे जोरदार धक्का मार दिया। ग्रामीणों के सहयोग से घायलवास्था मे मेदिनीनगर भेज दिया, और इलाज के दौरान उन्हे मौत गई। पूर्व सांसद मनोज कुमार भुइयाँ ने मृतक परिजनों से मुलकात करे हर संभव मदद करने का भरोषा दिलाते हुए कहा कि तत्काल अम्बेडकर आवास ,पेंशन के लाभ दिलाने की बात कहा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनोज भुइयाँ, मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक,युवा अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह, पूर्व मुखिया सीता राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय जनता दल पार्टी का किया गया विस्तार बैठक



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत रविवार को बाजार के निकट निजी हाल में राष्ट्रीय जनता पार्टी दल का एक दिवसीय बैठक किया गया। जिसकी बैठक के अध्यक्षा प्रखंड अध्यक्ष मोहन यादव ने की मोहन यादव ने कहा कि देश में भ्रष्टाचार चरम पर है जब से मोदी सरकार आई है देश में शांति चली गई है राष्ट्रीय जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने कहा कि यहां का क्षेत्रीय विधायक जनता की समस्याओं का निदान नहीं कर रहे हैं। सड़क जर्जर अवस्था में हो गया है रामगढ़ में अस्पताल बन गया है लेकिन एक डॉक्टर के सहारे चलता है मौके पर विशिष्ट अतिथि पार्टी के प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम घूरा अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राजू भुइयां, प्रखंड प्रधान महासचिव अरुण यादव, पंचायत अध्यक्ष दीनानाथ यादव, रविन्द्र यादव, सदस्य अभय यादव, हंसराज यादव अशोक भुइहर, रितेश कुमार, गोविंद यादव, दिलीप सिंह, शबाना अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी साथ ही साथ राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता एवम सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हैं।

# उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह मातृ सम्मेलन का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शंख ध्वनि, बन्देपुरुषोतम ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया.इष्टचर्चा करते हुये माला देवी ने कहा कि श्रावण माह श्री श्री बड़मा जी का जन्म माह है.इस माह में सत्संगियों द्वारा मातृ सम्मेलन किया जाता है.उन्होंने श्री श्री बड़मा जी के जीवन की चर्चा करते हुये कहा कि वे पतिव्रता थीं. वे श्री श्री ठाकुर जी के निर्देशों का पालन करने के लिये हमेशा तैयार रहती थी.अनिता सिन्हा ने कहा कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति हमेशा सजग रहती थीं.वे कर्तव्यनिष्ठ, पतिपरायणा व धर्मनिष्ठ थी। ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि श्री श्री बड़मा जी का जीवन लोक कल्याण के लिए था.उन्होंने कहा कि बहुत से सत्संगी परिवार उनके जीवन पथ पर चलकर लाभ प्राप्त किये.बहुत से लोग श्री श्री बड़मा जी का आशिर्वाद प्राप्त कर अपने तथा अपने परिवार का जीवन सार्थक किया। सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि श्री श्री बड़मा जी का जीवन माता सीता व अनसुइया के जैसा था.वे सभी जीवों से स्नेह रखकर सबसे प्रेम करती थीं। उन्होंने सभी सत्संगी वृन्द से आगामी 5 नवम्बर को होने वाले उत्सव के लिये तन मन धन से तैयार रहने की अपील किया.शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि उत्सव की सफलता के लिये एक कमिटी के गठन किया जाय तथा प्रत्येक दिन सत्संग उपासना केंद्र में सांध्यकालीन प्रार्थना का आयोजन किया जाय। सत्संग में राजकुमार, सत्यम कुमार, शिवम कुमार,भोला प्रसाद, ऋत्विक विजय नंदन प्रसाद सिन्हा, श्रवण कुमार, आयुष कुमार, पीयूष कुमार, वृन्दा देवी, प्रमिला देवी, सहित अन्य उपस्थित थे।

# पांच सूत्री मांगों को लेकर पूर्व विधायक का आमरण अनशन शुरू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** आजसू पार्टी के तत्वावधान में केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के द्वारा रविवार से शहर के पुरानी बस स्टैंड के समीप पांच सूत्री मांगों को लेकर आमरण अनशन शुरू किया गया। इससे पहले शनिवार को पूर्व विधायक के नेतृत्व में उक्त मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन भी किया था। आमरण अनशन स्थल पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि हरिहरगंज, पिपरा, हुसैनाबाद सहित पूरे पलामू जिला में बिजली की लचर व्यवस्था से लोग त्रस्त हैं । लोगों की परेशानियों को सुनने व समाधान के लिए कोई भी अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि आगे नहीं आए । जिससे आम लोग परेशान हैं । वहीं बारिश नहीं होने के कारण तथा बिजली की कमी से क्षेत्र में सूखाड़ और अकाल की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला को सूखाड़ घोषित कर राहत कार्य चलाने, बटाने डैम को दुरुस्त करने, शहरी पीएम आवास योजना के लाभुकों को दूसरी किस्त का भुगतान करने, बिजली की लचर व्यवस्था को सुधार करने के साथ ही जर्जर विद्युत पोल तार को बदलने की मांग पूरी होने तक आमरण अनशन जारी रहेगा। मौके पर पर आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, जिला उपाध्यक्ष विशाल वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, मुखिया जितेंद्र पासवान, रंजीत मेहता, सोनू जायसवाल, राणा पासवान, इरशाद आलम, गणेश शौंडिक, रविंद्र मेहता, रामराज सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पंचायत समिति अनुमोदन के उपरांत ही करें मनरेगा योजनाओं की स्वीकृति : प्रमुख



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड केतार प्रमुख चंद्रावती देवी ने बीडीओ मुकेश मछुआ को पत्र जारी कर कहां है कि जिला पंचायती राज पदाधिकारी गढ़वा के पत्रांक 355 दिनांक 27.05.2023 को पत्र के माध्यम से आपको निर्देशित किया गया था परंतु हमारे केतार प्रखंड में उक्त आदेशों का सरेआम उल्लंघन कर योजना किया जा रहा है। उन्होंने मनरेगा एवं पंचायती राज विभाग में नियमों का पालन नही करने का आरोप लगाया है। उक्त प्रमुख ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतो में मनरेगा योजनाओं की स्वीकृति पंचायतो द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है। जबकि मनरेगा आयुक्त द्वारा पत्रांक 16-029 दिनांक 22.02.2019 के तहत सभी उपायुक्तों को पत्र प्रेषित कर साफ निर्देशित किया गया है कि मनरेगा योजना में पांच लाख तक की मनरेगा योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति ग्राम पंचायत की कार्यकारिणी समिति द्वारा दी जाएगी तथा उक्त सभी योजनाओं को आगामी पंचायत समिति के बैठक में अनुमोदन कराने के पश्चात ही कार्य प्रारंभ की जाएगी। पत्र के आलोक में योजना स्वीकृत नहीं किया गया जिस के संबंध प्रमुख द्वारा बीडीओ को निर्देशित किया गया है कि मनरेगा आयुक्त का पत्र स्मरण करते हुए पंचायत समिति का अनुमोदन के उपरांत ही योजनाओं को स्वीकृति दें। मनरेगा में फर्जीवाड़ा का शिकायत मिल रही है। विभागीय पत्र में साफ निर्देशित है कि पांच लाख तक कि योजनाओं में पंचायत कार्यकारणी की बैठक में प्रशासनिक स्वीकृति कर अनुमोदन करना है। केतार प्रखंड में मनमानी तरीके से नियम के विरूद्ध किया जा रहा है। पंचायत कार्यकारणी की बैठक में प्रशासनिक स्वीकृति के अनुमोदन के पश्चात योजनाओ को चयनित किया जाना चाहिए।

## अस्पताल के भण्डारपाल रेयाज अहमद को ट्रांसफर के बाद दी गयी भाव-भीनी विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडलीय अस्पताल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल के लिपिक सह भण्डारपाल रेयाज अहमद को विदाई दी गयी। रेयाज अहमद का ट्रांसफर गढ़वा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो गया। समारोह के दौरान उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने रेयाज अहमद के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान ईमानदारी से सेवा किया। अस्पताल में इनकी कमी खलेगी। लेकिन ड्यूटी में ट्रांसफर होते रहता है। मैं इनकी उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं। वही रेयाज अहमद ने कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल में सभी कर्मियों का सहयोग मिला जिसके कारण उन्होंने अपने ड्यूटी को ईमानदारी पूर्वक और सफलता से सम्पादन किया। इस दौरान अस्पताल के प्रधान सहायक राजेश कुमार सिन्हा, विपेश राज तमांग, लेखापाल करुणा कुमारी, असफाक अहमद, शैलेश ठाकुर, रविकुमार सिन्हा, तारा गुप्ता, फूलकुमारी तिर्की सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## बीडीओ ने प्रखण्ड के सभी विद्यालय में मतदाता सूची का किया जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** उपायुक्त के निर्देशानुसार सगमा प्रखण्ड में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण 2023 को लेकर बीडीओ सत्यम कुमार के द्वारा भ्रमण कर जांच किया गया। इस क्रम में बिडियो ने प्रखण्ड के सभी विद्यालय में जाकर बीएलओ के द्वारा किए जा रहे मतदाता सूची में अंकित सूची की बारीकी से देखा गया व त्रुटि पूर्ण सूची की सही ढंग से निष्पादित करने की हिदायत दिया। उन्होंने कहा कि फार्म 6, 7, 8 भरने में ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील किया। कहा कि मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के साथ धुंधला पड़ चुके फ़ोटो में साफ फ़ोटो लगाने का निर्देश दिया साथ ही मृत हो चुके लोगो का नाम हटाने जिनका भी नाम दो स्थानों पर चल रहा हो उसे अविलंब हटाना है। भ्रमण के दौरान सगमा, सारदा, कटहर कला, पुतुर, सोनडीहा, बिरबल, मकरी घघरी, दुसैया, चैनपुर सहित प्रखंड के कई विद्यालय में जाकर बीएलओ के साथ पना जांच कर आवश्यक दिशानिर्देश दिया। इस अवसर पर मतदाता सूची पुनरीक्षण में शामिल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रक्त के जरूरतमंद मरीजों के परिजन भी करें रक्तदान : धीरज मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज सदर अस्पताल में भर्ती चैनपुर के थेलेसेमिया पीड़ित बच्चे को ओ निगेटिव रक्त की आवश्यकता की जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा के छोटे भाई सह डी ए वी स्कूल लातेहार के संगीत शिक्षक सूरज मिश्र ने सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में रक्तदान कर बच्चे की जान बचाई । मालूम हो कि खून की कमी से पीड़ित थेलेसेमिया पीड़ित बच्चे को ओ निगेटिव बल्ड चढ़ाने हेतु बल्ड बैंक में बल्ड उपलब्ध नही रहने पर बच्चे को बल्ड उपलब्ध नही हो पाने के कारण पलामू प्रमंडल में रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा के छोटे भाई सूरज मिश्र से शिक्षक श्याम पांडे द्वारा संपर्क कर रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। लातेहार स्कूल से तत्काल डाल्टनगंज आकर सूरज ने ओ निगेटिव रक्तदान कर बच्चे को रक्त उपलब्ध कराकर जान बचाई । सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्रा ने रक्तदान महादान के प्रति संगीत शिक्षक राम श्याम बंधु द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है । रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए अगर अन्य लोग भी बढ़ चढ़कर सहयोग करते रहेंगे तो फिर रक्त के जरूरतमंद मरीजों को रक्त की परेशानी नहीं होगी। धीरज मिश्रा ने अपने छोटे भाई रक्तदाता सूरज मिश्र का हौसला अफजाई एवं आभार प्रकट करते हुए कहा कि ओ निगेटिव, ए निगेटिव, बी निगेटिव, एबी निगेटिव रक्त जो रेयर ग्रुप होता है। अक्सर

## ब्रजेश चौबे बने अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अधिवक्ता संघ के चुनाव में ब्रजेश कुमार चौबे अध्यक्ष व उदय प्रताप सिंह सचिव निर्वाचित हुए है। शनिवार को कोर्ट परिसर में मतगणना के दौरान अध्यक्ष पद के उम्मीदवार ब्रजेश कुमार चौबे ने अपने निकटतम प्रतिनिधि हंसेश्वर पांडेय को 6 मतों से हराकर लगातार दूसरी बार अध्यक्ष के कुर्सी पर काबिज हुए। ब्रजेश चौबे को 22 वही हंसेश्वर पांडेय को 16 और राजेंद्र यादव को 2 मत प्राप्त हुए। सह सचिव के पद पर वेदप्रकाश तिवारी और नीरज कुमार सिंह ने बराबर 20-20 मत प्राप्त किया। बाद में लॉटरी के माध्यम से वेदप्रकाश को विजयी घोषित किया गया।

# रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में डीएवी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रविवार को शानदार प्रदर्शन किया। ये प्रतियोगिताएं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भारतीय रेलवे द्वारा आयोजित की गई थी। विद्यालय की एकादश की छात्रा अदिति ने भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। भाषण प्रतियोगिता में निशा लाठ प्रथम, तृषा शाहदेव द्वितीय एवं स्वाति रानी तृतीय स्थान पर रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में समर तिवारी प्रथम, अर्पित अनुराग द्वितीय तथा आदित्य कुमार तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। चित्रांकन प्रतियोगिता में किसलय सिंह प्रथम,कौस्तुभ कुमार दूबे द्वितीय तथा आर्या सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इन सभी छात्रों को डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर आयोजित अमृत महोत्सव कार्यक्रम में पलामू सांसद श्री विष्णु दयाल राम ने अपने कर- कमलों द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.एन.खान ने कहा कि इस विद्यालय के छात्र पठन-पाठन के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर विद्यालय का मान बढ़ाते है ।आज के छात्र सामाजिक सरोकार से भी सहकार रखते और देश समाज की प्रगति की समझ रखते हैं। उन्होंने सभी छात्रों, उनके माता-पिता एवं शिक्षकों को भी बधाई एवं शुभकामना प्रदान की। छात्रों के साथ विद्यालय के शिक्षकों श्रीमती नंदिनी सहाय, श्रीमती प्रियंवदा, सुश्री अनुश्री, श्री त्रिदीब मंडल, श्री प्रदीप बोराल, श्री अनंत पाठक एवं श्री कन्हैया राय उपस्थित थे।

## भड़गांवा से डाटम तक सड़क जर्जर दर्जनों गांव के हजारों लोग प्रभावित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड के भड़गांवा पंचायत से आदर डाटम गांव तक करीब 10 किलोमीटर लंबी सड़क की हालात बदतर हो गई है। 18 वर्ष पूर्व करीब पांच किलोमीटर सड़क का पक्कीकरण कराया गया था। लेकिन वह भी आज पूरी तरह जर्जर हो चुकी है यह इलाका आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। सड़क खराब होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है वहीं इलाके की आदिवासी बच्चियां उच्च शिक्षा पाने से वर्जित हो रही है। बरसात के दिनों में तो इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। गांव के महेंद्र परहिया ने बताया कि इस सड़क से दर्जनों गांव के लोग आवागमन करते हैं। सड़क की स्थिति काफी खराब हो चुकी है कच्ची सड़क होने के कारण आवागमन में काफी दिक्कत होती है। गांव में किसी के बीमार होने पर उसे साइकिल या चारपाई के सहारे धोकर अस्पताल ले जाना पड़ता है।

झारखंड के दिब्यांगों में आशा की नई किरण जागृत करेगा यह मेघा शिविर : अशोक गुप्ता

# रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज, महिला मंडल व नारायण सेवा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से शिविर आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, महिला मंडल व उदयपुर नारायण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शल्य चिकित्सार्थ जांच -चयन व लिम्ब माप शिविर आयोजित किया गया.आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित इस शिविर में कुल 351 दिव्यांगों का मेजरमेंट लिया गया.शिविर का उद्घाटन ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख अशोक गुप्ता,महिला मंडल अध्यक्षा मंजू गुप्ता,एचआर हेड अजीत तिवारी व नारायण सेवा संस्थान के जनसंपर्क प्रमुख भगवान प्रसाद गौड़ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया.उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता महिला मंडल अध्यक्षा मंजू गुप्ता व संचालन डॉ सुतापा बोस ने किया.संस्थान प्रमुख अशोक गुप्ता ने कहा कि आदित्य बिरला ग्रुप की चेयरपर्सन राजश्री बिरला की प्रेरणा से आयोजित यह शिविर झारखंड के दिब्यांगों मे आशा की एक नई किरण जागृत करेगा.हमारा प्रयास है कि दिब्यांगो के चेहरों पर मुस्कान स्थापित कर सकें.उन्होंने कहा कि ग्रस्मिम के अलावा महिला मंडल और नारायण सेवा संस्थान के कर्मठ टीम द्वारा समाज कल्याण व दिव्यांगों की सेवा का यह पुनीत कार्य संभव और सफल हो पाया.हम भविष्य में भी झारखंड के दिव्यांगों को हर संभव मदद पहुंचाने का प्रयास करते रहेंगे.मंजू गुप्ता ने शिविर आयोजन में सहयोग हेतु नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक कैलाश मानव और अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल के प्रति विशेष आभार प्रकट किया. एचआर हेड अजीत तिवारी ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है.इसलिए हम मानव सेवा के अपने संकल्प पर खरा उतरने का प्रयास करते रहेंगे.इससे पहले नारायण सेवा संस्थान के प्रवक्ता एवं जनसंपर्क प्रमुख भगवान प्रसाद गौड़, शिविर प्रभारी लाल सिंह भाटी ने अशोक गुप्ता,मंजू गुप्ता, त्रिवेणी देवी गुप्ता,अजीत तिवारी,फाइनेंस हेड शिवम पाठक, तकनीकी हेड हरदीप कोहली, पावरप्लांट हेड दीपक शर्मा, सीएसआर के अनिल गिरी व प्राचार्य संजय खन्ना का मेवाड़ी पगड़ी पहनाते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया.शिविर में कुल 351 दिव्यांग आए.जिसमें 45 को शल्य चिकित्सा के लिए वहीं दुर्घटना के शिकार हुए अंग विहीन 250 दिव्यांगों का कृत्रिम अंग के लिए व 30 दिब्यांगों का केलीपर्स के लिए माप लिया गया.शल्य चिकित्सा के लिए चिंहित रोगियों को राजस्थान उदयपुर भिजवाकर निःशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा.इसके अलावा मेजरमेंट हुए कृत्रिम अंग व कैलिपर्स के रोगियों को आने वाले दो माह के अंदर शिविर लगाकर मॉड्यूलर लिंब संस्थान के अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा लगाया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद जरुरतमंद सदस्यों ने प्राप्त किया

रांची। सावन मे अधिक मास पुरुषोत्तम मास एव कृष्ण पक्ष की पंचमी के दिन रविवार को 101 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद 1400 से अधिक जरुरतमंद परिवार के सदस्यों ने प्राप्त किया।पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से एमआरएसकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवम स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा राँची के सयुंक्त तत्वाधान समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 100 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,पुर्णमल सर्राफ,शिव भगवान अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, सरीता अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

### झारखंड आदिवासी महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी युद्धस्तर पर

रांचीः झारखंड आदिवासी महोत्सव की तैयारी युद्धस्तर पर की जा रही है। इस महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए रांची जिला प्रशासन और आदिवासी कल्याण विभाग जी-जान से जुटे हैं। नौ एवं दस अगस्त को झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन होगा। झारखंडी खान पान, परिधान फैशन शो, आदिवासी व्यंजन के स्टॉल एवं विविध जनजातीय सांस्कृतिक संध्या की छटा बिखेरती नजर आयेगी। इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए दिन रात तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# झारखंड आदिवासी दिवस समारोह में 30 सामाजिक संगठन होंगे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड आदिवासी दिवस समारोह में 30 सामाजिक संगठन शामिल होंगे। इसके मद्देनजर रविवार को विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर बैठक बुलाई गई। बैठक में विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियों को लेकर कई निर्णय लिए गए। विश्व आदिवासी दिवस समारोह में 30 सामाजिक संगठन संयुक्त रूप शामिल होंगे।

बैठक में समिति की अध्यक्ष निरंजना हेरेंज टोप्पो ने कहा कि देश के कई राज्य में आदिवासियों के ऊपर हो रहे हमले, हत्या, दुष्कर्म सहित अन्य घटनाओं पर कहा कि राजनीतिक षड्यंत्र और कॉरपोरेट घरानों के कारण प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन करने वाले आदिवासी जनजाति समाज विलुप्तता के कगार पर पहुंच रहे हैं। पाहन महासंघ झारखंड प्रदेश, जय आदिवासी केंद्रीय परिषद, अखिल भारतीय एसटीएससी परिसंघ, राष्ट्रीय आदिवासी इंडीजिनस धर्म समन्वय समिति, भारत सरना समिति नगडा टोली, सिंहभूम हो आदिवासी समाज, प्राकृतिक धर्म सेवा केंद्र रांची, आदिवासी विकास सरना प्रार्थना सभा अनगड़ा, आदिवासी सरना सतड सहयोग समिति रांची, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, राजस्थान आदिवासी मीणा समाज झारखंड, सरना प्रार्थना सभा महुआ टोली होटवार, नेम्हा बेली फाउंडेशन, ग्रामसभा बड़ा घाघरा रांची, झारखंड प्रदेश आदिवासी गोंड महासभा, राजी पड़हा रांची, आदिवासी सरना समिति जगन्नाथपुर रांची, ट्रायबल एडवोकेट एसोसिएशन, केंद्रीय सरना प्रार्थना समिति, आदिवासी धर्म सेवा केंद्र, आदिवासी भूमिज समाज रांची, आदिवासी सरना ग्राम सभा बड़गाई, सरना प्रार्थना सभा बूटी, आदिवासी सरना प्रार्थना सभा किशनपुर सहित 32 संगठन एक साथ शामिल होकर हुंकार भरेंगे।

महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा तीर धनुष, कुल्हाड़ी टांगा, हंसुआ ,लाठी ,डंडा ,गुलेल, बलवा, फरसा, नगाड़ा, ढोल, वाद्य यंत्र के साथ रांची महानगर के मुख्य सड़क पर प्रदर्शन करेंगी। परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक पर झारखंड प्रदेश सहित देश के आदिवासी वीरांगना योद्धा स्वतंत्र सेनानी महापुरुषों योद्धाओं कट आउट चित्र लगाकर आदिवासी दिवस पर विशेष श्रद्धांजलि पाहन धार्मिक अगवा द्वारा दिया जाएगा। सरना झंडा, आदिवासी झंडा ,मुंडा झंडा , पडहा झंड से विश्व आदिवासी दिवस में इंद्रधनुषी माहौल दिखेगा।

# रांची प्रेस क्लब में हुआ इमा कराटे केंद्र का उद्घाटन

## खिलाड़ियों को आगे बढ़ाना प्रेस क्लब का मुख्य उद्देश्य : संजय मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी इमा एवं द रांची प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में इमा कराटे केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्रा, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष पिंटू दुबे एवं कार्यकारिणी सदस्य परवेज कुरेशी सहित इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहिनी रितिका टोप्पो एवं नन्हे कराटे खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन से पूर्व कराटे खिलाड़ियों ने आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया। आदित्य ने काता का प्रदर्शन किया, वहीं 6 वर्षीय एरिक ने 3 खिलाड़ियों को फाइट में धूल चटा कर लोगों की वाहवाही लूटी। कुमारी मीनाक्षी ने बसाई दाई काता का प्रदर्शन किया। ब्लैक बेल्ट खिलाड़ी राकेश तिर्की ने ब्लैक बेल्ट खाता का प्रदर्शन किया।

वहीं आरती टोप्पो ने विभिन्न प्रकार से आत्मरक्षा के तकनीकों का प्रदर्शन कर लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया।मुख्य अतिथि संजय मिश्र ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेस क्लब का मुख्य उद्देश्यों में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाना भी है, ताकि खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश एवं राज्य का नाम रोशन कर सके।।मिश्र ने मौके पर इमा के तकनीकी निदेशक सिहान सुनील किस्पोट्टा को शॉल ओढ़कर सम्मानित भी किया। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक सिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि इमा राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए प्रयासरत है कई खिलाड़ियों को 2023 में भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी उद्देश्य से प्रेस क्लब में इमा कराटे केंद्र का उद्घाटन किया गया है, इस केंद्र में रविवार को सुबह 8-30 बजे से एवं सोमवार और मंगलवार को शाम 4-30 बजे से प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहाँ नियमित प्रशिक्षण 20 अगस्त से शुरू होगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पहले आने वाले 20 लोगों का निःशुल्क नामांकन लिया जाएगा। इसकी अधिक जानकारी 9835165518 पर ली जा सकती है। इस कार्यक्रम में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष सेंसाइ अनिल किस्पोट्टा, इंद्रजीत कुमार घोष, प्रकृत कुमार सिंह, रवि कुमार सिंह, स्वस्तिका तरफदार, देवंती कुमारी, अमरेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# राज्य में सरकार प्रायोजित और पोषित क्रैकडाउन की तैयारी : बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में बड़े पैमाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और समाज के बुद्धिजीवियों पर कार्रवाई की तैयारी चल रही है। उन्होंने रविवार को ट्विट कर कहा कि राज्य में सरकार प्रायोजित और पोषित क्रैकडाउन की तैयारी चल रही है, जो इस सरकार के खिलाफ बोलेगा या लिखेगा उसपर पुलिस की मदद से सरकार से सरकार जुल्म करेगी। उन्हें जेल भेजेगी। बाबूलाल ने दावा किया कि कुछ महा भ्रष्ट सरकारी मुलाजिमों को यह गलत काम करने की सुपारी दी जा रही है। ऐसे में झारखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं और मीडियाकर्मियों को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ये लोग फर्जी मुकदमा करवाने में माहिर हैं।

परिवारवाद, लूट और तानाशाही मानसिकता में सरकार आकंठ डूबी हुई है। इस सरकार को अगर लगता है कि आम जनता को जेल में डालकर और उन्हें पुलिस से प्रताड़ित कर सच को दबा देंगे तो ये उनकी भूल है।

# अल्पसंख्यक अध्यक्ष से मिले अनवार अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दी छोटानागपुर हैंडलूम एंड खादी विकर्स कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड के चेयरमैन सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी ने आज राज्यसभा सांसद व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। साथ ही झारखंड के स्थिति और सामाजिक व सियासी हालात से अवगत कराया और कहा के झारखंड में अल्पसंख्यकों के बेहतरी के लिए बोर्ड निगम का गठन अब तक नहीं होना चिंतनीय है। हम दुआ करते हैं कि अल्लाह आपको हमेशा सेहतमंद रखे और आप कमज़ोर वर्गों व बुनकरों की आवाज़ सदन से लेकर सड़क तक उठाते रहे।

# मतदाता सूची से हटाए जाएंगे मृत मतदाताओं के नाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची में मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा इस संबंध में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रांची, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राहे एवं इंटकी को निर्देश दिया है। योजना एवं विकास विभाग ने 18.07.2023 से 18.08.2023 तक जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने इस अभियान के तहत संबंधित रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) से समन्वय स्थापित करते हुए मृत मतदाताओं का नाम नियमानुसार मतदाता सूची से विलोपित करने को कहा है। आगामी मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 तथा लोकसभा एवं विधानसभा आम निर्वाचन- 2024 को लेकर 01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित 01.06.2023 से पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जो 16.10.2023 तक चलेगा।

# डॉ. मुजफ्फर हुसैन द्वारा रचित दो पुस्तकों का हुआ लोकार्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** युवा पत्रकार सह शिक्षक डॉक्टर मुजफ्फर हुसैन द्वारा रचित दो शोध परक पुस्तक का लोकार्पण रविवार को द रांची प्रेस क्लब के सभागार में किया गया। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार शंभूनाथ चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार उदय चौहान , महिला आयोग की पूर्व सदस्य शबनम ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया।इस अवसर पर लेखक डॉ मुजफ्फर हुसैन सहित प्रभात मंत्र के जीएम शारिब खान, साबिर हुसैन, एसएम भारती , मो नौशाद खान,अकील उर रहमान, महफूज आलम, मो इस्लाम, राफिया नाज, आदिल रशीद, परवेज कुरेशी ,अक्षय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंच संचालन कोरोलेंस मिंज ने किया। इस मौके पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि पुस्तक लेखन कार्य कर डॉक्टर मुजफ्फर हुसैन ने अपनी विशेष पहचान बनाई है और युवा इतिहासकार के रूप में स्थापित हुए हैं। इस क्रम में कुल छह पुस्तक लिखना सामान्य बात नहीं है। मुस्लिम समाज के साथ-साथ झारखंड वासियों के लिए यह गौरव की बात है। वरिष्ठ पत्रकार शंभूनाथ चौधरी ने कहा कि मुजफ्फर हुसैन ने विश्वासनीय और उल्लेखनीय कार्य किया है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। वरिष्ठ पत्रकार उदय चौहान ने कहा कि किताब लिखना अपने आप में परिश्रम करना जैसा है। बहुत कुछ सहना पड़ता है। समय निकालना पड़ता है। शोध करना पड़ता है। प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य परवेज कुरेशी ने डॉक्टर मुजफ्फर हुसैन का और प्रकाशित दोनों पुस्तकों का परिचय करवाया।

# मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत स्कॉलरशिप परीक्षा 18 को




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत मिलने वाले स्कॉलरशिप चयन परीक्षा 18 अगस्त को होगी। यह परीक्षा जैक की ओर से ली जाएगी। इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। इस परीक्षा के आधार पर राज्यभर में 5000 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। सभी जिलों के विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिले, इस उद्देश्य से शिक्षा विभाग ने प्रत्येक जिले से चार-चार सौ विद्यार्थियों को चयनित करने का प्रावधान किया है। स्कॉलरशिप के लिए एक परीक्षा आयोजित की जाएगी, जो 90-90 मिनट की होगी और इसमें दो खंड में प्रश्न पूछे जाएंगे, खंड एक में 90 प्रश्न होंगे, जिसमें रिजनिंग इंग्लिश और प्रोफिशिएंसी से संबंधित प्रश्न होंगे। खंड-2 में एप्टिट्यूड टेस्ट होगा। इस परीक्षा में बच्चों को 60 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य किया गया है। हालांकि, एससी एसटी छात्रों को सरकार ने राहत देते हुए 40 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य किया है। इस योजना के तहत 9वीं से 12वीं तक के चयनित बच्चों को साल में 12,000 रुपये मिलेंगे। विडंबना यह है कि शिक्षा विभाग के द्वारा शुरू की गई इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम का लाभ लेने में झारखंड के बच्चे उदासीन हैं। शिक्षा विभाग ने इस साल के चयन परीक्षा में राज्यभर के सरकारी स्कूलों के एक लाख बच्चों को शामिल कराने के लिए रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य रखा था लेकिन जैक के द्वारा तीन-तीन बार आवेदन भरने की तारीख बढ़ाए जाने के बावजूद भी लक्ष्य के अनुरूप रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका।

# अटल स्मृति वेंडर मार्केट में गौरी कलेक्शन शॉप का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गौरी कलेक्शन शॉप का शुभारंभ अटल स्मृति वेंडर मार्केट कचहरी रोड में हुआ। वरिष्ट पत्रकार हरिनारायण सिंह के द्वारा रिबन काटकर शॉप की शुरुआत हुई। इस शॉप के ऑनर ने कहा कि इस मार्किट साड़ियों की दुकान कहीं नहीं है। इसी को देखते हुए इस मार्केट में साड़ियों की विशाल रेंज को लेकर आए हैं। इस शॉप में साड़ी, सूट, सलवार महिलाओं के विभिन्न तरह के पोशाक उचित मूल्य पर उपलब्ध है। यहां पर कपड़ों की विशाल रेंज मौजूद है। वेंडर मार्केट में एकमात्र गौरी कलेक्शन ही ऐसा दुकान है जहां साड़ियों की विशाल रेंज मौजूद है। इस मौके पर आजाद सिपाही के हरि नारायण सिंह, राकेश सिंह, राजेश कुमार, रवि ठाकुर, गौरी देवी, सुनील सिंह, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, कम्युनिस्ट पार्टी के अजय सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# द योगा श्राइन फिटनेस स्टूडियो में फ्रेंडशिप डे मनाया गया

**रांची** : द योगा श्राइन फिटनेस स्टूडियो भारती भवन, किलबर्न कॉलोनी, हिनू रांची, में फ्रेंडशिप दिवस मनाया गया ।फ्रेंडशिप दिवस पर वहां के स्टूडेंट ने कहा कि दोस्ती जीवन का एक संगम है। दोस्त ऐसा होता है जिसमें हम अपनी बातों को बिना भय शेयर करते हैं । योगा करने के दौरान यहां कई ऐसे दोस्त बने जिनमें ना उम्र की बाधा रही। संस्थान की संचालिका वंदना त्रिवेदी ने कहा कि यहां योगा, एरोबिक्स, जुंबा और डांस सिखाया और कराया जाता है। यहां के स्टूडेंट को बीमारी के अनुसार भी योग कराया जाता है ।

# रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : दीपक प्रकाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड सहित देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में उपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कहा कि सरकार का उद्देश्य रेलवे स्टेशन को स्मार्ट बनाकर शहर को विकास के पथ पर आगे लाना है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। रिडेवलपमेंट के बाद ये रेलवे स्टेशन वर्ल्ड क्लास स्टेशंस की तरह दिखेंगे। रेलवे स्टेशनों को रिडेवलप करने के पीछे सरकार का उद्देश्य शहरों को विकास के पथ पर आगे ले जाना है। इसलिए इन रेलवे स्टेशन को सिटी सेंटर्स के रूप में रिडेवलप किया जाएगा। श्री प्रकाश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई एवम साधुवाद देते हुए कहा कि राज्य की जनता ने एक सपना देखा था।उसे धरातल में उतारने का काम नरेंद्र मोदी जी कर रहे है इसलिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड़ खनिज संपदा वाला राज्य है,2014 से पहले कभी भी रेलवे यात्रियों की सुविधा पर ध्यान नही दिया जाता था। सिर्फ खनिज की ढुलाई पर ध्यान में रखकर रेलवे पर खर्च की जाती थी। लेकिन आज मोदी सरकार में रेलवे के आम यात्रियों की सुविधा का ख्याल जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से रेलवे की बजट में चार गुना की वृद्धि की गई है। इसे 65 हजार करोड़ से बढ़कर 2 लाख 40 हजार करोड़ किया गया है। यह नया विकसित,समर्थ,आत्मनिर्भर और शक्तिशाली भारत बनाने की दिशा में उठाया गया एक कदम है।

# दुनिया का सबसे बड़ा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर वाला अस्पताल अब रांची में




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अहमदाबाद, सूरत , जयपुर , लखनऊ, इंदौर ,जबलपुर , ग्वालियर, उदयपुर सहित अब रांची रेलवे स्टेशन और ओवरब्रिज के बस डिपो के नजदीक सिरम टोली स्थित दुनिया का सबसे बड़ा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर के रूप में चर्चित शैल्बी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का सेल्फी डिवाइन सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के साझेदारी में 15 वां अस्पताल रांची में शुभारंभ किया गया है। अस्पताल का उद्घाटन शैल्बी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सीएमडी डॉ विक्रम शाह ने किया। शैल्बी पश्चिमी और मध्य भारत के अस्पतालों की सबसे बड़ी श्रृंखला में एक है और पूर्वी भारत में यह इसका पहला अस्पताल है। रांची के इस अस्पताल की क्षमता 70 बेड़ों की है।

**मुख्य रूप से इलाज** : रुमेटोलॉजी , ऑर्थोपेडिक्स ,ज्वाइंट रिप्लेसमेंट , हेमेटोलॉजी, किडनी रोग, यूरोलॉजी ,न्यूरोलॉजी ,क्रिटिकल केयर, कार्डियोलॉजी आदि सहित करीब 15 से अधिक स्पेशलिटी के उपचार एवं आधुनिक सुविधाओं के साथ व्यवस्थित की गई है।

**ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉक्टर विक्रम शाह ने बताया:** शैल्बी लिमिटेड के सीएमडी और विश्व प्रसिद्ध ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉक्टर विक्रम शाह ने बताया कि वर्तमान में छोटे शहरों में बड़ी संख्या में लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए काफी दूरी तय करके बड़े शहरों में जाना पड़ता है। इस सोच के साथ अस्पतालों की स्थापना के माध्यम से हमारा उद्देश उन्नत स्वास्थ्य देखभाल और रोगी देखभाल के बीच अंतर को कम करना है। जो हमेशा हमारी ताकत रही है तीन-चार वर्षों से पूरे भारत में कई और मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल स्थापित करने की योजना बनाई गई है । इसमें अधिकांश छोटे शहरों में स्थापित किए जाएंगे । ताकि सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुलभ हो सके । आगे बताया कि अस्पताल में सुपर स्पेशलिस्ट और कंसलटेंट की टीम है जो उत्कृष्ट चिकित्सा देखभाल सुरक्षित वातावरण भी प्रदान करता है। अपने तीन मॉड्यूलर क्लास एक सौ ऑपरेशन थिएटों के माध्यम से संक्रमण को जोखिम को नियंत्रित करता है। सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा देवनीश खेस ने कहा कि शैल्बी हॉस्पिटल के साथ जुड़कर बहुत खुश हैं ।

# दो दिवसीय विश्व आदिवासी महोत्सव को लेकर उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दो दिवसीय विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त से शुरू हो रहा है , जो 9-10 अगस्त 2 दिनों तक पुराना जेल चौक स्थित जेल परिसर में होगा। इसकी तैयारी भव्य रुप से की जा रही है। मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि होंगे और रांची वासियों में विश्व आदिवासी दिवस को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता जीतेंद्र गुप्ता ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस पिछले साल मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया गया था। इस बार भी भव्य तरीके से शुरू हो रहा है और यह सफल रहेगा। सीपीआई के नेता अजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदिवासियों के लिए काफी अच्छा काम कर रहे हैं। सुशांतो मुखर्जी, भुवनेश्वर केवट, अकबर कुरेशी, अजीत नायक सहित कई लोग शामिल थे।

# नशा और जुए की गिरफ्त में जा रहे हैं खलारी के युवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी के युवा से लेकर किशोर तक नशा और जुए की गिरफ्त में आते जा रहे हैं. घरेलु इस्तेमाल की कई चीजें व्हाइटनर, डेंडराइट आदि को पहले से ही किशोर, युवा नशा के रूप में इस्तेमाल कर थे. कई किशोर तो नशा के लिए पेंट तक सूंघते देखे गए हैं. इसके बाद गांजा आसानी से उपलब्ध होने लगा. सूत्रों से जो जानकारी मिल रही है उसके अनुसार खलारी में ब्राउन सूगर भी पहुंचाया जाने लगा है. बताया जा रहा है कि लोहरदगा से कुछ युवा मोटरसाइकिल से ब्राउन सूगर लाकर खलारी इलाके के कई जगहों पर उपलब्ध करा रहे हैं. नशा के रूप में जहर बेचने वाले ये लोग धमधमिया,



डकरा, खलारी बाजारटांड़, खलारी शहीद चौक, एसीसी कालोनी के बीच माली बागान आदि इलाके में अपने एजेंट को ब्राउन सूगर पहुंचा कर चले जाते हैं. इसके बाद विश्वसनीय ग्राहकों के माध्यम से नए नए ग्राहक को लत लगाया जा रहा है.प्रखंड के कई सजग नागरिकों को इसकी सूचना मिली है. नशा के सौदागरों को चिन्हित कर कानून के शिकंजे में कसने का प्रयास जारी है.

**महावीरनगर से होती है गांजा की खुदरा व थोक बिक्री :** बताया जाता है कि खलारी थाना के 500 मीटर परिधि में महावीरनगर में ही गांजा खुदरा और थोक बेचा जाता है. खलारी प्रखंड क्षेत्र में तो ग्राहक हैं ही, बचरा तक से लोग आकर गांजा की थोक खरीदारी कर ले जाते हैं. गांजा का खुदरा भाव 50 रूपया में एक छोटी प्लास्टिक की पुड़िया है. जानकारी मिली है कि बुड़मू व ठाकुरगांव इलाके से खलारी में गांजा पहुंचाया जाता है. गांजा की खुदरा विक्रेता प्रखंड क्षेत्र के कई पान गुमटी और छोटे होटल भी हैं. कम उम्र के अच्छे अच्छे घरों के युवा को गांजा की लत लग गई है. पूर्व में पुलिस गांजा को लेकर छापेमारी भी की थी, परंतु कुछ हासिल नहीं हो सका. अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है.

**शाम ढलते ही पीएचसी खलारी के पीछे सजता है जुआ :** ऐसे तो खलारी में कई जगहों पर छोटे पैमाने पर युवा जुआ खेला करते हैं. परंतु खलारी पीएचसी के पीछे चूना पत्थर खदान जलाशय के घाट पर लगभग प्रतिदिन शाम ढलते ही जुआ सजने लगता है. अंधेरा शुरू होने से लेकर रात करीब दस बजे तक प्रतिदिन युवा जुआ खेलते हैं. जुआ का खेल मोमबत्ती जलाकर तो कभी मोबाइल का टार्च जलाकर होता है. जुआड़ियों को ताश, मोमबत्ती आदि उपलब्ध कराने वाले स्थानीय लोगों को भी सौ-पचास बख्शीश मिल जाता है. पूर्व में आसपास के युवा ही जुआ खेला करते थे. परंतु अब यह अड्डा बड़े जुएड़ियों की में है. बताया जा रहा है कि खलारी के दूसरे हिस्सों से भी अब जुआड़ी इस अड्डे पर आने लगे हैं.

**नशाखोरी के खिलाफ होगी कार्रवाई :** खलारी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर फरीद आलम ने कहा कि नशाखोरी के खिलाफ कार्रवाई किया जायेगा. कहा कि जो भी इस धंधे में संलिप्त है ऐसे लोगों के बक्सा नही जाएगा.

## मणिपुर की घटना को लेकर जेवीएम के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप ने की कड़ी निंदा

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जेवीएम के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहा कि मणिपुर की घटना को लेकर जितनी भी निंदा की जाए वह कम है कोई भी चुनी हुई सरकार और धर्मनिरपेक्ष राज्य में जो सरकार है उस सरकार का अपना भी दायित्व है कि जाति द्वेष लिंगभेद से ऊपर हटकर सरकार चलाएं मणिपुर की घटनाएं जो आए दिन हो रही है करीब करीब दो ढाई महीना से जो घटनाएं चल रही है वह निंदनीय है और मानवता को शर्मसार करने वाला है राज्य सरकार मूकदर्शक बनी हुई है प्रशासन मूकदर्शक है प्रशासन के पुलिसकर्मीयो से हथियार लूट लिया जा रहा है और इससे घटना को अंजाम दिया जा रहा है। हम अपनी ओर से केंद्र सरकार से अनुरोध करते हैं कि मणिपुर की घटना पर राजनीति छोड़कर मानवता के नाते शांति बहाल करने का प्रयास किया जाए जिससे समाज और लोगों के बीच में समन्वय स्थापित होगा विश्वास और आपसी भाईचारा बढ़ेगी लेकिन सरकार ही नतमस्तक है असामाजिक तत्वों के सामने। तो लोग कहां जाएंगे इसीलिए केंद्र सरकार को ज़िद छोड़नी चाहिए। सबसे पहल करनी चाहिए मानवता के नाते और उसके बाद जो समस्या है उसका निराकरण किया जाए अगर दूसरे परदेस में ऐसी घटनाएं होती तो कब का राष्टपति शासन लागू हो गया होता लेकिन दुर्भाग्य है कि ना केंद्र सरकार और ना राज्य सरकार ही पहल कर रही है जबकि कोई भी सरकार हो उसे राज धर्म की पालन करनी चाहिए ना की राजनीति करनी चाहिए। हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता हिंसा से सिर्फ और सिर्फ नफरत ही फैलती है। इसीलिए मैं अपनी ओर से केंद्र सरकार और मणिपुर सरकार से आग्रह है कि राज्य में शांति स्थापित या शांति बहाल करने का कृपा करें जब शांति रहेगी तभी विकास संभव है।

## मुरी पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी ओपी थाना अंतर्गत रविवार के दिन मुरी पुलिस के द्वारा मस्जिद मोहल्ला खटाल के बगल में जाहिद हुसैन पिता सिकंदर हुसैन के स्थायी आवास पर न्यायालय में हाजिर होने हेतु इश्तेहार चिपकाया गया। मौके पर पुलिस द्वारा बताया गया कि जाहिद हुसैन काफी दिनों से न्यायालय ना जाकर फरार चल रहे हैं। इस मौके पर मुरी ओ पी के सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन, आरक्षी अर्जुन उरांव, निर्मल बेदिया समेत आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।

## अभाविप ने हेमंत सोरेन का पुतला फूंका

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची ग्रामीण के अंतर्गत 6 अगस्त 2023 दिन रविवार को सदस्यता कार्यशाला के निमित्त एक विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें पूरे रांची ग्रामीण के प्रमुख कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए जिसके बाद हेमंत सरकार द्वारा सदन में पारित नकल विधयक जोकि पूर्ण रूप से छात्र विरोधी विधेयक है जिसके अंतर्गत जो भी छात्र प्रतियोगिता परीक्षा का विरोध करता है या उसके ऊपर नकल करने का आरोप लगते हैं तो उसे उसके ऊपर एफआईआर के माध्यम से उसे प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया जाएगा इस तरह से कानून में अन्य नियम बनाए गए हैं जो पूर्ण रूप से छात्र विरोधी है इसको लेकर अभाविप ने हेमंत सरकार का पुतला फूंका एवं इस कानून को वापस लेने की मांग की। तिवारी ने कहा कि हेमंत सोरेन की नियुक्ति और नियत बिल्कुल छात्र विरोधी है उनका निया छात्रों को रोजगार एवं नौकरी देना नहीं है इसके लिए वह तरह-तरह के पैंतरें अपना रहे हैं मौके पर मुख्य रुप से रांची विभाग संयोजक प्रेम प्रतीक जी विभाग सह सयोजक आकाश रक्षित जी जिला संयोजक उत्कर्ष तिवारी जी सोनम कुमारी रोहन सेठ दिवाकर महतो ,रोहन कुमार ,गौतम कुमार लक्ष्मण कुमार, अर्जुन कुमार अनूप ,श्रवन नितेश संकेत पाठक राहुल कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## आजसू नामकुम प्रखण्ड छात्र संघ का विस्तार



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी खिजरी विधानसभा स्तरीय लाली रेसीडेंसी टाटीसिलवे में नामकुम प्रखंड छात्र संघ का विस्तार किया गया ।जिसकी अध्यक्षता आजसू पार्टी खिजरी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने किया । मौके पर आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा आजसू पार्टी छात्र संगठन हमारी झारखंड की राजनीति का दिशा और दशा बदल सकता है हेमंत सोरेन सरकार से नाराज़ छात्र छात्राएं 2024 की राजनीतिक परिवेश को बदल सकता है इसके लिए युवा पीढ़ी तैयार रहे इसी बीच नामकुम प्रखंड छात्र संघ अध्यक्ष–आदित्य कु सिंह,सचिव–आशिष कु साहू,कोषाध्यक्ष–अमन सिंह,मीडिया प्रभारी–अमित महली, मौके पर आजसू पार्टी राँची जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा,झारखंड आंदोलनकरी जलनाथ चौधरी,पूर्व जिला परिषद फूलकुमारी देवी,अजीत महतो,विशाल कु राणा,अमन सिंह,रवि कुमार, राज मोहन,कमलेश कुमार,अजय कुमार, हर्ष कुमार,संदीप कुमार,संदीप सिंह,मोहित कुमार लोग मौजूद थे।

## पेड़ पौधे भी हैं हमारे सच्चे मित्र : सकलदीप भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर द्वारा फेंडिशप डे का स्वागत हर वर्ष की तरह फलदार एवं औषधीय वृक्ष को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण संरक्षण के उदेश्य से पौधरोपण किया गया। संस्थान के छात्र छात्राओं ने कोचिंग सेंटर की इस अनूठी परंपरा को टूटने नहीं दिया और सभी ने पौधे लगाकर फेंडशिप डे मनाया। संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि, पौधों के संग दोस्ती उस संवदेना को दर्शाती है जहां से जीवन की शुरुआत होती है। बिना ऑक्सीजन के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है और आक्सीजन हमें पौधों से ही मिल सकता है। संस्थान के लिए तो यह




पवित्र मांगलिक समारोह की तरह है। संस्थान की ओर से समाज को पेड़-पौधों से लगाव व आत्मीय रिश्ते बनाने की अपील की जा रही है। खासकर युवाओं में प्रकृति के संग प्रेम करने की संवेदना पैदा करने की कोशिश भी संस्थान की ओर से की जा रही है। संस्थान की ओर से सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए यह आह्वान किया गया कि समाज के हरेक लोग यह संकल्प लें कि वे अपने बेटे-बेटी के जन्मदिन पर केक बजाए पौधे का तोहफा दें और उनके नाम पर पौधरोपण करें। भारत जैसे प्रकृति पूजक देश में पर्यावरण पर गंभीर संकट खड़े हैं और इससे निपटने में पौधारोपण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जाहिर है इसका समाधान प्रदूषण कम करने के साथ ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पेड़ लगाने में है। उन्होंने अंत में छात्र छात्राओं को अपने संबोधन में कहा कि अमूमन सरकारें या स्वयंसेवी संस्थाएं जोरशोर से बड़े पैमाने पर पौधारोपण तो करती हैं, लेकिन सब कुछ उनके जिम्मे छोड़ कर खुद बस शिकायत करना सही नहीं है इसीलिए यह मोर्चा हम सबको खुद उठाना है।

## जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में आजसू पार्टी की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** 6 अगस्त अनगड़ा डाकबांग्ला में प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में आजसू पार्टी का एक बैठक रखा गया है । जिसमें निर्मल महतो शहादत दिवस और विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर बैठक रखा गया । जिसमें मुख्य अतिथि आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा 9 अगस्त को अनगड़ा में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जायेगा जिसमें मैराथन दौड़ के साथ इसकी शुरुआत होगी जिसमें महिला पुरुष दोनों वर्ग भाग लें सकते हैं ।पुरुष वर्ग - 1st प्राइज इंड्रॉइड मोबाइल फ़ोन, 2nd प्राइज साइकिल, 3rd प्राइज पंखा । महिला वर्ग -1st



प्राइज साइकिल, 2nd प्राइज पंखा, 3rd इलेक्ट्रिकल आयरन साथ ही मैडल से सम्मनित किया जायेगा । इसके साथ ही फुटबॉल मैच होगा जिसमें 10 टीम भाग लेगी और सभी टीमों को जर्सी देकर सम्मानित किया जायेगा । साथ ही आदिवासी संस्कृति कल्चर प्रोग्राम भी होगा और भाग लेने वाले सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू अध्यक्ष सह सिल्ली विधायक– सुदेश कुमार महतो होंगे जिसको लेकर पार्टी स्तरीय 7 अगस्त को 11 बजे दिन दोबारा छात्र संगठन अनगड़ा प्रखंड विस्तार हेतु डाकबांग्ला में बैठक होगी । मौके पर अनगड़ा प्रखंड सचिव– धर्मेंद्र सिंह,प्रखंड उपध्यक्ष– आशाराम महतो, प्रखंड उपध्यक्ष– सोहन मुंडा,पूर्व मुखिया –प्रदीप पहान,केशव करमाली, कमलेश महतो,अनुज महतो,साईनाथ महतो,अघणु पहान, अंकित प्रामाणिक, सूरज करमाली, सुदर्शन मुंडा, आदि तमाम लोग मौजूद रहे ।

# पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ की भिक्षाटन आंदोलन की तैयारी को लेकर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ की बैठक प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता में रविवार को महादानी मैदान स्थित स्टेडियम में किया। बैठक में राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वंय सेवक संघ के द्वारा 12 अगस्त को आहुत भिक्षाटन आंदोलन की तैयारी पर चर्चा किया गया। ज्ञात हो कि पंचायत स्वयं सेवक अपने पांच सुत्री मांगो को लेकर राजभवन के समक्ष पिछले 29 दिनों से अनिश्चित कालिन धरना प्रदर्शन में हैं। बैठक में प्रखंड के सभी सक्रिय स्वयं सेवकों की सूची



तैयारकर जिला भेजा गया। पंचायत सचिवालय स्वंय सेवक पंचायत सचिव स्तर पर सरकार द्वारा संचालित योजना पीएमवाईजी, समाजिक सुरक्षा, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कल्याण, आईसीडीएस का डाटाबेस तैयार कर संबंधित विभागों को उपलब्ध कराना है। कृषि विभाग की विभिन्न गतिविधियों जैसे उर्वरक, बीज का वितरण, मेला का अयोजन, मनरेगा एवं वित्त आयोग के लिए स्वीकृत योजनाओं की जानकारी देना शामिल है। ग्रामीणों को विकास एवं समाजिक सुरक्षा के विभिन्न कार्यक्रमों में जागरूक करना ताकी अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठा सकें। गांव के वंचित लोगों को योजना के प्रक्रिया में जोड़ने और सक्षम स्तर से कार्य का निष्पादन कर सहयोग प्रदान करना। गांव स्तर पर संचालित योजनाओ के क्रियान्वयन की गुणवत्ता की जानकारी देना। ग्राम पंचायत के वार्षिक योजना में सहायता प्रदान करना। पंचायत विकास योजना के तहत् ग्राम पंचायतों में पंचायत प्लानिंग टीम पुनर्स्थापित कर सशक्त और मजबूत बनाने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था कराना है। बैठक में रामदयाल प्रजापति, तबरेज अंसारी, दिलीप लोहरा, प्रदीप उराँव,बोलवा उरांव, खालिद अंसारी, बुधवीर उरांव, मतिया महतो, मो0 नसिम, चमरा उरांव, दिलीप तिर्की, मंजु कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रेलिंग तोड़कर सुमो वाहन नदी में गिरी, दो गंभीर रूप से घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** मुरी गोला पथ पर लोदमु के समीप शनिवार की शाम एक सुमो वाहन अनियंत्रित होकर नदी की पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए नदी में जा गिरी। वाहन में कुल चार लोग सवार थे जिसमें तमाड़ क्षेत्र के जिलिंगसेरेंग निवासी मनमोहन महतो एवं सिल्ली कुसुम टिकरा निवासी लखीराम मांझी को गंभीर छोटे आई। जिसका सिल्ली अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक तमाड़ थाना क्षेत्र के जिलिंगसेरेंग निवासी मन मोहन महतो, सिल्ली के कुसुम टिकरा निवासी लखीराम मांझी एवं अन्य दो



टाटा सुमो वाहन से सिल्ली से डीमरा की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में लोदमु के बांद्रा गाढ़ा पुल पर वाहन अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़कर निचे नदी में जा गिरी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन में फंसे लोगों को निकालकर सिल्ली अस्पताल पहुंचाया ।

## ए टाइप रेलवे क्लोनी मे पौधा रोपन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** मुरी रेलवे क्लोनी ए टाइप दुर्गा पंडाल के आस पास क्वार्टर में रहने वाले लोगों के द्वारा रविवार को कई पेड़ पौधे लगाए गए जैसे अशोका, नारियल, आम, एवं कई सारे सुगंधित पौधे लगाए गए।लोगों ने कहा कि ऐसे पौधे लगाने से हरियाली आएगी और इस जगह की सुंदरता बढ़ेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के साधन भी मिलेंगे।पौधारोपण और पर्यावरण



संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से हर व्यक्ति को जागरूक होना होगा तथा पेड़ लगाना होगा।इस मौके पर गोकुल महतो, शुबीर चक्रवर्ती, बी वेंकट राव, रवि शेखर,पार्थो सुत्रधर, प्रदीप बाउरी, समेत कई रेल कर्मी मौजूद थे।

## पिपरवार के बेंती में हुई झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत मे झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष परमेश्वर गंझू एवं संचालन गणेश भुईया ने किया।बैठक में पिपरवार क्षेत्र मे झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन का विस्तार एवं युनिट का गठन करने



और सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।साथ ही संगठित और असंगठित मजदूर की समस्याओं पर चर्चा की गई।बैठक में युनियन के केन्द्रीय सदस्य सह एनके एरिया सचिव रंथू उराँव ने सभी पदाधिकारी एवं सदस्य को यूनियन के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।इस दौरान राज्य सरकार से स्थानीय ग्रामीण को आउट सोसिंग कम्पनी में 75 प्रतिशत रोजगार देने,मजदूर की समस्याओं का समाधान करने और अधिग्रहित भूमि के बदले रैयतो को नौकरी देने की मांग की गई।बैठक में रामेश्वर भोगता,सरजू सिंह, बासदेव गंझू,जगजीवन राम अर्जुन सिंह,रवि उराँव,बिनोद गंझू,तालेश्वर गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की बैठक में कोयला मजदूरों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार क्षेत्र के अशोका भीटीसी सभागार में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन अशोक परियोजना की बैठक अध्यक्ष धनेश्वर गंझु की अध्यक्षता में हुई।बैठक में यूनियन के सचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य अरविंद शर्मा द्वारा कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया।जिस पर चर्चा कर रिपोर्ट को पास किया गया।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने परियोजना स्तर की समस्याओं को रखा। जिसमें मजदूरों का प्रमोशन, आवास मरम्मत, आवास भत्ते का भुगतान, वेतन पर्ची में पैन नंबर का सुधार,कन्वेंस अलाउंस का भुगतान वेतन के साथ देने,फॉर्म 16 एवं 26 ए में हुए विसंगति को दूर करने, संवेदनशील पदों पर जमे कर्मियों का तबादला करने, कल्याणपुर विस्थापित कॉलोनी से अशोका ऑफिस तक कर्मियों को आने जाने



के लिए बस मुहैया कराने सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए अरविंद शर्मा ने कहा कि कोयला मजदूरों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन स्थानीय सीसीएल पिपरवार प्रबंधन को सौंपा जाएगा।साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर यूनियन के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।बैठक मे आगामी 10 अगस्त को रांची रांची के राजभवन के समक्ष संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होने का निर्णय लिया गया।बैठक में बताया गया कि केंद्र सरकार के मजदूर, किसान, जन विरोधी एवं कारपोरेट परस्त नीतियों के खिलाफ यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।बैठक में साहिब राम सतनामी, रहमतुल्ला, अनित कुमार,सेवक गंझु, सोमर गंझु, मनोज राम,दिलीप महतो, उस्मान अंसारी,रमेश कुमार, टेश लाल राम,दिनेश दुसाध, कुवंर महतो,भरत नोनिया, पुशनी देवी, गेंदिया देवी, सोनिया देवी,गीता देवी, लाली देवी, राम दयाल उरांव, बंटी मोदी, लालजीत मुंडा, दिलेश्वर महतो, प्रमोद महतो, मोहन पाहन, बबन महतो,भरत गंझु, कोहदा गंझु,राजेश गंझु, एजाज असलम सहित काफी संख्या में कोयला मजदूर उपस्थित थे।

# पिपरवार में मूसलाधार बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में रविवार को हुई मूसलाधार बारिश से मौसम काफी सुहाना हो गया है।बारिश के कारण क्षेत्र के सभी सड़कों में जल जमाव देखा जा रहा है,जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार



कोयलांचल क्षेत्र के इलाको में मूसलाधार बारिश की चपेट में है।जिसके कारण क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा।वहीं बाजारों की रौनक फीकी रही।स्कूल आने जाने वाले बच्चे बारिश में भीगते नजर आए।बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट आई है,जिससे मौसम काफी खुशनुमा हो गया है।

इधर बारिश के कारण आवासीय कॉलोनी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौली भी जारी रही।वहीं बारिश के कारण क्षेत्र के सभी नदी, तालाब,कुआं में पानी की धार बहने लगी है।ग्रामीण इलाकों की सड़कें और ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर कीचड़ो मे तब्दील हो गई है।क्षेत्र के कल्याणपुर से बहेरा तक अर्ध निर्मित सड़क पर जल जमाव होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वहीं कई घरों और दुकानों में भी बारिश का पानी घुस रहा है।

## ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट ने पिपरवार के ग्रामीण इलाकों का किया भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यो ने पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत के कंधार गांव वार्ड नंबर एक का दौरा किया।ट्रस्ट के पिपरवार क्षेत्रिय अध्यक्ष जाहिद अली के नेतृत्व मे ट्रस्ट के सदस्यों ने गांव का भ्रमण कर गांव की मूलभूत समस्याओं की जानकारी



ली।इस दौरान गांव के वृद्ध बीमार और लाचार लोगों की सूची बनाई गई।वही गांव के बेरोजगार युवाओं का भी सूची तैयार किया गया।इस संबंध में ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि ट्रस्ट के सदस्य गांव-गांव घूमकर गांव के बीमार लोगो की सूची बनाई जा रही है,जिसके बाद बीमार लोगों के इलाज के लिए ट्रस्ट के द्वारा सहयोग किया जाएगा।इसके अलावा गांव के बेरोजगार युवाओं की भी सूची बनाकर उन्हें क्षेत्र में संचालित कंपनियों में रोजगार दिलाने में मदद करने का काम करेगा।वही गांव में अन्य मूलभूत समस्याओं की भी जानकारी ली जा रही है, जिसे ट्रस्ट के द्वारा समस्याओं का समाधान करने का काम किया जाएगा।ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि पिपरवार क्षेत्र के सभी ग्रामीण इलाकों का दौरा कर ट्रस्ट के द्वारा सहयोग का काम किया जाएगा।इस मौके पर जाहिद अली,विश्राम टाना भगत, अरविंद कुमार पासवान, राहुल राम,इम्तियाज अंसारी, तस्लीम अहमद,आसिफ अंसारी,दिनेश राम,रविन्द्र उरांव,सोनू गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## इमामी हेल्दी एंड टेस्टी एडवांस सोया बड़ी ने अपनी मौजूदगी बढ़ाते हुए झारखंड में किया प्रवेश

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इमामी हेल्दी एंड टेस्टी एडवांस सोया चंक्स, जिसका उत्पादन एवं बिक्री इमामी एग्रोटेक लिमिटेड द्वारा किया जाता है, ने पिछले दो सालों में पश्चिम बंगाल में सफलता हासिल करने के बाद, अब बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के बाजारों में कदम रखा है। इमामी एग्रोटेक में सेल्स और बिजनेस डेवलपमेंट के वीपी प्रफुल्ल आंचलिया ने इस अवसर पर कहा, हमने पश्चिम बंगाल के बाजार में प्रोसेस्ड फूड की इस श्रेणी में मार्च 2021 में प्रवेश किया था और महज दो वर्षों में एडवांस सोया चंक्स ने पांच फीसदी की बाजार हिस्सेदारी हासिल कर ली है। पश्चिम बंगाल में सोया बड़ी की सबसे ज्यादा खपत होती है। साथ ही उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड राज्यों में भी इस प्रोडक्ट के लिए काफी संभावनायें हैं। इन राज्यों में सोया बड़ी जैसे शाकाहारी हाई प्रोटीन प्रोडक्ट के लिए उपभोक्ताओं की मांग काफी तेजी से बढ़ती जा रही है। पूरी तरह से ऑटोमेटेड आधुनिक फैक्ट्री में बनाया गया, हमारा ब्रांड एडवांस सोया चंक्स उपभोक्ता को पूर्ण रूप से पोषण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। इसमें प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, जिंक और डाइटरी फाइबर का अनूठा 5 का दम मौजूद है।




## राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट की रोक पर जादूगोड़ा कांग्रेसियों ने बांटी मिठाइयां



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट की रोक पर जादूगोड़ा कांग्रेसियों में आज जादूगोड़ा मोड़ चौक पर जश्न, मनाया व बाटी मिठाइयां। इधर इस बाबत अनुसूचित विभाग के प्रदेश संयोजक रंजीत राम व जिला अध्यक्ष बसंत टोपनो की अगुवाई में जादूगोडा मोड़ चौक पर जश्न मनाया गया व मिठाइयां बाटी गई। इस बाबत कांग्रेसी नेता रंजीत राम ने कहा कि यह जीत राहुल गांधी की नहीं है बल्कि 140 करोड़ जनता की जीत है।

## खगेन महतो के प्रयास से ट्रांसफार्मर बदला गया

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चांडिल प्रखंड अंतर्गत घोड़ानेगी गांव में ट्रांसफार्मर खराब होने से करीब 85 परिवार अंधेरे में जीने को मजबूर है। वहीं छात्रों का परीक्षा भी चल रहा है, जो बिना बिजली के रात को लालटेन में पढ़ रहें थे। समाजसेवी खगेन महतो ने विभाग से वार्ता करते हुए ग्रामीणों को 100 केवीए ट्रांसफार्मर को महज 12 घंटों के अन्दर मुहैया कराया। ग्रामीणों से समाजसेवी खगेन महतो का आभार जताया। श्री महतो ने कहा कि मानसून के मौसम में ट्रांसफार्मर की जलने की लगातार सूचना मिल रही है, जिस किसी गांव में ट्रांफार्मर खराब पड़ी है बहुत जल्द बदलने का कार्य भी जारी है। मौके पर घोड़ानेगी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बादल चन्द्र उराव, उप मुखिया प्रतिनिधि संजय महतो, पंचायत समिति छुटु लाल महतो,सुकदेव महतो,समीर महतो,सुभाष महतो आदि लोग मौजूद रहे।



## अर्जुन मुंडा ने भाजपा नेता बास्को बेसरा के घर पहुंच कर शोक संतप्त परिवार का बढ़ाया ढाढ़स

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा रविवार को भाजपा नेता बास्को बेसरा के गम्हरिया स्थित आवास पर पहुंचे कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा भाजपा परिवार आपके साथ खड़ी है. इस दौरान उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष विजय महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव, रमेश हांसदा, गणेश महाली, निवर्तमान उपमेयर अमित उर्फ बॉबी सिंह, संजय सरदार, शारदा देवी, अमित सिंहदेव समेत कई अन्य नेता भी मौजूद थे। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार की शाम करीब साढ़े छह बजे ट्यूशन के बाद अपने दोस्तों के साथ घूमने निकले भाजपा नेता बास्को बेसरा के छोटे पुत्र अनमोल बेसरा का चांडिल के शहरबेड़ा के समीप हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

## कांग्रेसियों ने उर्दू कवि व सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव रईस रिजवी छब्बन के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद एवम अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी का जन्मदिन केक काटकर अमर मार्केट पार्क मे पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री रिजवी ने बताया की सांसद इमरान प्रतापगढ़ी उर्दू भाषा के कवि और भारत के उत्तर प्रदेश से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेता हैं । प्रतापगढ़ी को उनकी विरोध कविता के लिए जाना जाता है जो भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में मुस्लिम अनुभव और पहचान को विशिष्ट बनाती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मेंद्र सोनकर बबलू झा ,फ़िरोज़ खान, राजा सिंह राजपुत, सुलतान अहमद कृष्णा लोहार, आदि उपस्थित हुए।



## मुख्यमंत्री के सभा में शामिल होंगे पटमदा के सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड की डाक बंगला भवन परिसर में रविवार को झामुमो पटमदा प्रखंड कमेटी का एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 8 अगस्त को वीर शहीद निर्मल महतो की शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि 8 अगस्त को पटमदा प्रखंड की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रांगाटांड़ मोड़ स्थित वीर शहीद निर्मल महतो के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद प्रखंड के सभी पंचायतों से अलग - अलग बसों में सवार होकर सैकड़ों कार्यकर्ता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम में शामिल होने जमशेदपुर के कदमा उलीयान जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, जामिनि प्रमाणिक, मंटु महतो, हरेकृष्ण महतो, निर्मल मुर्मू, संजय सिंह, साधु दास, बिरबल नामता समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट समापन समारोह में शिरकत किए कांग्रेस नेता सौरभ अग्रवाल

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर प्रखंड के सिमिदिरी स्कूल मैदान में फुटबॉल क्लब सिमीदिरी द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत किए युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह रामगढ़ के प्रभारी सौरभ अग्रवाल। इस दौरान रोमांचक फुटबॉल मैच फाइनल देखते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि इस तरह का फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता हमेशा होते रहना चाहिए ताकि लोगों के लिए मनोरंजन का साधन बना रहे। इस दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया। वहीं विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा सील्ड कप एवं मेमोरेंडम देकर और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

# केंद्र सरकार ने राजखरसावां रेलवे स्टेशन को 31 करोड़ का दिया तोहफा, प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन किया शिलान्यास

### झारखंड में 40.73 हजार करोड़ रूपए की लागत से रेलवे व्हील परियोजना लगाने का दिया प्रस्ताव

**केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा खरसावां विधायक दशरथ गागराई रहे मौजूद**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के 508 रेलवे स्टेशनों के सौंदर्यीकरण की आधारशिला रखी. अमृत रेलवे स्टेशन योजना के तहत इस परियोजना में कुल 5.271 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे. पीपीपी मोड में इस योजना को धरातल पर उतारा जाएगा. इस योजना में चक्रधरपुर डिवीजन के राजखरसावां रेलवे स्टेशन भी शामिल है. इसको लेकर रविवार को राजखरसावां रेलवे स्टेशन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें लोगों ने परियोजना के शिलान्यास करते ऑनलाइन देखा और प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। इस समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा थे.जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में खरसावां विधायक दशरथ गागराई मौजूद रहे. अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने राजखरसावां सहित झारखंड के अन्य रेलवे स्टेशनों को अमृत रेलवे स्टेशन परियोजना के लिए चुने जाने पर प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री करती के प्रति आभार जताया. साथ ही उन्होंने चक्रधरपुर रेल मंडल के महाप्रबंधक के कार्यशैली की सराहना की उन्होंने सीनी रेलवे स्टेशन की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए भविष्य में इसके जीर्णोद्धार को लेकर जल्द पहल किए जाने की बात कही. साथ ही केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार को झारखंड में 40.73 हजार करोड़ रूपए की लागत से रेलवे व्हील परियोजना लगाने का प्रस्ताव दिया गया है. संभवतः सीनी रेल कारखाना को इसके लिए चयन किया जाएगा. वही खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने भी भारत सरकार के प्रयासों की सराहना की. खासकर प्रधानमंत्री एवं रेलवे मंत्री के साथ स्थानीय सांसद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रयासों की भी उन्होंने सराहना की. विधायक श्री गागराई ने कहा कि खरसावां रेलवे स्टेशन की बुनियाद उनकी मां ने रखा था.आज इस रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होने से क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी. उन्होंने भी सीनी रेलवे स्टेशन तक पहुंचने की सड़क की समस्या को जल्द दुरुस्त कराने की मांग की। कार्यक्रम मुख्य रूप से भारत सरकार के जनजातीय केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, खरसावां विधायक दशरथ गागराई, पद्मश्री छुटनी महतो, डीआरएम अर्जुन जाट राठौर, एडीआरएम विनय कुजूर, मीरा मुंडा, पूर्व मंत्री बंडकुवर गागराई, पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय, बांसती गागराई, बीडीओ गौतम कुमार, खरसावां प्रमुख मनेन्द्र जामुदा, खूंटपानी प्रमुख सिद्धांथ होनहागा, जिप कालीचरण बानरा, खरसावां थाना प्रभारी पिंटु महथा, आमदा ओपी प्रभारी अतिम कुमार,कुचाई थाना प्रभारी चंदन कुमार, मंगल सिंह मुंडा, प्रशांत कुमार महतो, गणेश माहली, रमेश हांसदा,विजय महतो, भवेश मिश्रा, सुशील षड़ंगी आदि मौजूद थें।

## टाइगर का जादूगोड़ा में सभा आज, भारी भीड़ की उम्मीद, प्रशासन अलर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जादूगोड़ा :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो (टाइगर) का कल जादूगोड़ा में सभा होगी। कार्यक्रम की सफलता को लेकर जगह जगह तोरण द्वार बनाए गए है वही सभा में भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन अलर्ट हो गई है। इस बाबत झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के स्थानीय नेता विमल महतो व विश्वनाथ महतो ने कहा कि यह सभा कल सोमवार को दोरकसाई विरग्राम फुटबॉल मैदान में ऐतिहासिक होगी। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे रखी गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आयोजको की ओर से देवेंद्र नाथ महतो, पूर्ण चंद महतो, शंकर भक्त, विमल महतो देव महतो गणेश महतो प्रशांत महतो, एस के महतो ,भीम महतो, विश्वनाथ महतो दिन-रात जुटे हुए हैं।

## जेपीएस ने कार्मेल नाइटेड को 1-0 से हराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग के 24वें वीकेंड में जमशेदपुर पब्लिक स्कूल की अंडर13 टीम ने कार्मेल स्कूल के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल की. इस वर्ग के मैच विशेष रूप से टाटा फुटबॉल अकादमी में खेले गए. जीतने वाली जेपीएस टीम जेपीएस सॉकर 9एस थी, जहां उन्होंने खचाखच भरे टीएफए मैदान में माता-पिता और कोचों के सामने कार्मेल नाइटेड को हराया. गौरतलब है कि झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन (जेएफए) और झारखंड स्पोर्टिंग एसोसिएशन (जेएसए) के साथ मिलकर जमशेदपुर एफसी 10 महीने तक चलने वाले जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग 2023 के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रही है, जहां शहर भर के बच्चों को अंडर5, अंडर7, अंडर9, अंडर11 और अंडर13 श्रेणियों में विभाजित किया गया है.




# जमशेदपुर एफसी ने युवा सेंटर बैक वुंगंगयाम मुइरंग को दो सीजन के लिए जोड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने बेंगलुरु एफसी के वुंगंगयाम मुइरंग के साथ करार किया है, जो हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में सात मैच खेल चुके हैं. 24 वर्षीय खिलाड़ी की गेंद पर अच्छी पकड़ है, जो अपने बाएं पैर का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं. यह विशेषता आमतौर पर सेंटर-बैक में नहीं देखी जाती है. बेंगलुरु एफसी के साथ मुइरंग ने 2022 में डूरंड कप जीता और 2021 में एएफसी कप टूर्नामेंट में भाग लेने वाली बीएफसी टीम का भी हिस्सा थे. डिफेंडर का जन्म मणिपुर के पहाड़ी शहर उखरूल में हुआ था और उन्होंने बहुत कम उम्र से फुटबॉल खेला. बाद में वह पेशेवर फुटबॉलर बन गए और एफसी पुणे सिटी रिजर्व्स टीम में शामिल हो गए जहां उन्होंने सेकेंड डिवीजन आई-लीग में खेला. इसके बाद मणिपुरी आई-लीग क्लब गोकुलम केरल चले गए, जहां उन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और आत्मविश्वास से प्रभावित किया और आखिरकार बेंगलुरु एफसी के साथ हीरो आईएसएल स्तर पर पहुंच गए. मुइरंग ने कहा, जमशेदपुर एफसी से जुड़ना मेरे लिए सम्मान की बात है. मुझे विश्वास है कि एक खिलाड़ी के रूप में अपना विकास जारी रखने के लिए यह मेरे लिए सही क्लब है और मुझे बहुत खुशी है कि मैं जमशेदपुर एफसी जैसे गौरवशाली क्लब का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं. मैं फर्नेस में फैंस के सामने खेलने और उन्हें यह दिखाने के लिए बेकरार हूं कि मैं क्या कर सकता हूं. जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच, स्कॉट कूपर ने कहा, मुइरंग एक ऐसा खिलाड़ी है जिसके पास लीग का अच्छा अनुभव है और वह लंबा सेंटर-बैक और बाएं पैर का खिलाड़ी है और मुझे लगता है कि यह हमारे लिए वास्तव में एक अच्छा साइन है.

# अदृश्य सेवा कर प्रवीण सिंह जैसा बनें समाजसेवी : अर्जुन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**आदित्यपुर :** भारत सरकार के केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज अदृश्य सेवा कर स्व. प्रवीण सिंह जैसा समाजसेवी बना जा सकता है. उन्होंने समाज में जो अपनी पहचान बनायी थी उसका ही उदाहरण आज रक्तदान शिविर में देखने को मिल रहा है. वे आदित्यपुर के भगवती इनक्लेव सामुदायिक भवन में प्रवीण सिंह स्मृति सेवा संस्था की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. मौके पर ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह, खरसावां विधायक दशरथ गागराई समेत अन्य नेता व समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे. शिविर में 891 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. आयोजित समारोह में अर्जुन मुंडा ने ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह के भतीजे अंकुर सिंह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. वहीं अंकुर सिंह ने भी मंत्री को सम्मानित किया और आर्शिवाद लिया. पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने आयोजित समारोह में कहा कि जब वे बीमार पड़े थे, तब उन्हें पता चला था कि रक्त का मूल्य क्या होता है. रक्त का कोई मोल नहीं है. मेरे पास सबकुछ था. बावजूद अपने छोटे भाई को खो दिया. प्रवीण सिंह स्मृति सेवा संस्था की ओर से एक एंबुलेंस की सुविधा चांडिल के लोगों को दी गयी है. समारोह में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, अजय सिंह सिंह, शैलेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, विजय महतो. भाजपा नेता गणेश माहली, शिवशंकर सिंह, दिनेश कुमार, चंद्रशेखर मिश्रा, विकास सिंह, जिला परिषद सदस्य कविता परमार, परितोष सिंह, नीरज सिंह, धर्मेंद्र कुमार, राकेश सिंह, को-ऑपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य अमर सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.



## पत्नी व प्रेमी ने 30 हजार की सुपारी देकर कराई थी सहदेव महतो की हत्या : पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** सरायकेला थाना अंतर्गत झांपड़ागुढ़ा एवं टेंटोपोसी के बीच विगत 21 जून को मिली अज्ञात लाश की पहचान कर मामले का उद्भेदन करते हुए हत्या के आरोपी मृतक की पत्नी एवं उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। रविवार को सदर थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून को सुबह सूचना मिली के झांपड़ागुढ़ा एवं टेंटोपोसी के बीच एक लाश पड़ी हुई है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के दौरान मृत व्यक्ति की पहचान सहदेव महतो ग्राम दुगनी के रूप में हुई। अनुसंधान के क्रम में पता चला कि मृतक सहदेव महतो की पत्नी सुलेखा महतो का थाना क्षेत्र के ही वीरबांस के रहने वाले जयसेन कुंभकार के साथ नाजायज संबंध है। पुलिस ने पांच अगस्त को वीरबांस ग्राम से जयसेन कुंभकार को गिरफ्तार किया। पूछताछ के क्रम में जयसेन ने नाजायज संबंध स्वीकार किया। दोनों ने बताया कि सहदेव महतो की हत्या करवाने के लिए अशोक लायक उर्फ अशोक नायक को 30000 रूपये दिया गया था। मौका पाकर 20 जून को अशोक नायक उर्फ अशोक नायक तथा मेघनाथ कुंभकार दोनों ने मिलकर झांपड़ागुढ़ा एवं टेंटोपोसी के बीच सहदेव महतो की गोली मारकर हत्या की थी। छापामारी दल में सरायकेला थाना प्रभारी नीतीश कुमार, महिला सहायक अवर निरीक्षक सीमा सुनीता किस्कु तथा पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# गम्हरिया में दिनदहाड़े पिस्तौल की नोक पर ज्वेलरी दुकान से लाखों के जेवरात की लूट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के लाल बिल्डिंग चौक के समीप स्थित ईश्वर लाल ज्वेलरी दुकान में दिनदहाड़े तीन नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े पूर्वाह्न करीब 11 बजे हथियार के बल पर लाखो रुपए के जेवरात लूट ली गई। बताया जा रहा है कि शादी के लिए जेवरात खरीददारी के नाम पर अपराधी दुकान में घुसे और दुकानदार से जेवरात निकलवाया। इसके बाद पिस्तौल सटाकर थैले में जेवरात भर कर चलते बने। जाते-जाते बदमाशों ने दुकान का शटर गिरा दिया। इससे पहले सीसीटीवी और डीवीआर भी वे अपने साथ ले गए। घटना की सूचना मिलते ही आदित्यपुर और गम्हरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई। बताया जा रहा है कि सभी बदमाश हेलमेट पहने हुए थे। बदमाशों द्वारा करीब 15 से 20 लाख के जेवरात लूट लिए गए। घटना की सूचना मिलते ही एसपी डॉ विमल कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। एसपी ने ज्वेलरी दुकान में मौजूद कर्मचारियों से भी इस दौरान पूछताछ किया। साथ ही, आसपास स्थित दुकानों में लगाए गए सीसीटीवी के फुटेज की भी जांच की। उन्होंने दावा किया है कि अपराधियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। इसके लिए पड़ोसी जिला जमशेदपुर पुलिस से भी सहयोग लिया जा रहा है। जवेलरी दुकान में मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि एक साथ तीन युवक आए जिसमें दो युवक हेलमेट पहने हुए था जबकि एक युवक मास्क लगाया हुआ था। उसमे से एक युवक बाहर ही रुक कर रेकी करने लगा और दो युवक दुकान के अंदर घुसा था।



## 15 अगस्त को साकची अग्रसेन भवन में मनेगा जीण माता का सिंघारा व झूलन उत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शहर की धर्मिक संस्था श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर द्वारा साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में आगामी 15 अगस्त मंगलवार को जीण माता का सिंघारा एवं झूलन उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। साकची अग्रसेन भवन में दोपहर 03.30 (साढ़े तीन बजे) से मां भवानी जीण शक्ति का मंगल पाठ और साथ ही संध्या में भजनों की अमृत वर्षा होगी। मंगलपाठ का वाचन करने हेतु कोलकात्ता से आमंत्रित कलाकार रितेश बरनवाल एवं सीतु राजस्थानी आ रही हैं। शहर के प्रसिद्ध गायक महावीर अग्रवाल मुन्ना भजनों की अमृत वर्षा करेंगें। कोलकात्ता के कारीगरों द्वारा फूलों से माता का भव्य दरबार सजाया जायेगा।

# भूमिहार महिलाओं की पहले सावन महोत्सव का हुआ शानदार आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ज्मशेदपूर :** रविवार को साकची के एक होटल में भूमिहार महिलाओं की पहली सावन महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें बिहार, झारखंड के बहुत से शहरों से महिलाओं ने बढ़-चल कर हिस्सा लिया। साथ ही साथ सावन क्वीन महोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य में करुणा सिंह, सुधा कुमारी, सुरभि सिंह, वीणा सिंह, अर्चना सिंह, सीमा राय, मधु कुमारी का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रथम भूमिहार महिला समाज की पटना से आई फाउंडर उषा सिंह और रीता सिंह उपस्थित हुई। प्रथम बिहार महिला समाज की पटना से आई हुई और जमशेदपुर भूमिहार समाज की कुछ महिलाओं को जिनमें उर्मिला सिंह,मंजू ठाकुर विमला सिंह, रंजू सिंह, लोयोला की टीचर जयश्री मैडम को कार्यकारिणी के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम मे बहुत सारे सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। प्रथम भूमिहार महिला समाज की सावन क्वीन का खिताब आदित्यपुर निवासी अंजू सिंह को मिला। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी को विशेष अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।



# हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर का पौधा प्रसार व पोषक तत्व प्रबंधन पर कार्यशाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर (एचएसजे) ने शनिवार को एसएनटीआई ऑडिटोरियम, बिस्टुपुर में पौधा प्रसार और पोषक तत्व प्रबंधन पर एक कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यशाला को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और कई छात्रों और बागवानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सोसायटी की अध्यक्ष रुचि नरेंद्रन ने किया, जिन्होंने लोगों की पौधे उगाने की क्षमता बढ़ाने और शहर की हरियाली में योगदान देने में ऐसी कार्यशालाओं के महत्व पर जोर दिया। रंजन नायक ने घरेलू और व्यावसायिक दोनों उद्देश्यों के लिए गुणवत्तापूर्ण पौधे प्राप्त करने के लिए पौधों के प्रसार तकनीकों और टिकाऊ पोषक तत्व प्रबंधन को जानने के महत्व पर जोर दिया। डॉ. धनंजय चौबे ने विभिन्न पौधों के लिए उपयुक्त प्रसार के प्रकार, प्रसार के लिए उपयुक्त मौसम और स्वस्थ रोपण सामग्री प्राप्त करने के लिए पोषण तकनीकों पर विस्तृत विवरण दी। अनिल विद्यार्थी ने पौधों के विकास में पोषक तत्वों के महत्व पर चर्चा की। कार्यशाला में एक खुला सत्र भी शामिल था जहां प्रतिभागियों ने संकायों के साथ बातचीत की। सभी प्रतिभागियों को एचएसजे की अध्यक्ष सुमिता नुपुर द्वारा प्रस्तुत भागीदारी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संपादकीय

# ज्ञानवापी का सच

**ज्ञानवापी** परिसर का सर्वे आरंभ हो चुका है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा सर्वे को 'न्यायहित' में अनिवार्य माना है। सर्वे वैज्ञानिक होगा और किसी भी तरह की खुदाई नहीं की जाएगी। 'ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार' (जीपीआर) तकनीक का इस्तेमाल कर सर्वे किया जाएगा। फोटोग्राफी का भी इस्तेमाल किया जाएगा। सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने भी अयोध्या विवाद का फैसला एएसआई के सर्वे और खुदाई के आधार पर दिया था। एएसआई भारत सरकार की संस्था है और इसके पुरातात्विक निष्कर्षों को अधिकृत और विज्ञान-सम्मत माना जाता रहा है। इलाहाबाद अदालत ने मस्जिद कमेटी की दलीलों को खारिज कर दिया कि सर्वे से मस्जिद को नुकसान पहुंच सकता है। इन दावों को बेदम करार दिया गया। 'अंजुमन इंतेजामिया कमेटी' ने उच्च न्यायालय के फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने इसकी तुरंत सुनवाई को मंजूरी भी दी है, लेकिन सर्वे जारी रहेगा। फिलहाल ज्ञानवापी की इमारत को मस्जिद तो नहीं कहा जा सकता। मंदिर का अंतिम फैसला सर्वोच्च अदालत करेगी। हम इस विवाद को अदालत के भरोसे छोड़ते हैं, लेकिन ऐसे अनेक ऐतिहासिक साक्ष्य हैं, जो ज्ञानवापी को मंदिर साबित करते हैं। ये साक्ष्य कई पुस्तकों में संकलित किए गए हैं। यह बादशाह औरंगजेब की हुकूमत के दस्तावेजों से भी स्पष्ट है कि 1669 में मंदिर को तोड़ कर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। चूंकि कथित मस्जिद समतल जमीन पर नहीं बनी है। जमीन किसी शख्स या संस्था ने दान भी नहीं की है। जमीन को खरीदा भी नहीं गया है, लिहाजा इतिहासकार इस्लाम के मुताबिक इसे 'हराम' मानते हैं। हम ऐसी दलीलों को भी इतिहास मान कर छोड़ देते हैं। इस संदर्भ में वाराणसी की जिला अदालत ने दो कोर्ट कमिश्नरों की अध्यक्षता में ज्ञानवापी परिसर का सर्वे कराया था। 14 मई, 2022 को जिन वकीलों ने सर्वे में भूमिका अदा की थी, उनके मुताबिक ज्ञानवापी के भीतर पान के पत्ते के आकार की फूल की आकृतियां, त्रिशूल, स्वास्तिक, दीवार पर अंकित श्लोक और 4 तहखाने भी हैं। काफी संख्या में कमल के फूल की कलाकृति पत्थरों पर खुदी दिखी। एक खंभे पर हिंदी में 7 पंक्तियों में कुछ शब्द उकेरे दिखे। छत वाले तीन गुंबदों के अंदर त्रिशंकु शिखरनुमा आकृतियां दिखीं। भीतरी भाग मंदिर-सा लगता है। उत्तर से पश्चिम दीवार के कोने पर मंदिर का मलबा पड़ा है, जिसमें देवी-देवताओं की कलाकृतियां और अन्य शिलापट्ट थे। शिलापट्ट पर शेषनाग की आकृति अंकित है। एक और शिलापट्ट पर सिंदूरी रंग की उभरी हुई कलाकृति है। देव-विग्रह में 4 मूर्तियों की आकृतियां थीं। दीपक जलाने की जगह बनी हुई थी। दीवारें, नींव, खंभा, कुंड, गर्भगृह का दरवाजा, वजूखाने की ओर नंदी का मुख, घंटियां आदि की आकृतियां छपी हुई नहीं, उकेरी हुई थीं। क्या किसी मस्जिद में ऐसी कलाकृतियां, आकृतियां और संरचनाएं होती हैं? 'स्कंदपुराण' में भी ज्ञानवापी का विस्तृत उल्लेख है। कथित मस्जिद करीब 400 साल या 600 साल अथवा 1000 साल पुरानी है, इस तथ्य पर भी मुस्लिम संगठनों, नेताओं और धर्मगुरुओं में मतैक्य नहीं है। दरअसल दलीलें ये भी दी जा रही हैं कि उपासना स्थल कानून, 1991 के मद्देनजर इस कथित मस्जिद से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। बहरहाल इसकी अंतिम व्याख्या तो सर्वोच्च अदालत ही करेगी, लेकिन इस कानून की संवैधानिकता पर सवाल करने वाली कुछ याचिकाएं शीर्ष अदालत के ही विचाराधीन हैं। सभी पक्षों को उस निर्णय की भी प्रतीक्षा करनी चाहिए। गौरतलब यह है कि भारत में ऐसी विवादास्पद 40,000 के करीब मस्जिदों की सूची तैयार की हुई है। क्या सभी को चुनौती दी जाएगी? क्या मस्जिदों को ढहा कर मंदिरों के निर्माण किए जाएंगे? कोई जरूरी है कि इतिहास की गलतियों को दोहराया जाए और गड़े मुर्दे उखाड़े जाएं? यदि इसी तरह 2024 के लिए 'मंदिर मार्ग' खोले जाने हैं, तो फिर जनता तय करे। देश के लिए अमन-चैन और भाईचारा सबसे जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह जरूर कहा है कि सर्वे पर आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने भी अयोध्या विवाद का फैसला एएसआई के सर्वे और खुदाई के आधार पर दिया था। एएसआई भारत सरकार की संस्था है और इसके पुरातात्विक निष्कर्षों को अधिकृत और विज्ञान-सम्मत माना जाता रहा है। इलाहाबाद अदालत ने मस्जिद कमेटी की दलीलों को खारिज कर दिया कि सर्वे से मस्जिद को नुकसान पहुंच सकता है। इन दावों को बेदम करार दिया गया। 'अंजुमन इंतेजामिया कमेटी' ने उच्च न्यायालय के फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने इसकी तुरंत सुनवाई को मंजूरी भी दी है, लेकिन सर्वे जारी रहेगा। फिलहाल ज्ञानवापी की इमारत को मस्जिद तो नहीं कहा जा सकता। मंदिर का अंतिम फैसला सर्वोच्च अदालत करेगी। हम इस विवाद को अदालत के भरोसे छोड़ते हैं, लेकिन ऐसे अनेक ऐतिहासिक साक्ष्य हैं, जो ज्ञानवापी को मंदिर साबित करते हैं। ये साक्ष्य कई पुस्तकों में संकलित किए गए हैं।

## कुछ अलग

# गिरे तो प्रश्नों के पहाड़ भी

**प्राकृतिक** आपदा में पुनः याद आई पर्वतीय वास्तुकला एवं सुरक्षात्मक इंजीनियरिंग की। माननीय हाईकोर्ट ने जनहित याचिका का संज्ञान लेते हुए भारत सरकार के अटार्नी जनरल को नोटिस दिया है। 45 वर्ष के इंजीनियरिंग अनुभव रखने वाले याचिकाकर्ता, श्यामकांत धर्माधिकारी ने पहाड़ों पर इंजीनियरिंग की अनदेखी व गलती पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए अदालत से संज्ञान लेने की अरदास की थी, जिसे स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने विषय की गंभीरता पर सुनवाई शुरू की है। पहाड़ों की कटाई, भूमिगत सुरंगों की लंबाई और पुलों के लिए खोदी गई सतह पर वैज्ञानिक तौर-तरीकों की अवहेलना का आरोप है। कहना न होगा कि कमोबेश यही सब प्रमाणित होकर सडक़ों के मलबे में समाहित हो रहा है। कल तक जिस लंबाई और चौड़ाई में चंडीगढ़ से मनाली और शिमला का सफर पींगें बढ़ा रहा था, वह आज उदास कहीं फंसा है। कालका-शिमला फोरलेन का 40 मीटर हिस्सा नदारद है, तो मनाली सडक़ पहले ही अपने विध्वंस की कहानी बन चुकी है। ऐसे में प्रश्नों के कई पहाड़ गिर रहे हैं और विकास का यह मॉडल कहीं न कहीं प्रश्नांकित जरूर हुआ है। पर्वत को समझने की राष्ट्रीय अनिवार्यता को इंगित करता हाईकोर्ट का नोटिस, भविष्य के प्रश्नों से मुखातिब है। चले तो हम शिमला को फोरलेन देने, लेकिन कहीं बीच में ही मंजिलें ढह गईं। नतीजतन चंडीगढ़ से शिमला की यात्रा लंबी और महंगी हो गई या वैकल्पिक मार्गों के सहारे प्रदेश की राजधानी को अपने नए रास्ते खोजने पड़ रहे हैं। जाहिर है विकास का सामर्थ्य इसकी प्रासंगिकता, गुणवत्ता और क्षमता निर्माण से सामने आता है। शिमला के लिए फोरलेन कई कारणों से आवश्यक समाधान रहा है, लेकिन पर्वत पर क्षमता निर्माण से जुड़ी गुणवत्ता का वैज्ञानिक अर्थ लाजिमी तौर पर किसी प्रतिज्ञा की तरह है। हम पर्यावरणीय चुनौतियों को नजरअंदाज करके या पर्वतीय शर्तों को भूलकर विकास करेंगे, तो खतरे जालिम की तरह व्यवहार करेंगे। शिमला की सडक़ ऊंचे पहाड़ से लड़ रही है, तो मनाली फोरलेन ब्यास नदी की धाराओं से मुकाबिल है। ऐसे में एक अनुभवी इंजीनियर ने जो प्रश्न उठाए हैं, उनसे बहुत कुछ रेखांकित होता है। यहां मुकाबला समय की रफ्तार और पर्वत के व्यवहार से भी है। स्वयं केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुआयना करके यह पाया है कि कुछ आधारभूत परिवर्तन करने होंगे। पर्वतीय विकास के विविध आयाम और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप पहाड़ की अपनी शैली और प्रस्तुति हो सकती है। दरअसल विकास के मानदंड और फिजीबिलिटी की राष्ट्रीय शर्तें पर्वत की प्राथमिकताओं को नहीं समझ पातीं। मामला सिर्फ विकास का नहीं रहता, बल्कि पहाड़ी परिवेश को बचाते हुए पर्वतीय विकास का है। विकास यहां सामान्य परिस्थिति नहीं, बल्कि मौसम की प्रतिकूलता का सामना करती जीवन शैली को बचाने की प्रतिबद्धता है। इस हिसाब से भले ही हिमाचल की दो प्रमुख फोरलेन परियोजनाओं को चोट लगी है, लेकिन यह गिर कर संभलने का वक्त है और इस हिसाब से केंद्र का तराजू बदलने की जरूरत भी है। यहां हिमाचल का विकास नहीं हारा, बल्कि राष्ट्रीय परियोजनाओं का ऐसा आधार हारा है जिसने अभी तक पर्वत को पर्वतीय अंचल की विवशताओं में नहीं निखारा। यह पर्वतीय तकनीक में नवाचार, शोध एवं अध्ययन तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभव से भविष्य को रेखांकित करने की वचनबद्धता है। हिमाचल की सडक़ें ही नहीं, बल्कि आधुनिक निर्माण तथा जीवन शैली व जलवायु परिवर्तन को समझते हुए आगे बढने का मार्ग प्रशस्त करने की चुनौती है।

## ...रदेश में सत्तारुढ़ कांग्रेस व भाजपा ने भी अपना सांगठनिक ढांचा मजबूत बना लिया है

# इस बार राजस्थान का चुनाव वसुंधरा नहीं, बल्कि मोदी के नाम पर लड़ेगी भाजपा!

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भाजपा के बड़े नेता चाहते हैं कि राजस्थान में हर बार राज बदलने की परंपरा को इस बार भी कायम रखा जाए। उसी परंपरा के तहत प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाई जाए। इस बार के चुनाव में भाजपा पहले से हटकर कुछ नया करने जा रही है। भाजपा द्वारा राजस्थान विधानसभा के अब तक लड़े गये सभी चुनावों में पार्टी एक नेता का नाम घोषित कर उनके चेहरे पर चुनाव लड़ती रही थी। पहले भैरोंसिंह शेखावत राजस्थान में भाजपा के चेहरे हुआ करते थे। उनके बाद 2003 से लेकर 2018 तक के चुनाव में वसुंधरा राजे को नेता घोषित कर पार्टी चुनाव लड़ती रही थी। मगर इस बार के चुनाव में ऐसा नहीं होगा। इस बार भाजपा आलाकमान ने पूरा चुनाव एक नए अंदाज में लड़ने का फैसला किया है। भाजपा इस बार राजस्थान के किसी भी नेता को पार्टी का चेहरा घोषित कर चुनाव नहीं लड़ेगी।

**राजस्थान** विधानसभा के चुनाव होने में चार महीने से भी कम का समय रह गया है। सभी राजनीतिक दल अपनी चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं। प्रदेश में सत्तारुढ़ कांग्रेस व भाजपा ने भी अपना सांगठनिक ढांचा मजबूत बना लिया है। मंडल, ब्लॉक, जिला से लेकर प्रदेश कार्यकारिणी का गठन हो चुका है। कांग्रेस पार्टी चुनाव में जाने को पूरी तरह तैयार नजर आ रही है। ऐसे में भाजपा भी जोरों से चुनावी तैयारियां कर रही है। भाजपा के बड़े नेता चाहते हैं कि राजस्थान में हर बार राज बदलने की परंपरा को इस बार भी कायम रखा जाए। उसी परंपरा के तहत प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाई जाए। इस बार के चुनाव में भाजपा पहले से हटकर कुछ नया करने जा रही है। भाजपा द्वारा राजस्थान विधानसभा के अब तक लड़े गये सभी चुनावों में पार्टी एक नेता का नाम घोषित कर उनके चेहरे पर चुनाव लड़ती रही थी। पहले भैरोंसिंह शेखावत राजस्थान में भाजपा के चेहरे हुआ करते थे। उनके बाद 2003 से लेकर 2018 तक के चुनाव में वसुंधरा राजे को नेता घोषित कर पार्टी चुनाव लड़ती रही थी। मगर इस बार के चुनाव में ऐसा नहीं होगा। इस बार भाजपा आलाकमान ने पूरा चुनाव एक नए अंदाज में लड़ने का फैसला किया है। भाजपा इस बार राजस्थान के किसी भी नेता को पार्टी का चेहरा घोषित कर चुनाव नहीं लड़ेगी। पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी। इसका खुलासा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान दौरे के दौरान सीकर मीटिंग में पूरी तरह हो चुका है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा हाल ही में घोषित की गई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में वसुंधरा राजे को फिर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह इस बात का संकेत है कि उनको राजस्थान की राजनीति से हटाकर राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय किया जाएगा। हालांकि वसुंधरा राजे पिछले लंबे समय से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनी हुई हैं। मगर उनके पास दिल्ली में पार्टी की कोई भी जिम्मेदारी नहीं है। पिछले दिनों जरूर उनको झारखंड की चार लोकसभा सीटों कोडरमा, दुमका, गिरिडीह और गोड्डा भेजकर पार्टी के पक्ष में प्रचार करवाया गया था। उसके अलावा उन्होंने आज तक राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं निभाई है। वसुंधरा राजे स्वयं राजस्थान नहीं छोड़ना चाहती हैं। उनके समर्थक भी चाहते हैं कि राजे प्रदेश की राजनीति में ही सक्रिय रहें। ताकि अगले विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनने का मौका मिल सके। मगर भाजपा आलाकमान किसी भी स्थिति में ऐसा नहीं होने देना चाहता है। इसीलिए पार्टी ने फैसला किया है कि अगला विधानसभा चुनाव बिना नेता के ही लड़ेंगे। भाजपा राजस्थान में कांग्रेस सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाकर भ्रष्टाचार के मुद्दे को हवा देना चाहती है। राजस्थान में पेपर लीक प्रकरण, राजस्थान लोक सेवा आयोग प्रकरण, शिक्षक भर्ती घोटाला व भ्रष्टाचार के अन्य मुद्दों को हवा देकर भ्रष्टाचार को मुख्य मुद्दा बनाना चाहती है। ऐसे में यदि भाजपा वसुंधरा राजे को चेहरा बनाकर चुनाव लड़ती है तो कांग्रेस के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुद्दा कमजोर हो जाएगा। वसुंधरा राजे के आगे आते ही कांग्रेस भाजपा का हथियार उन्हीं के खिलाफ प्रयोग में ला सकती है। इसी डर से भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे को आगे नहीं कर रहा है। वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री रहते उनकी सरकार के भ्रष्टाचार के बहुत से मामले उजागर हुए थे। कांग्रेस नेता सचिन पायलट तो अभी भी वसुंधरा राजे सरकार के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच की मांग करते आ रहे हैं। वसुंधरा राजे पर मुख्यमंत्री रहते एक चौकड़ी से घिरे रहने के आरोप भाजपा के ही नेता लगाते रहे थे। वही पुरानी चौकड़ी आज भी वसुंधरा राजे के चारों तरफ नजर आ रही है। वसुंधरा समर्थक कालीचरण सर्राफ, यूनुस खान, भवानी सिंह राजावत, रोहिताश शर्मा, देवी सिंह भाटी, अशोक परनामी, प्रताप सिंह सिंघवी, प्रह्लाद गुंजल, अशोक लाहोटी, सिद्धि कुमारी, रामचरण बोहरा जैसे नेता आज भी उनको घेरे रहते हैं। इससे वसुंधरा राजे की आम जनता में नकारात्मक छवि बन चुकी है। वसुंधरा राजे समर्थकों ने तो दो साल पहले वसुंधरा राजे विचार मंच नामक एक संगठन बनाकर प्रदेश में भाजपा के समानांतर संगठन चलाने का भी प्रयास किया था। मगर उसे ज्यादा समर्थन नहीं मिलने के कारण वह संगठन निष्क्रिय-सा हो चुका है। पिछले विधानसभा चुनाव में तो वसुंधरा राजे के खिलाफ जनता का आक्रोश इतना अधिक हो गया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित चुनावी जनसभाओं में जनसमूह 'मोदी तुझसे बैर नहीं वसुंधरा तेरी खैर नहीं' के नारे लगाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार के बावजूद भी 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को राजस्थान में करारी हार का सामना करना पड़ा। भाजपा 163 से घटकर 73 विधानसभा सीटों पर सिमट गई थी। यानी भाजपा को उन 90 विधानसभा क्षेत्रों में हार का सामना करना पड़ा था जहां उनके प्रत्याशी 2013 के विधानसभा चुनाव में जीते थे। 2018 की चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं देखा था कि वसुंधरा राजे के खिलाफ आमजन में कितना आक्रोश व्याप्त है। उसी के चलते 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने वसुंधरा राजे को चुनाव प्रचार से दूर ही रखा था। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभाओं में भी वसुंधरा राजे शामिल नहीं होती थीं। 2019 में भाजपा ने लगातार दूसरी बार प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटें जीती थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के सभी बड़े नेताओं का मानना है कि प्रदेश में आज भी वसुंधरा राजे की नकारात्मक छवि से भाजपा को नुकसान हो सकता है। इसीलिए उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में लाकर दूसरे प्रदेशों में प्रचार करवाया जाए। राजस्थान की राजनीति में वसुंधरा राजे का पिछली बार सबसे अधिक विरोध उनके राजपूत समाज ने ही किया था। आनंदपाल एनकाउंटर के चलते राजपूत समाज खुलकर वसुंधरा राजे के खिलाफ हो गया था। जिसका उन्हें खामियाजा भी भुगतना पड़ा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में हो रही जनसभाओं में भी वसुंधरा राजे को बोलने का अवसर नहीं मिल रहा है। इसका भी सीधा-सीधा संदेश है कि पार्टी उन्हें प्रदेश की राजनीति में ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहती है। विधानसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वसुंधरा राजे का खुलकर आभार जताने के बाद प्रदेश की जनता को गहलोत-वसुंधरा के मिलीभगत की राजनीति का भी पता चल गया। वैसे भी वसुंधरा राजे विपक्ष की राजनीति में अधिक सक्रिय नहीं रहती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते उनको लगातार प्रदेश में घूम-घूम कर पार्टी को मजबूत करना चाहिए था। उस समय वसुंधरा राजे अपने को धौलपुर महल तक ही सीमित कर लेती हैं। ऐसी कई बातें हैं जिनके चलते वसुंधरा राजे को प्रदेश की राजनीति से दूर किया जा रहा है। वह पार्टी से विद्रोह नहीं कर सकें इसके लिए उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी बनाए रखा गया है। वसुंधरा राजे अब कितना भी जोर लगा लें उनको नेता घोषित नहीं किया जाएगा। वह चाहती हैं कि उन्हें चुनाव समिति या प्रचार समिति का ही अध्यक्ष बना दिया जाए। मगर मौजूदा परिस्थितियों से ऐसा लगता है कि भाजपा आलाकमान उन्हें शायद ही प्रदेश में कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे। उनको बैलेंस रखने के लिए उनके समर्थक किसी नेता को चुनाव के दौरान महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जा सकती है। मगर मौजूदा परिस्थिति में वसुंधरा राजे का प्रदेश में नेता बनना मुश्किल ही नहीं असंभव-सा नजर आ रहा है।



# हमारा दर्द कितना समझ पाए गडकरी

प्रकृति की अपनी चाल है और अपनी ताकत भी, जिसके सामने इन इंजीनियरों की गणनाएं ओछी पड़ जाती हैं। यह ब्यास घाटी की विभीषिका में उनकी बनाई फोरलेन की दुर्गति ने सिद्ध कर दिया। हमें सोचने पर मजबूर कर दिया कि यहां इंजीनियरिंग की समझ नाकाफी है और इसके अलावा भूगर्भ विज्ञान से जुड़े तत्व भी ध्यान देने योग्य हैं। यहां-वहां सडक़ निर्माण का मलबा किस तरह नदी तल के साथ ही खपाया गया, वह वैज्ञानिक सडक़ निर्माण जो हिमालय की जरूरतों के मुताबिक हो, इसकी बुनियादी समझ की भी अनदेखी करता प्रतीत होता है। अपनी गलतियों से सीखने के लिए पहले उनको मानना जरूरी होता है, किन्तु हम उसके लिए जरूरी नम्रता को शायद अपमान मानते हैं और इसलिए टाल मटोल करके निकल लेते हैं। ऐसे में आगे आने वाले समय में और भी बड़ी गलतियां करते जाने की संभावना बन जाती है।

**जुलाई** के दूसरे सप्ताह में ब्यास घाटी में आई भयानक बाढ़ ने पूरे प्रदेश को हिला दिया। हजारों करोड़ रुपए की आर्थिक हानि के साथ 100 से ज्यादा निरपराध लोग काल का ग्रास बन गए। आवागमन के साधनों के चौपट हो जाने और आसन्न खतरे की चिंताओं ने जन सामान्य के जीवन को सदमे जैसी स्थिति में ला खड़ा कर दिया। सैंकड़ों आशियाने ध्वस्त हो गए। इस विभीषिका को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग उठने लगी। इस बीच केन्द्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी हिमाचल में हुई तबाही का जायजा लेने ब्यास घाटी के दौरे पर आए। वह काफी शक्तिशाली मंत्री माने जाते हैं और हजारों करोड़ रुपए के बजट के वारे न्यारे करने की क्षमता रखते हैं। उनसे प्रदेश की जनता को बहुत उम्मीद थी कि वे अवश्य पूरी परिस्थिति का आकलन करने की दिशा में कोई सार्थक कदम उठाने की पहल करेंगे जिससे हिमालय क्षेत्र में सडक़ निर्माण में पर्यावरण मित्र समझ का समावेश हो सकेगा ताकि आगे चल कर हिमालयी क्षेत्रों में अवैज्ञानिक रूप से बनाई जा रही सडक़ों को उपयुक्त तकनीक से बनाने की दिशा में पहल हो सकेगी। सुना गया है कि गडकरी जी भूगर्भ विज्ञान की बुनियादी समझ भी रखते हैं, इसलिए यह अपेक्षा और भी बलवती हो गई थी। हिमालय की तासीर को पढना बिना भू वैज्ञानिक समझ के संभव ही नहीं है। किन्तु खेद है कि हमारी ये योजनाएं इंजीनियरिंग समझ से बनाई जाती हैं जो इस समझ पर कार्य करती है कि हमारे पास सभी निर्माण कार्यों में आने वाली समस्याओं के समाधान मौजूद हैं, किन्तु दुर्भाग्य से ऐसा नहीं है। प्रकृति की अपनी चाल है और अपनी ताकत भी, जिसके सामने इन इंजीनियरों की गणनाएं ओछी पड़ जाती हैं। यह ब्यास घाटी की विभीषिका में उनकी बनाई फोरलेन की दुर्गति ने सिद्ध कर दिया। हमें सोचने पर मजबूर कर दिया कि यहां इंजीनियरिंग की समझ नाकाफी है और इसके अलावा भूगर्भ विज्ञान से जुड़े तत्व भी ध्यान देने योग्य हैं। यहां-वहां सडक़ निर्माण का मलबा किस तरह नदी तल के साथ ही खपाया गया, वह वैज्ञानिक सडक़ निर्माण जो हिमालय की जरूरतों के मुताबिक हो, इसकी बुनियादी समझ की भी अनदेखी करता प्रतीत होता है। अपनी गलतियों से सीखने के लिए पहले उनको मानना जरूरी होता है, किन्तु हम उसके लिए जरूरी नम्रता को शायद अपमान मानते हैं और इसलिए टाल मटोल करके निकल लेते हैं। ऐसे में आगे आने वाले समय में और भी बड़ी गलतियां करते जाने की संभावना बन जाती है। मंत्री जी चाहते तो इस विपरीतगामी प्रक्रिया को बदल सकते थे, किन्तु उन्होंने भी इंजीनियरिंग समझ से आगे जाने से इनकार कर दिया और जो सुझाव पेश किए उनका हिमालय की संवेदनशील परिस्थिति के प्रति जागरूक होने से कोई वास्ता दिखाई नहीं देता है। प्रेस वार्ता में हिमालय में गलत तरीके से संवेदनशील पहाडियों से छेड़छाड़ का जिक्र तक नहीं किया गया। बल्कि नदी से सीधी लड़ाई मोल लेने का खतरनाक संकल्प उभरता दिखाई दिया। पहाड़ी नदी के तटीकरण की बात तो कुछ हद तक समझ आती है, किन्तु उसे खोद कर गहरा करने की धारणा हिमालय के बिल्कुल भी अनुकूल नहीं है। नदी का तल पत्थर, रोड़ी, बजरी, रेत की मोटी तह से ढका रहता है और नीचे की कच्ची मिट्टी को पानी की मार से बचा कर भूक्षरण को रोकता है। एक बार यदि नीचे की कच्ची मिट्टी सामने आ गई तो बाढ़ के पानी के कटान से गहरी होती जाएगी, जिससे नदी के किनारे लगे तट बंध भी गिर सकते हैं। नदी हमेशा घुमावदार होकर ही बहती है क्योंकि पानी कभी सीध में नहीं बहता है। उसको तटीकरण द्वारा यदि सीधा करने के प्रयास किये गए तो वह अपनी घुमावदार चाल को तट बांध तोड़ कर पुनः हासिल कर लेगा। इसके अतिरिक्त मुख्य प्रश्न यह भी है कि आखिर इतना मलबा नदी में आया कहां से। सडक़ निर्माण में अवैज्ञानिक डंपिंग के कारण ही यह मलबा आया। इस बात का जिक्र करने से क्यों बचा जा रहा है। इस गलती को समझे बिना हिमालय में जहां भी भारी निर्माण कार्य होंगे वहां इस तरह की तबाहियां होंगी। यह मानने के बाद ही हम बेहतर सडक़ निर्माण तकनीक जो हिमालय की नाजुक प्रकृति के अनुकूल होगी, उसके विकास की बात सोच सकेंगे। यही उम्मीद हमें गडकरी जी के आगमन से थी। तकनीकी विशेषज्ञों की कमेटी बना कर सुझाव लेने की बात तो कही गई है, किन्तु उनके लिए एजेंडा तो तय कर दिया गया है कि तटीकरण और खोलीकरण यानी दो-तीन मीटर खुदाई करके नदी को गहरा करना है। तो विशेषज्ञों का ध्यान तटीकरण और खोलीकरण को सफल बनाने की दिशा में रहेगा। कुछ नया सुझाव पर्वत विशिष्ट निर्माण के लिए निकल कर नहीं आ सकता। उसके लिए उन्हें स्वतंत्र सुझाव के लिए कहना पड़ेगा और वैसे विशेषज्ञ डालने पड़ेंगे। इंजीनियरिंग समझ से वैसे सुझाव आ ही नहीं सकते। मंत्री जी ने नुकसान की भरपाई के लिए मुक्त हस्त से सहायता देने के आशय की जो घोषणा की वह तो निश्चय ही स्वागत योग्य है किन्तु इस धन का प्रयोग हिमालय के अनुकूल तकनीक द्वारा किया जाना चाहिए। तभी टिकाऊ सडक़ निर्माण संभव होगा।

## नागरिक बोध

# पर्यावरण के बारे में उच्च विचार



**पर्यावरण** जैसे महामहत्त्वपूर्ण विषय पर आयोजित बैठक में मज़ा नहीं आया। पार्किंग सही नहीं मिली, दूसरे गलत समय पर तेज़ बारिश ने कार की ताज़ा पालिश खराब कर दी। हर बैठक में समोसे और गुलाब जामुन खाना अब बहुत ज़्यादा मिडल क्लास लगने लगा है। राष्ट्रवाद के चमकते युग में भी लोग मोमो, चाऊमिन, पिज्जा से आगे निकलकर जापानी, वियतनामी, कोरियन और इटैलियन खा रहे हैं, तो हम पिज्जा तो खा ही सकते हैं। विदेशी खाने से क्या होता है, विचार स्वदेशी होने चाहिएं। गरमी का मौसम है, ठंडा, चाय न मंगाकर कोल्ड काफी या कोल्ड टी मंगानी चाहिए, तब कहीं ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ती जनसंख्या, महंगाई, वनों का कटान, बढ़ते वायु प्रदूषण, ग्लेशियर पिघलने बारे जम कर बात करने का माहौल बनता है। नदियों का पानी पीने के लिए प्रयोग हो रहा, बर्फ धीरे धीरे कम हो रही, इस बारे बात करना फिज़ूल है। यह सब तो कुदरत ने करना ही है। हमें पर्यावरण पर ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव कम करने पर गहरी संजीदा बात करनी है। हम निम्न स्तर के लोग सिर्फ बात कर सकते हैं। हरियाली को बढ़ावा देना व्यावहारिक रूप से मुश्किल है। कार्बन डाइऑक्साइड कम करने के लिए वनों की कटाई रोकने बारे सोचना हमारे बस में नहीं। वृक्षारोपण समारोह में फोटो खिंचवाने वाले ज़्यादा और काम करने वाले बंदे कम होते हैं। मंत्रीजी को बुला लो तो उनके अनोखे नखरे सहने पड़ते हैं। वृक्षारोपण के दिन बारिश हो तो फोटोज़ अच्छी नहीं आती क्योंकि लोग साफ-सुथरे कपड़े पहनकर नहीं आते। वह विशेष पौधा भी खुश नहीं होता जिसे ख़ास हाथ ने गड्ढे में, सिर्फ रखना है। पौधे ज़मीन में फिट कर दो तो उनका वृक्ष के रूप में विकसित करना टेढ़ी खीर नहीं, टेढा काम होता है। वाहन का उपयोग कोई कम नहीं करता क्योंकि इससे बड़ी बड़ी कम्पनियां बंद होने का खतरा रहता है। अक्षय ऊर्जा बारे ज़्यादा लोगों को पता नहीं, अक्षय कुमार बारे ज़्यादा पता है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा पर भी वही ध्यान देता है जो फंस जाता है। पूरी दुनिया में पर्यावरण क्या, वातावरण भी गर्म है। प्रदूषण के लिए गंभीर होकर देख लिया, इस बार ज़्यादा गंभीर होने बारे प्रस्ताव पास करके देखते हैं। ज़्यादा लंबा जुलूस निकालेंगे। संकल्प लेने का अर्थ, सिर्फ मुंह से चुने हुए कुछ शब्द बोलना है। हिंदी का, हमारा उच्चारण वैसे भी खराब है। अंग्रेजी भी कहां बेहतर है। शब्दों का उच्चारण दिल से और ठीक से न किया जाए तो असर कहां रहता है। रहना तो नहीं चाहिए, रहता भी नहीं होगा। इस बार 'वृक्ष प्रत्यारोपण योजना' अपनाने का सीमेंट जैसा इरादा है। जहां निर्माण कार्य होना हो, वहां के पेड़ उखाड़ कर दूसरी जगह लगा दिए जाएं। एक विशेषज्ञ समिति बनाकर अनुमोदित करा लेंगे कि वृक्ष दूसरी जगह पनप जाएंगे। नहीं पनपे तो दोष नालायक जड़, हर लम्हा बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग, रोजाना बदलते वातावरण, शातिर मौसम, असामयिक बारिश व विपक्ष को दे देंगे। वृक्ष प्रत्यारोपण योजना लोकतान्त्रिक हो जाए तो नए व्यवसाय जान पकड़ेंगे। प्रकृति प्रेमी ठेकेदार भी उगेंगे। थोड़ी बहुत दिक्कतें तो नए काम में आती ही हैं, फिर राजनीति माता कब काम आएगी। इन विचारों से समझ आता है कि पर्यावरण विचार विमर्श में अभी अनेक संभावनाएं हैं और बारिश के मौसम में कार पर चसपॉलिश नहीं करवानी चाहिए।

## देश दुनीया से

# पवार के कारण विपक्षी एकता में घमासान

वाद-विवाद की इस कड़ी में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार का नाम भी जुड़ गया है। पवार ने पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझा कर विपक्षी दलों की हालत सांप-छुछूंदर जैसी कर दी है। कुछ विपक्षी दल इसे एकता के प्रयासों को झटका मान रहे हैं, वहीं अन्य विपक्षी दलों के समझ में ही नहीं आ रहा है कि इस पर क्या और कैसे प्रतिक्रिया व्यक्त करें। विपक्षी दलों में सबसे पहले खुले तौर पर शिव सेना (यूबीटी) ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। इसी के साथ मोदी के साथ मंच साझा करने को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने विपक्षी एकता के प्रयासों की खिल्ली उड़ाते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार पर ढोंग का आरोप जड़ दिया।

**विपक्षी** एकता की कवायद चांद पर घर बसाने जैसी हो गई। विपक्षी दल इंडिया नाम के संयुक्त गठबंधन के जरिए भाजपा को लोकसभा चुनाव में सत्ता से दूर रखने का ख्वाब देख रहे हैं, उसी में उनकी आपसी फूट आड़े आ रही है। वाद-विवाद की इस कड़ी में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार का नाम भी जुड़ गया है। पवार ने पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझा कर विपक्षी दलों की हालत सांप-छुछूंदर जैसी कर दी है। कुछ विपक्षी दल इसे एकता के प्रयासों को झटका मान रहे हैं, वहीं अन्य विपक्षी दलों के समझ में ही नहीं आ रहा है कि इस पर क्या और कैसे प्रतिक्रिया व्यक्त करें। विपक्षी दलों में सबसे पहले खुले तौर पर शिव सेना (यूबीटी) ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। इसी के साथ मोदी के साथ मंच साझा करने को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने विपक्षी एकता के प्रयासों की खिल्ली उड़ाते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार पर ढोंग का आरोप जड़ दिया। ओवैसी ने ट्वीट किया कि लोकसभा में राकांपा और अन्य विपक्षी दल मणिपुर मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि शरद पवार खुशी-खुशी पुणे में नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझा कर रहे हैं, ये कैसा ढोंग है? वहीं, भाजपा खुशी-खुशी बिना चर्चा के विधेयक पास करा रही है। इस पर पलटवार करते हुए राकांपा प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने पलटवार किया कि असदुद्दीन ओवैसी को राजनीतिक समझ की कमी दिखाने वाले बयान देने से पहले अपनी आंखें और कान खुले रखने की जरूरत है। शरद पवार साहब लोकमान्य तिलक के सम्मान में समारोह में शामिल हुए। क्या ओवैसी को तिलक जी का महत्व पता है और क्या उन्होंने कभी उन्हें कोई सम्मान दिया है? विपक्षी गठबंधन में शामिल शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राकांपा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे और इसके बाद उन्होंने उस पार्टी को तोड़ दिया एवं महाराष्ट्र की राजनीति को दलदल बना दिया। शिवसेना ने कहा कि यह अजीब स्थिति है क्योंकि नेता मोदी के साथ मंच साझा कर रहे हैं और पार्टी कार्यकर्ता काले झंडे लेकर उनके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता अशोक चव्हाण ने कहा कि इस तरह की चीजें भ्रम की स्थिति पैदा करती हैं और पवार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। चव्हाण ने कहा कि इस तरह के सम्मेलनों में शामिल होना गलत है, सभी प्रमुख विपक्षी दल इंडिया गठबंधन के अंतर्गत आते हैं। इस तरह की चीजें भ्रम की स्थिति पैदा करती हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर पवार जैसे वरिष्ठ नेता अपना रुख स्पष्ट कर देते हैं तो यह बेहतर रहेगा। कांग्रेस के नेता आपस में ही विरोधाभासी बयान दे रहे हैं। शरद पवार के कार्यक्रम में शामिल होने को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि शरद पवार का पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ मंच साझा करना उनका निजी फैसला है। एनसीपी में टूट के बाद पहली बार किसी कार्यक्रम में शरद पवार और अजित पवार एक साथ नजर आए। कार्यक्रम में पहले शरद पवार ने पीएम मोदी की पीठ थपथपाई। फिर पीएम मोदी ने अजित पवार की पीठ थपथपाई। शरद पवार और पीएम मोदी सात साल में पहली बार एक मंच पर दिखे।

**संक्षिप्त खबरे**

## महिला ने की आत्महत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के चिरु,डुमराटांड ग्राम में रविवार को पति-पत्नी के बीच हुए आपसी विवाद में महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अनिता देवी 30वर्ष पति प्रकाश भुइँया ग्राम डूमरटांड,चिरु थाना हेरहंज निवासी का अपने पति के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी ।जिससे गुस्साए महिला ने घर में रखा हुआ कीटनाशक दवा खा लिया। जिससे वह अचेत हो गई । घटना के बाद परिजनों के सहयोग से महिला को इलाज के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा जांचोपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है वही मामले की सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर लिया है।

# जंगली हाथियों के झुंड ने दो घरों को किया ध्वस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगड़ा पंचायत अंतर्गत जाला ग्राम स्तिथ हडहीटोला में शनिवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया और दो घरों को छतिग्रस्त कर दिया ।वही खेतों में लगे कई फसल को नष्ट कर दिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार की देर रात एकाएक हाथियों का झुंड गांव में आ घुसा और बुधवा उराँव पिता स्व मंगला उराँव, जगदीप उराँव पिता बुधवा उराँव के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। वही घर में रखा हुआ चावल, मकई, दाल, आलू, प्याज समेत कई समान चट कर गए। वही झामा उराँव, कैलू उराँव के खेतों में कई फसल को बर्बाद कर दिया। आगे ग्रामीणों ने बताया की हाथियों की संख्या लगभग 18 है। जो अभी भी इस क्षेत्र में विचरण कर रहा हैं।



ग्रामीणों ने आशंका जाहिर करते हुए कहा कि हाथियों का झुंड कभी भी गांव में दोबारा हमला कर सकता है। इसकी सूचना वन विभाग को दे दी गई है लेकिन वन विभाग का कोई भी पदाधिकारी अभी तक पहल नहीं किया है । बता दें कि बालूमाथ वन क्षेत्र में बीते दो वर्षो से हाथियों का झुंड लगातार उत्पात मचा रहा है ।वन विभाग की ओर से कई बार हाथियों के झुंड को भगाने का प्रयास किया गया लेकिन वह असफल रहे।

## अतिक्रमण के खिलाफ दूसरे दिन भी प्रशासन का चला बुलडोजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ दूसरे दिन रविवार को भी प्रशासन ने अभियान चलाया। जिसका नेतृत्व सदर अनुमंडल पदाधिकारी मो. मुमताज अंसारी कर रहे थे। दूसरे दिन शहर के केसरी चौक से लेकर पुराना पेट्रोल पंप तक चलाया गया। इस दरम्यान सड़क के दोनों ओर सड़क व सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर दुकान व ठेला लगाने वाले लोगों को भगा दिया गया। जबकि जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ दिया गया। इस दरम्यान प्रशासन को हल्की नोकझोंक का भी सामना करना पड़ा। प्रशासन ने बताया कि बाजार में व्यापारियों ने सरकारी नालियों के ऊपर कब्जा कर रखा है। नालियों में स्लैब डालकर बाकायदा शटर डाल दिए गए हैं। इन लोगों के खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई कर रही है। बताया गया कि स्लैब को तोड़ दिया जा रहा है। जबकि आवश्यक से अधिक छज्जा वाले दुकान को भी तोड़ा जा रहा है। यहां बता दें कि शहर में शनिवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रही है, ताकि चौक-चौराहों पर लगने वाले जैम से लोगों को निजात मिल सके। शनिवार को पोस्ट आफिस चौक से अव्वल मोहल्ला एवं गुदरी बाजार तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण हटाया गया था।

## विद्यालय में मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलवे स्टेशन स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।एवं प्रतियोगिता में बेहतर कलाकृति करने वाली बालिकाओं को विधालय के प्रधानाचार्य ने धन्यवाद दिया एवं सभी छात्राओं को हौसला अफजाई किया।शिशु वर्ग में प्रथम स्थान कुमारी रितिका, द्वितीय स्थान सोनाक्षी साहू एवं तृतीय स्थान नंदनी कुमारी प्राप्त की।बाल वर्ग में प्रथम स्थान आर्य नंदिनी द्वितीय स्थान शीतल साहू एवं तृतीय स्थान फिजा प्रवीण को प्राप्त हुआ। तथा किशोर वर्ग में प्रथम स्थानअर्चना कुमारी द्वितीय स्थानअंशिका कुमारी? एवं तृतीय स्थानद्धरिया गुप्ता प्राप्त की मौके पर राज बल्लम शर्मा प्रधानाचार्य, श्यामली रॉय, विनय कुमार, मुकेश कुमार, धीर जन राम, रमेश कुमार, अजीत कुमार,खुशबू राठोर, ज्योति देवी, पूजा कुमारी, अनुप्रिया, प्रीति कुमारी आकाश कुमार, एवं समस्त दीदी जी एवं आचार्य इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## लातेहार रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का हुआ शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लातेहार वासियों को बड़ी सौगात दी है। श्री मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लातेहार रेलवे स्टेशन का 24.5 करोड़ रूपये के लागत से पुनर्विकास का कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे चतरा के सांसद सुनील सिंह ने कहा कि लातेहार रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य के बाद इसमें स्थानीय संस्कृति की झलक दिखेगी। यह स्टेशन देश के अन्य स्टेशनों के बराबरी करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अब आने वाले समय में लातेहार रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिए प्रधानमंत्री द्वारा कई तरह की कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि लातेहार रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के चयन के लिए मैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देना चाहता हूं। साथ ही उन्होंने कहा की अब



लातेहार रेलवे स्टेशन भी देश के अन्य रेलवे स्टेशनों की तरह कई सुविधाओं से सुसज्जित होगा। भारतीय विविधता की भव्यता को प्रदर्शित करते हुए, ये पुनर्विकसित स्टेशन नई अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ-साथ मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन और प्रतिस्थापन से सुसज्जित होंगे। कार्यक्रम में चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम, राजधानी यादव, राकेश दुबे, पंकज सिंह, मुकेश पाण्डेय, अशीष कुमार शाहदेव ध्रुव पाण्डेय, जय कुमार सिंह, सुशील अग्रवाल, आनंद सिंह, विवेक चंद्रवंशी, एसडीओ शेखर कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष मिश्रा, रेलवे के पदाधिकारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की, लातेहार बिनित मधुकर, राजन तिवारी, पंकज तिवारी, राजीव रंजन पाण्डेय, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार महताब आलम सहित सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।

## अखिल भारतीय पंचायत परिषद सह परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सदस्य रविंद्रनाथ तिवारी पहुंचे लावालौंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखण्ड कार्यालय के पंचायत सचिवालय के सभागार में उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पंचायत परिषद सह राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य रविंद्रनाथ तिवारी लावालौंग पहुंचे। वे स्वाभिमानी ग्राम सभा आत्मनिर्भर पंचायत कार्यक्रम के अंतर्गत एक जागरूकता अभियान के तहत प्रखंड के समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों से रूबरू होते हुए सबों से परिचित हुए। इस कार्यक्रम के दौरान उनके साथ साथ बीडीओ सह सीओ अमित कुमार एवं इंस्पेक्टर के पी चौधरी भी उपस्थित थे। सर्वप्रथम रविन्द्र नाथ तिवारी जी ने पंचायती राज के तहत पंचायत प्रतिनिधियों के 29 अधिकारों से संबंधित क्रमबद्ध चर्चा करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों को उनके अधिकारों से रूबरू कराया। सड़क



सुरक्षा के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी हालात में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मोटरसाइकिल/ मोटर ना चलाने दें।अपने अपने क्षेत्र के नाबालिगों की सुरक्षा का उत्तरदायित्व भी जनप्रतिनिधियों की है।वहीं उन्होंने कहा कि अगर किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो सरकार के द्वारा दो लाख की राशि का प्रावधान है। इसके अलावा कोल्ड स्टोरेज, मोटर ट्रेनिंग सेंटर समेत अन्य योजनाओं की जानकारी भी उन्होंने दिया।कार्यक्रम में मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार साहु, लमटा मुखिया अमीत कुमार चौबे,लावालौंग मुखिया नेमन भारती,समाजसेवी मुकेश कुमारद्म यादव, कटिया मुखिया पति सह समाजसेवी मिथलेश चौबे, हेडूम पंचायत मुखिया संतोष कुमार राम, बीस सूत्री प्रखण्ड उपाध्यक्ष सरयू यादव, मीना कुमारी, संजू देवी, रीना देवी, उमेश ठाकुर, विनोद कुमार, बैजनाथ कुमार राम, मनोज यादव समेत कई दर्जनों लोग आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## भाजयुमो ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंडल के भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष संदीप केसरी के नेतृत्व में रविवार को बालुभांग पंचायत में भाजपाईयों के द्वारा झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 पारित करने के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए युवा मंडल अध्यक्ष केसरी ने बताया कि विधानसभा के मॉनसून सत्र में हेमंत सोरेन सरकार द्वारा पारित झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है। इसी के खिलाफ में बालूभांग के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययन रत छात्र-छात्राओं के बीच जाकर छात्र-छात्राओं को इस विधेयक के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. और कहा कि प्रदेश की हेमंत सरकार ने राज्य के छात्र छात्राओं के हितों की अनदेखी कर उनके भविष्य को नौकरी की जगह एलजेल के सलाखों में भेजने का काम कर रही है। ऐसा काला कानून है इसमें जांच की जगह सीधे स्नढ्ढक्रहोगा। और इस बिल के जरिए युवाओं को सीधे जेल में डालने का प्रावधान है। इसलिए पूरे प्रदेश के युवा इसके विरोध में सड़क पर उतरेंगे। इस विधेयक के संशोधन हेतु बालुभांग पंचायत व प्रखंड के शिक्षण संस्थाओं में जाकर हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं।

## पानी की किल्लत से जूझ रहा छेंचा उच्च विद्यालय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय छेंचा महीनों से पानी की किल्लत से जूझ रहा है। पेयजल आपूर्ति के लिए किसे दोषी ठहराया जाए बरसात की कमी , निम्न स्तर के पम्प या परिसर में लगे जलमीनार का पम्प, स्टार्टर किट के चोरी हो जाने पर वह इसलिए कि विद्यालय परिसर में तीन चापाकल हैं। इस संबंध में प्रधानाध्यापक दिनेश मेहरा की जुबानी एक चापाकल मृत हो गया है इसके एवज दुसरे बोरिंग के लिए लिए विभाग को लिखा गया है।दुसरे में नल-जल आपूर्ति योजना से विद्यालय के छत पर टंकी में मोटर से पानी नहीं पहुंच रहा है वहीं तीसरे चापाकल में जलमीनार लगा है जिसके पम्प,स्टार्टर किट लगभग एक माह पूर्व चोरी हो गया है जिसकी शिकायत करते स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।



उन्होंने बताया कि पिछ्ले कुछ महीनों के अंदर विद्यालय के संपत्ति को नुक्सान पहुंचाया गया है जैसे स्ट्रीट लाइट की चोरी, पाइप नल तोड़फोड़ का नुक़सान,दरवाजे की कुंडी तोड़कर खेल सामग्री की चोरी, वर्ग के खिड़की दरवाजे की चोरी, हो जाने की घटनाओं के साथ कंप्यूटर क्लास रूम से कंप्यूटर चोरी करने की कोशिश हुई है। वहीं विद्यालय बंद होने के उपरांत असमाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। वहीं उन्होंने पेयजल आपूर्ति को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, शिक्षा विभाग के अधिकारी व जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन से अनुरोध किया है।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार की मासिक बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गयी।बैठक में मासिक दानपात्र खोला गया और आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में कराये जा रहे निर्माण कार्य की भी चर्चा की गयी।सचिव आशीष टैगोर ने बताया कि मंदिर परिसर में एक उद्यान का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने उद्यान निर्माण में आर्थिक सहयोग करने की अपील लोगों से की है।कहा कि इस कार्य में सहयोग करने वालों का नाम उद्यान में अंकित किया जायेगा। उन्होने बताया कि नाली का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है।बैठने के लिए चार बेंचों का निर्माण कराया गया है। इन बेंचों में ग्रेनाईट लगाने का काम बाकी है। बैठक में कई देनदारियों का चुकता भी किया गया।बैठक में उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, सह सचिव रविंद्र प्रजापति व रंजीत कुमार, संतोष कुमार दुबे, पंकज कुमार, संजय प्रसाद, राजेश पाठक, धनेश्वर प्रसाद व धर्मवीर प्रसाद आदि मौजूद थे।

## राजद नेता गिरिजानंदन सिंह ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** प्रखंड क्षेत्र के छिपादोहर पंचायत अंतर्गत जुरुहार खेल मैदान में शनिवार को फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करने पहुंचे राजद के वरिष्ठ नेता सह मनिका विधान सभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्यासी गिरजानंद सिंह चेरो उर्फ गिरी जी ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर फुटबॉल टूर्नामेंट का फिता काट कर उद्घाटन करने का काम किया साथ ही खिलाड़ियों से बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया और किक मारकर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुरुआत करने का काम किया मौके पर राजद प्रत्याशी गिरजानंद सिंह ने कहां कि खिलाड़ियों को पूरे लगन और मेहनत से खेल को से खेलने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करते हुए उन्होंने कहा कि खेल को खेल के भावना से खेलें अपनी प्रखंड के साथ-साथ जिला का नाम रोशन करें और खेल खेलने से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। समय- समय पर खेल खेलते रहना चाहिए क्योंकि वही गिरी जी कहें की खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने पर क्षेत्र का नाम रोशन होता है।

## उपायुक्त के पहल से जिले में पहली बार गैर आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मिली स्वीकृति



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अबु इमरान के पहल से पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग तथा भारतीय खेल प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में खेलो इंडिया प्रोग्राम के तहत जिले में पहली बार गैर आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की स्वीकृति मिली है।जिला खेल पदाधिकारी सह जिला नजारत उप समाहर्ता तुषार रॉय ने बताया कि बच्चों के चयन प्रशिक्षण हेतु दिनांक 6 अगस्त और 7 अगस्त को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में चयन प्रशिक्षण,प्रतिभा चयन खोज निर्धारित की गई थी। लेकिन आज 6 अगस्त को ही सभी प्रतिभागियों को सूचित करते हुए प्रतिभा चयन खोज का आयोजन किया गया। कुल 204 बालक व बालिकाओं ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में से कुल 15 बालक एवं 15 बालिकाओं का चयन किया जाएगा। चयनित बच्चों को एनआईएस कोच द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी सह जिला नजारत उप समाहर्ता तुषार रॉय, अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा जिला ओलंपिक संघ, राकेश कुमार सिंह सचिव जिला ओलम्पिक संघ,कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी जिला ओलम्पिक संघ, शत्रुदिन अहमद सचिव जिला फुटबाल संघ,समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## वसूली: जननी सुरक्षा योजना की राशि मिलने से पूर्व ही एएनएम के द्वारा किया जाता है बंदरबांट

**➲प्रसूति का आरोप प्रसव कराने को लेकर कुन्दा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम वसूलती है 1500 रुपये**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** जननी सुरक्षा योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत गरीब महिलाओं को सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के लिए सरकार के द्वारा प्रसुति माँ को चौदह सौ रुपये दी जाती हैं।लेकिन आप यह जानकर आश्चर्यचकित होंगे की कुन्दा में प्रसव कराने में नर्स के द्वारा उल्टे प्रसूति मां से पंद्रह सौ रुपये ली जाती हैं।जी हां यह बात आपको सुनने में भले ही अटपटा लग रहा हो,लेकिन ये बात सत्य हैं।यह मामला प्रखंड के कुन्दा प्राथमिक स्वस्थ केंद्र का हैं,जहाँ टिकैतबांध निवासी नागेंद्र गंझू के पत्नी सावित्री देवी ने एक बच्चे को जन्म दी थी,प्रसव के बाद नर्स प्रियंका कुमारी ने प्रसव करने के बदले में पन्द्रह सौ रुपये की मांग की लेकिन सावित्री देवी के पास पैसा ना होने



के कारण महिला ने नर्स से बहुत गिड़गिड़ाया तब भी नर्स ने पांच सौ रुपये मांग ही ली। बात यहीं खत्म नहीं होती है नर्स ने प्रसूति महिला पर दबाव बनाते हुए बोली की तीन सौ रुपये बाकी रह रहा है।इसे भी दे देना, आश्चर्य की बात है की सरकार जहाँ प्रसुति महिला व बच्चे को स्वस्थ् रहने के लिए योजना के माध्यम से पैसे दे रही है,तो दूसरी तरफ भ्रष्ट एएनएम पैसे को मिलने से पहले ही बंदरबाट करने में लगी है और उल्टे प्रसूति मां को कर्ज के बोझ में दबा दे रही है।इसके साथ ही सरकार की महत्वकांक्षी योजना पर भी पानी फेरने का कार्य किया जा रहा हैं। यदि ऐसे कर्मियों पर समय रहते आवश्यक कार्रवाई नही की जाती हैं तो यू ही सरकार की योजना सिर्फ कागजो पर सिमट कर रह जाएगी। *वही इस संबंध में एएनएम प्रियंका*– से पूछे जाने पर बतायी की उनलोगों ने हमे खुशी से पांच सौ रुपये दी हैं,हमलोग काफी मेहनत से प्रसव कराते है उसी के खुशी में लोग देते है। *वही इस सम्बंध में चिकित्सा प्रभारी संजीव कुमार* ने बताया की ऐसी जानकारी नही मिली हैं,यदि इस तरह की मामला हैं तो उक्त परिवार से लिखित आवेदन मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# हंटरगंज में याद ए हुसैन कांन्फ्रेंस का भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/हंटरगंज :** प्रखंड के केदली कलां पंचायत के राजा नगर बिहारी (गोखना) में याद ए हुसैन कांफ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया। कांफ्रेस में अंतर्राष्ट्रीय एवं अंतर्राजीय उलमाए ए एकराम और शायर इस्लाम के अतिरिक्त स्थानीय मौलानाओं ने शिरकत किया। एतिहासिक कान्फ्रेस में हिंदू मुस्लिम सिख और ईसाई का अनमोल संगम देखा गया। कांफ्रेंस का शुभ आरंभ कुरान ए पाक कि तलावत से कारी मंसूर अहमद ने किया।कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता मौलाना जावेद अख्तर कोलकत्ता बंगाल एवं संचालन हलचल सिवानी कर रहे थे।इस मौके पर गंगा जमुनी तहजीब को सशक्त और मजबूत बनाने को लेकर कांफ्रेस के आयोजक मो सलीम सेठ के हाथों सामाजिक समरसता के अलंबरदार कमल कुमार केशरी उर्फ पंडित सिंह, जिप सदस्य सुरेश पासवान, प्रो ओम प्रकाश निवलेंदु, स्थानीय मुखिया अशोक यादव,विनय कुमार



गुप्ता,सरदार अजमेर सिंह, सरदार मोनू सिंह को फूलों का माला पहना कर स्वागत किया गया। मौलाना सद्दाम सैफी चतुर्वेदी नेपाल ने कहा कि ऋ ग्वेद, सामवेद यजुर्वेद, अर्थवावेद और कुरान के सलकों के हवाले से मानवता का संदेश सभी ग्रंथों में दिया गया है।धार्मिक पुस्तकों को लोग पढ़ना छोड़ कर सिर्फ धार्मिक भावनाओं में लोग बह रहे हैं जिस से मानवता शर्मसार हो रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि ईश्वर की आकाशीय पुस्तकों की संख्या 128 है जिसमें महान ग्रथों की संख्या उन्होंने ने चार बताया।उक्त धार्मिक ग्रंथों के साथ तौरेत,जब्बूर,इंजिल और कुरान भी है। संतान धर्म के उक्त चार महान ग्रंथों के अतिरिक्त महाभारत और रामायण की कथाएं भी मानवता का ही संदेश देती है।किताबों से दूरी सामाजिक और आपसी भाई चारे को तबाही और बर्बादी के दहाने तक पहुंचा दिया है।सभी धर्म के लोगों को अपनी धार्मिक ग्रंथों को पढ़ कर समझने पर जोर दिया गया।उन्होंने उक्त ग्रंथों के सलोकों को पढ़ कर कहा कि कोई भी धार्मिक ग्रंथ में हिंसा की बात नहीं कही गई है।मौलाना मुफ्ती सरफराज अहमद मिस्बाही कोलकत्ता ने अपने संबोधन में कहा नबी के नवासे हुसैन ने कर्बला के मैदान में जो महान शहादत पेश किया वह आज तक कोई दुसरा मिसाल पेश नही कर सका है और रहती दुनियां तक कोई पेश नही कर पाएगा। जो सब्र हुसैन ने पेश किया उसका का भी मिसाल दुनिया की किसी पुस्तक में नही मिलती है।इराक की धरती का वह कर्बला का मैदान और नहरे फुरात पर पानी लेने पर रोक यजीद के जुल्म को आज भी किताबें बेयान कर रही है। पुरी दुनियां में हुसैनी हैं परंतु यजीदी समाप्त हो गए।यजीदी नबी के घराने और इस्लाम को समाप्त करना चाहते थे वह खुद ही मिट गए।कर्बला में हुसैन ने जुल्म के विरुद्ध सर दे दिया परंतु सर नही झुकाया।हुसैन की महान शहादत आज पुरी दुनिया मना रही है परंतु यजीद की विजय की उद्घोषण कोई नही करता है। हम सब हुसैनी हैं जुल्म करने वाले करते रहें हम सब्र करते रहेंगे।इस मौके पर शाएर इस्लाम कलीम अशरफ कानपुर, यु पी, मौलाना फुरकान मंजरी, बरैली शरीफ युपी,हसीब उल्लाह जिगर पालम्वी,मौलाना हसन सिद्दीकी, सद्दाम सैफी बिहार, कारी मो मेराज अहमद बरकाती,ने अपने संबोधन और कविता के माध्यम से लोगों को पुरी रात बांधे रखा। इन लोगों के अतिरिक्त स्थानीय मौलानाओं में मुफ्ती मो रेयाज उद्दीन हसन शाही, मौलाना इनामुल हक, मौलाना इरशाद रहमानी, मौलाना इबरार, हाफिज में मुख्तार आलम रिजवी, मौलाना जुलकरनैन, मौलाना शाहबाज आलम, हाफिजों में हारून रजा, शहाबुद्दीन, इकबाल हुसैन,वसीम अहमद, महफूज आलम भी स्टेज पर मौजूद थे। कांफ्रेंस को सफल बनाने में वकील खां, जमाल अहमद, पप्पू मिस्त्री, अताउल्लाह, शमीम अहमद, रफीक अहमद, आतिफ खां, बाबर खां, अब्दुल हफीज अमानुल्लाह के अतिरिक्त कमिटी के दर्जनों लोगों ने महती भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त खबरें

### जिप सदस्य शेख तैयब के प्रयास से अचलजामु को मिला ट्रांसफार्मर



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत अचलजामो पँचायत के टोला बसरियाटांड़ में विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब के प्रयास फलस्वरूप 100 केवीए का ट्रांसफार्मर मिला। जिसे देख ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई । जिप सदस्य शेख तैयब,पूर्व मुखिया तापेश्वर रजक व पूर्व प्रमुख अशोक गुप्ता ने सयुक्त रूप से विधुत ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्धघाटन किया । ज्ञात हो कि लगभग एक महीने से बसरिया टोला का ट्रांसफार्मर जल गया था,जिसकी सूचना पाकर विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने त्वरित कार्यवाही करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर ट्रान्सफार्मर उपलब्ध कराया,जिसे ग्रामीणो खूब सराहा।फोन पर बातचीत के दौरान मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने कहा कि बिजली आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताओ में से एक है,और इसमें देरी से ग्रामीणों का हाल बेहाल हो जाता है ।बिजली नही होने से छात्रों की पढ़ाई के साथ किसानों को सिंचाई की भारी समस्या हो रही थी। जिसकी सूचना पाकर मैं विभाग से पूरी प्रकिया कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। अचलजामु बसरियाटांड़ के लोंगो ने सभी जनप्रतिनिधियो का आभार व धन्यवाद दिया।मौके पर अशोक महतो,हरिश्चन्द्र पण्डित,उपेन्द्र मणि, बासुदेव प्रसाद,द्वारिका कुमार,महेश साव रामेश्वर साव,छत्रु महतो,मनोज महतो,रोहित साव,मेघलाल साव,मिठूलाल प्रसाद,बुटन प्रसाद व सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष बच्चे उपस्थित थे।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग जिला अन्तर्गत बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड चलकुशा ग्राम पंचायत मस्केडीह में के.जी. एन.क्लब बरियोंन 02 के तत्वाधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर व बैटिंग कर किए।उद्घाटन मैच तेतरौन(कोडरमा)बनाम पलमा(हजारीबाग)के बीच खेला गया। मौके पर जिला परिषद सदस्या साबिता सिंह,मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष आलोक सिंह,मुखिया प्रतिनिधि बिक्रम सिंह,पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव,युवा नेता अनुज रवि,मनोहर चौधरी,अनिल यादव,श्याम वर्णवाल,शशि सिंह,इस्लाम अंसारी,तस्लीम रज्जाक,सैयद अंसारी, इजराइल अंसारी,कुमार अंतु, राजू यादव,जितेंद्र चंद्रवंशी सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### जंगली हाथी से प्रभावित क्षेत्र का विधायक ने किया दौरा

**चलकुसा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के मन्नैया में और सेवाटांड पंचायत अंतर्गत पदनाटांड में हाथियों के दल के आने से ग्रामीणों में दहशत है।हाथियों के दल ने कई मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया।इसकी जानकारी मिलने के उपरांत अमित कुमार यादव जी ने अंचल अधिकारी के साथ अवलोकन किया।तत्पश्चात सीओ को निर्देश दिया की अविलंब इसका रिपोर्ट बनाकर के वन विभाग को जमा करे ताकि जल्द इन्हें मुआवजा दिया जाय।इसके साथ ही विधायक ने अपने स्तर से वैसे गरीबी रेखा के पात्र लोगों को आर्थिक सहयोग भी किया।

### नमो कैरम टूर्नामेंट-2023 का हुआ सफल समापन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधायक मनीष जायसवाल के विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित विधायक सेवा कार्यालय परिसर में विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित नमो कैरम टूर्नामेंट- 2023 का सफल समापन रविवार को हुआ। इस तीन दिवसीय कैरम टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर दिखा वहीं कैरम टूर्नामेंट का रोमांस देखने दर्शकों का सैलाब भी उमड़ा। इस टूर्नामेंट में 50 पुरुष खिलाड़ियों के साथ महिला खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। 04 अगस्त को शुरू हुए इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में कुल 49 मैच और महिला वर्ग में 11 मैच हुए। बेहद रोमांचक नमो कैरम टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में राजेश भेंगरा और महिला वर्ग में अंजली पांडेय ने अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों को लगातार पकड़ते हुए टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। रविवार को टूर्नामेंट आयोजन स्थल विधायक सेवा केंद्र परिसर में समापन समारोह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सर्वश्रेष्ठ प्लेयर का खिताब महज 11 साल के बाल खिलाड़ी अर्नव को और विशिष्ट प्लेयर का खिताब 67 वर्ष की आयु वाले वृद्ध खिलाड़ी श्यामसुंदर शर्मा को दिया गया। इसके अलावे विधायक मनीष जायसवाल ने महिला वर्ग की विजेता अंजली पांडेय और उपविजेता शिवानी कुमारी तथा पुरुष वर्ग के विजेता राजेश भेंगरा, उपविजेता विजय राम एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले उत्कर्ष, चतुर्थ स्थान पर रहने वाले इंद्रजीत को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

## टमाटर लदा पिकअप वैन चरही घाटी के युपी मोड़ में पलटा, बाल बाल बचा चालक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चरही थाना क्षेत्र के एन एच 33 के चरही घाटी युपी मोड़ में रविवार को टमाटर लदा पिकअप वैन (जेएच 10 बीएन 9589) अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि वाहन में सवार लोग बच निकले। नेपाल से टमाटर लदा पिकअप रांची जा रहा था। यूपी मोड़ के समीप घुमावदार मोड़ में चालक गति पर नियत्रंण नहीं रख सका और पिकअप पलट गया। इसके बाद करेट में भरा टमाटर सड़क में बिखर गया। टमाटर ले जाने की फिराक में आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा होनी शुरू हो गई थी। तभी सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को वहां से हटाकर पिकअप व टमाटर को



अपनी निगरानी में लिया। चरही थाना के पुलिस बल द्वारा भीड़ को हटाकर पिकअप को सीधा करके एनएच में यातायात को सुचारू किया गया।

## विभिन्न प्रखण्डों में नुक्कड़ नाटक द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का किया गया प्रचार-प्रसार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनसंपर्क विभाग हजारीबाग के निबंधित कलादलों के द्वारा नुक्कड़ नाटकों का मंचन कर आम लोगों के बीच सरकार की लोककल्याणकारी एवं फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई।इस क्रम में रविवार को सदर प्रखण्ड के मंडई एवं एवं मटवारी, इचाक प्रखण्ड के करियातपुर एवं डाढा, चालकुशा प्रखण्ड के कुशा एवं सूडान पंचायतों में आमजनों के बीच सरकार द्वारा संचालित मास



ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान के तहत् अल्बेंडाजोल की खुराख खिलाने को लेकर जागरूक किया गया।

साथ ही हाथीपांव जैसे बीमारी से बचाव के लिए दवा खाने के महत्त्व को समझाया गया। इस दौरान मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करने सहित आवासीय परिसर के आसपास पानी के जमाव से बचने के सन्दर्भ में जानकारी दी गई।

## जन्म व मृत्यु निबंधन के लिए धनवार पंचायत में शिविर 7 अगस्त को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत में जन्म व मृत्यु निबंधन के लिए सोमवार को शिविर लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार जन्म व मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान 14 जुलाई से लेकर 14 अगस्त तक चलाई जा रही है। इस संबंध में बरही बीडीओ पत्र जारी कर सभी पंचायत में विशेष कैंप का



आयोजन करने का निर्देश दिए है। वहीं उन्होंने कहा कि पंचायत में जिन भी ग्रामीण का जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बना है वे कल सुबह 10 बजे लगने वाले विशेष कैंप में आए और शिविर का लाभ उठाएं।

## वृक्षारोपण व गमला सजाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग में प्रांतीय योजनानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं गमला सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया द्य इस प्रतियोगिता में कक्षा चतुर्थ से दशम तक के भैया/बहनों ने भाग लिया द्य भैया बहनों के द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार एवं औषधीय पौधा का रोपण किया गया द्य जिसमें आम, अमरूद ,केला ,तुलसी,नीम एवं करंज के पौधे थे द्य गौरतलब है कि पर्यावरण



संरक्षण निमित्त पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है।

इस कार्यक्रम में भैया बहनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं उन्होंने पूर्ण मनोयोग से वृक्षारोपण का कार्य संपन्न किया द्य इस प्रतियोगिता को 3 वर्गों में विभाजित किया गया थाद्व शिशु वर्ग ,बाल वर्ग एवं किशोर वर्ग द्य गमला सजाओ प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य शैलेंद्र कुमार सिंह,मनोज कुमार पांडे ,अविनाश कुमार पांडे एवं आशा दीदी थी द्य विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना एवं विद्यालय में अध्ययनरत भैया बहनों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है ।

## पर्यावरण मंच ने एक पेड़ देश के नाम को लेकर जीएम बरकासयाल को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** पर्यावरण मंच (बीएमएस) के एक पेड़ देश के नाम कार्यक्रम के तहत रविवार को सीसीएल बरकासयाल जीएम अजय कुमार सिंह व उनकी पत्नी को सम्मानित किया गया। यह सम्मान पर्यावरण प्रदेश संयोजक(बीएमएस) के प्रशांत बेलथरिया, शिक्षाविद, संस्कृति एवं सामाजिक विकास के प्रतिनिधि उदय शंकर भट्टाचार्य, समाजसेवी धनंजय सिंह ने एक साथ अंग वस्त्र, मेमोंटो, आम वृक्ष पौधा देकर किया। बताया गया कि पर्यावरण के क्षेत्र में महाप्रबंधक अजय सिंह को सीसीएल ने बेस्ट अवार्ड से नवाजा हैं। उनके अच्छे कार्य एंव कोयला उत्पादन प्रदर्शन के लिए कोयला मंत्री ने भी पुरस्कृत किया हैं। इसके अलावे वे पहले



ऑस्ट्रेलिया में वर्ल्ड कोल कॉन्फ्रेंस में कोल इंडिया की ओर से प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हैं। इधर जीएम अजय सिंह ने बीएमएस के पर्यावरणीय असंतुलन तथा जलवायु परिवर्तन को ठीक करने के लिए राष्ट्रव्यापी एक पेड़ देश के नाम कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने की सराहना किया हैं।

## विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर युवाओं ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा के अंबेडकर नगर झोपड़ी में रविवार को युवाओं ने विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर बैठक आयोजित की। इसकी अध्यक्षता समाजसेवी दीपक उरांव ने किया। बैठक में आगामी 9 अगस्त को आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाने, तैयारी में सहयोग देने, आदिवासियों की धरोहर जल- जंगल- जमीन की रक्षा और पौधरोपण करने की भी बातें कही गई। अवसर पर समाजसेवी



दीपक उरांव ने कहां कि हम सभी को मिलजुल कर अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाए, बनाए रखने की आवश्यकता हैं। तभी हमारी पहचान आदिकाल तक बनी रहेगी। मौके पर आदिवासी अगुआ दीपक उरांव, पाहन गोपाल उरांव, सूरज, रोबिन उरांव, शुभम करमाली, विशाल, छोटू, संदीप उरांव, आकाश, विकास, महेश, शनि करमाली आदि युवा उपस्थित थे।

## बरकाकाना रेलवे स्टेशन का 33 करोड़ से होगा पुनर्विकास

# मोदी के नेतृत्व में हजारीबाग व रामगढ़ में बेहतर बना रहे रेल सेवाएं : जयंत सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश में 1300 रेलवे स्टेशनों को मल्टी मॉडल हब के तौर पर विकसित किया जाना है। इसमें पहले फेज में 508 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जायेगा। इस परियोजना पर ?24 हजार 700 करोड़ की लागत आयेगी। हर्ष की बात है कि इस योजना को लेकर झारखण्ड से 20 रेलवे स्टेशनों का चयन किया गया है, जिनमें बरकाकाना रेलवे स्टेशन शामिल है। बरकाकाना रेलवे स्टेशन का लगभग ?33 करोड़ से सुंदरीकरण किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 अगस्त को वर्चुअल माध्यम से इन सभी स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यो



का शिलान्यास किया। सांसद जयंत सिन्हा बरकाकाना रेलवे स्टेशन से बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों के साथ इस कार्यक्रम से जुड़े। इस कार्य के शिलान्यास से क्षेत्र के विकास में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गयी है। इस स्टेशन की बिल्डिंग के डिजाइन में स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला की झलक दिखाई देगी। साथ ही यहाँ यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं को सुनिश्चित किया जायेगा। सांसद जयंत सिन्हा हज़ारीबाग व रामगढ़ में रेल सेवाओं के विस्तार के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने अपनी दूरदर्शी सोच से क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी परियोजनाओं को धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार है जो सदैव जनसेवा को प्राथमिकता देती है। बरकाकाना रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से जनता को बहुत लाभ मिलने वाला है। मोदी जी ने हज़ारीबाग लोकसभा को वंदे भारत के साथ यह एक और सौगात दी है।प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के सहयोग से हजारीबाग लोकसभा में रेल सुविधाओं में निरंतर बढ़ोतरी करने के लिए मैं हर प्रयास कर रहा हूँ। मैं इस परियोजना के लिए समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से प्रधानमंत्री व रेल मंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

## रामगढ में विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन रामगढ सिविल सर्जन को सम्मानित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विश्व ब्राह्मण संघ के झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा के नेतृत्व में दस लोगो का एक प्रतिनिधि मंडल विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन, के पदाधिकारी गण रामगढ में नये पदभार ग्रहण किये सिविल सर्जन महालक्ष्मी मैडम को उनके कार्यालय में भेंट कर मंत्रोच्चारण के पश्चात पुष्प गुच्छ, देकर सम्मानित किया गया एवं महा लक्ष्मी मैडम की स्वास्थ्य तथा दीर्घायु की कामना किया गया , साथ ही संबैधानिक ढांचागत परम्परा के अनुरुप रामगढ जिला के लिए बहुत खुशी की बात है, रामगढ जिले को लोंगो को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिये । मौके पर विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन के प्रदेश मुख्य महासचिव प्रदीपकुमार शर्मा, विश्व ब्राह्मण संघ के संरक्षक नवीन पाठक, सांसद प्रतिनिधि इला रानी पाठक , विश्व ब्राह्मण संघ के जिलाध्यक्ष महेश कुमार मिश्रा, विप्र फाउंडेशन के झारखंड प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामभगत शर्मा, जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा , विश्व ब्राह्मण संघ के कानूनी सलाहकार अधिवक्ता इन्द्र मणि नाथ मिश्रा, अनुज तिवारी, हरिहर पाठक, विकास पांडे, रमण शर्मा, ब्राह्मण समाज के होनहार युवा कोषाध्यक्ष गोकुल शर्मा , इत्यादी अनेक लोग उपस्थित थे ।

## संजय मेहता के प्रयास से वतन वापस आ रहा मोहम्मद अहसान का शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** चतरा जिले के मोहम्मद अहसान की मौत हृदय गति रुकने से सऊदी अरब में हो गयी थी। वे वहाँ सऊदी अरब के जेद्दा में काम करते थे।मोहम्मद अहसान चतरा जिले के गिद्धौर प्रखंड मंझगाँवा अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के घटेरी गाँव के निवासी थे। मोहम्मद अहसान के मौत की सूचना के बाद परिजन परेशान थे। वे किसी तरह शव को भारत लाना चाहते थे।

**20 जुलाई को संजय मेहता को मिली सूचना :** 20 जुलाई को मोहम्मद अहसान के भतीजे मोहम्मद असजाद ने बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजय मेहता को इस घटना की सूचना दी। तत्काल इस घटना को लेकर संजय मेहता ने प्रयास शुरू कर दिया। उन्होंने सऊदी अरब में अपने परिचितों से संपर्क स्थापित कर भी घटना की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने विदेश मंत्रालय के मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखा।पत्र की प्रति उन्होंने सऊदी अरब में भारतीय दूतावास को भी भेजा। इसके बाद परिजनों से मोहम्मद अहसान के मालिक का नम्बर लेकर संजय मेहता ने उनके मालिक हिशाम से संपर्क किया। उन्होंने वक्त माँगा।

**कैसे आ रहा शव, क्या - क्या हुई परेशानी :** मोहम्मद अहसान के शव को भारत लाने की प्रक्रिया में काफी परेशानियां हुई। संजय मेहता ने सभी विवरण एवं पासपोर्ट डिटेल्स को मंत्रालय को उपलब्ध कराया। हालांकि सऊदी अरब में मोहम्मद अहसान जहाँ रह रहे थे वहाँ की स्थानीय कागजी प्रक्रिया की जरूरत थी। जिसमें उनके मालिक द्वारा कुछ देरी हुई। बाद में थोड़ा देरी से वह प्रक्रिया पूर्ण हुई।

**02 अगस्त को कॉन्सुलेट जनरल ऑफ इंडिया, जेद्दा से आया जवाब :** दिनांक 02 अगस्त को कॉन्सुलेट जनरल ऑफ इंडिया, जेद्दा से संजय मेहता को पत्र का लिखित जवाब आया। जिसमें जेद्दा में भारत के कॉन्सुल नमो नारायण मीना ने लिखा कि शव को भारत भेजने की लगभग सभी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है ओर कुछ छोटी - मोटी औपचारिकता को पूर्ण किया जाना बाकी है। संजय मेहता ने यह सूचना परिजनों को दी। इस सूचना के बाद परिजनों ने सुकून की साँस ली।

**06 अगस्त को शाम सात बजे कोलकाता पहुँचेगा शव :** मोहम्मद अहसान के शव को अल वजेल कार्गो के माध्यम से फ्लाइट संख्या ई के 804 से 05 अगस्त को सबसे पहले जेद्दा से दुबई भेजा गया। उसके बाद 06 अगस्त को दुबई से कोलकाता के लिए फ्लाइट संख्या ई के 572 से कोलकाता एयरपोर्ट भेजा जा रहा है। 06 अगस्त को शाम 07 बजकर 18 मिनट पर फ्लाइट कोलकाता एयरपोर्ट पर लैंड करेगा।

एयरपोर्ट पर कुछ औपचारिकता के बाद शव को 07 अगस्त को सुबह परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

**झारखंड सरकार का एम्बुलेंस शव लाने जाएगा कोलकाता :** शव के पहुँचने की सूचना संजय मेहता ने श्रम विभाग राँची को दी। इसके बाद श्रम अधीक्षक चतरा के पत्रांक 459 दिनांक 05 अगस्त 2023 के माध्यम से असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी चतरा को सूचना दी गयी। इसके बाद 104 एम्बुलेंस सेवा के तहत चालक अरबिंद कुमार पांडेय को परिजनों के साथ कोलकाता से शव चतरा लाने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया।

**क्या कहते हैं संजय मेहता :** संजय मेहता ने बताया कि लॉकडाउन के समय से एक हेल्पलाइन की शुरुआत की थी। उस दौरान 192 लोगों को फ्लाइट से झारखंड लाया था जो देश के अलग - अलग कोने में फँसे थे। उसके बाद से लगातार प्रवासी मजदूरों, छात्रों की समस्या पहुँचती रहती है। बीच के दिनों में मणिपुर से भी छात्रों को झारखंड लाने में सफलता मिली। मोहम्मद अहसान के इंतेक़ाल की सूचना परिजनों से मिली थी। जिसके बाद हमारी टीम ने प्रयास शुरू किया। उन्होंने बताया कि मानवता की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। सामूहिक प्रयासों से ऐसे मामलों को जल्द सुलझाया जा सकता है। पलायन झारखंड की बड़ी समस्या है। सरकार को भी मजदूरों के पलायन पर विचार करना होगा।

## सदर विधायक के प्रयास से कटकमदाग वासियों को मिली राहत, अब डीएसपी से मुख्यालय में ही होगी मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा मानसून सत्र- 2023 के दौरान हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र की जनता के ज्वलंत समस्या को पुरजोर तरीके से उठाए जाने के बाद कटकमदाग प्रखंड को बड़कागांव अनुमंडल पुलिस मुख्यालय से हटाकर पुनः मुख्यालय क्षेत्र किए जाने से हर्षित और पुलकित कटकमदाग की जनता ने विधायक मनीष जायसवाल का पुरजोर तरीके से स्वागत और अभिनंदन किया। विधायक सेवा केंद्र परिसर में पहुंचे कटकमदाग के सैकड़ों लोगों ने विधायक मनीष जायसवाल को पगड़ी बांधकर, फूल माला पहना कर और पुष्पगुच्छ भेंटकर आभार जताया एवं धन्यवाद दिया ।उल्लेखनीय है की कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र की जनता को डीएसपी से मिलने के लिए 30 किलोमीटर की दूरी तय कर बड़कागांव जाना पड़ता था। जनता के इस दर्द को विधायक मनीष जायसवाल ने जैसे ही सदन पटल पर रखा मामले का निस्तारण हो गया और पुनः कटकमदाग क्षेत्र के लिए मुख्यालय डीएसपी को कार्यभार दे दिया गया। जिससे कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत हुई ।विधायक मनीष जायसवाल को आभार जताते वालों में कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, कृषि एवं जन वितरण प्रणाली प्रतिनिधि इंद्रनारायण कुशवाहा, मंडल प्रभारी के.पी.ओझा, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, मंडल उपाध्यक्ष कमल कुमार साहू, मंडल महामंत्री वीरेंद्र साव, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय गिरी, भाजयुमो महामंत्री आशीष कुमार गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष मिथिलेश यादव, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष लीलावती देवी, मसरातु पंचायत मुखिया प्रतिनिधि धीरज कुमार, कटकमदाग मुखिया प्रतिनिधि सुनील गोप, बानादाग पंचायत समिति सदस्य मनीष कुमार, कुसुंभा मुखिया कल्लू राम, सुनील मालाकार, विकास यादव, उमेश पासवान, धीरज राणा, योगी यादव, सागर कुमार, बसंत यादव, जगन्नाथ प्रजापति, रोहन साहू, सदानंद ओझा, प्रीतम कुमार, राजू यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# पीएम मोदी ने ऑनलाइन किया कोडरमा रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास योजना का शिलान्यास, गवाह बनी विधायक समेत भाजपा नेता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** पीएम मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 508 प्रमुख रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधार शीला रखी. कोडरमा रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए भी ऑनलाइन शिलान्यास किया गया. पुनर्विकास योजना कार्यक्रम में स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई. वही विशेष अतिथि के रूप में बरकट्ठा विधायक अमित यादव भी उपस्थित रहे. डॉ नीरा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कोडरमा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास के लिए चयन किया. यह एक सुखद एहसास है. उन्होंने कहा कि




पुनर्विकास के बाद कोडरमा वासियों को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से युक्त रेलवे स्टेशन मिलेगा. इस मौके पर रेलवे के पदाधिकारी, स्थानीय नेता जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, रमेश सिंह,सांसद प्रतिनिधि संजय शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव , नगर मंडल अध्यक्ष राजेश सिन्हा, महामंत्री नवीन चौधरी, जीप सदस्य लक्ष्मण यादव समेत शहर के गणमान्य समाजसेवी, विद्यालय के छात्र सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे.

**1309 स्टेशनों का किया जाना है पुनर्विकास**

ज्ञात हो कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भारत के 1309 स्टेशनों का चयन किया गया है. जिसमें झारखंड के 20 स्टेशन भी शामिल हैं. पहले चरण में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 508 स्टेशनों का ऑनलाइन शिलान्यास किया. कोडरमा स्टेशन का 30 करोड़ की लागत से पुनर्विकास का कार्य किया जायेगा. इके बाद रेलवे स्टेशनों में वह सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो वर्ल्ड क्लास स्टेशनों में होता है।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टर की कमी से अस्पताल प्रबंधन परेशान, मरीज भी हो रहें है परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल से डाक्टरों को दूसरे स्थान पर पदस्थापन किये जाने से उक्त अस्पताल प्रबंधन एवं मरीजों की परेशानी बढ़ी गई है।एकाएक डॉक्टरों को पदस्थापन होने से अस्पताल की स्थित चरमरा गई है। ज्ञात है कि छः डॉक्टरों की देख रेख में बरही अनुमंडलीय अस्पताल संचालित था। अब मात्र दो डॉक्टरों के सहारे उक्त अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं। जबकि बरही अस्पताल में पुर्व से कार्यरत उपाधीक्षक डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी, डॉ मृत्युंजय कुमार, डॉक्टर इंद्रजीत कुमार, डॉ राहुल कुमार थे। जिनमें डॉ इंद्रजीत कुमार को श्रवण मेला देवघर और डॉक्टर राहुल कुमार को सेंट्रल जेल हजारीबाग में प्रतिनियुक्त किया गया है।अब उक्त अस्पताल में उपाधीक्षक डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी एवं डॉ इंद्रजीत कुमार हैं, जिन्हें सप्ताह में 24 घंटे ड्यूटी करना पड़ रहा है। जिससे डॉक्टर भी परेशान हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डॉ धीरज कुमार का पोस्टिंग बरही अनुमंडलीय अस्पताल में की गई थी, जिसे वापस ले लिया गया है। चौपारण के सर्जन डॉक्टर विवेक कुमार को मौखिक रूप से बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया, लेकिन वे बरही अस्पताल में आना नहीं चाहते। बता दें कि चार महानगरों का जीटी रोड एवं एनएच 33 और एनएच 31 सड़क को जोड़ने वाली एवं बरही चौराहे का बरही अनुमंडलीय अस्पताल एक मात्र सहारा है। आए दिन दुर्घटनाएं घटती रहती है,जिसका प्राथमिक उपचार के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल वरदान साबित हुआ है। अगर इस अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या कम रही तो घायलों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

## गरजामो में शानदार जलसा का आयोजन

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम गरजामो में शानदार जलसा का आयोजन इमाम हाफिज तैयब के सदरती में किया गया। इस जलसा में कलकता से चलकर आए कारी निसार साहब ने कहा कि हसन एवं हुसैन का बलिदान दिए परंतु झुके नही। वहीं मो कैयूम ने कहा कि हजरत इमाम



हुसैन की शहादत हमें बलिदान और त्याग की राह पर चलने की नसीहत देती है।वहीं मस्केडीह के प्रिंसिपल ने भी इमामे हुसैन का शान में कसीदे पढ़े। इस अवसर पर भदोही उत्तरप्रदेश के शोएब रजा खान, साजिद रजा, साजिद मुफ्ती ने जलसा का संबोधन किया। जलसा कार्यक्रम मुजाहिद के सरपरस्ती में किया गया। संचालन जनाब दानिश इकबाल साहब ने किया। मौके पर मुख्यातिथि के संख्यक कल्याण महा समिति अध्यक्ष मो कैयूम, हाजी हासिम, पप्पू खान,पंचायत समिति रमजान अंसारी, मो मंसूर आलम शामिल हुए। मौके पर उपस्थित गुलाम अजहर ,मो सदाम, आरीफ अंसारी, मो इम्तियाज, उस्मान मियां, हनीफ मियां, मो सिकंदर, मो सुलेमान , अली हुसैन, अबरार अंसारी, समीम अंसारी, मंजूर अंसारी, मो हसमत, अलीम अंसारी, मो ताजीम , फकरू उद्दीन, फारुक अंसारी,रियाज अंसारी समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## सदस्यता अभियान के निमित्त रांची ग्रामीण की कार्यशाला मांडर में हुई संपन्न

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परिषद की सदस्यता अभियान 7 अगस्त से पूरे झारखंड में होगी दासी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है इसकी सदस्यता अभियान ने छात्रों को जोड़ने के माध्यम से वह समाज में राष्ट्रहित व राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करने के लिए स्वच्छता अभियान



चलती है जो इस बार 7 अगस्त से प्रारंभ होगी इसके नियमित रांची ग्रामीण के मांडल में कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में सभी कार्यकर्ताओं ने एक संकल्प में कहा कि प्रांत की ओर से रांची ग्रामीण को जितना भी लक्ष्य दिया गया है उसको कार्यकर्ता पूरे मन तन धन से लगकर लक्ष्य को पूरा करेंगे वह नए से नए छात्रों को परिषद में जोड़ेंगे राष्ट्र हित की भावना को छात्रों के अंदर पूरी सफलता के साथ सुदृढ़ करने का प्रयास करेंगे

# मेरी माटी मेरा देश' अभियान में सम्मानित किए जाएंगे बलिदानी दिल्ली भेजी जाएगा गांव की मिट्टी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** मेरी माटी मेरा देश' अभियान में खलारी प्रखंड के स्वतंत्रता सेनानियों व बलिदानियों को सम्मानित किया जाएगा. आजादी के अमृत महोत्सव के समापन के रूप में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान की परिकल्पना की गई है. इसे लेकर खलारी प्रखंड सभागार में बीडीओ लेखराज नाग की अध्यक्षता में एक बैठक की गई. बैठक में बीडीओ द्वारा बताया गया कि 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान 9 अगस्त से 15 अगस्त तक गांव से लेकर पंचायत स्तर पर चलेगा. इसमें छह प्रकार के कार्यक्रम किए जाएंगे. जिसमें गांव में उपलब्धता के अनुसार अमृत सरोवर अथवा जलाशय, पंचायत भवन, स्थानीय विद्यालय या किसी प्रमुख स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बलिदानी स्मारक का निर्माण



मनरेगा मद से किया जाएगा. दूसरा बलिदानी स्मारक स्थल पर गांव के जनप्रतिनिधि, बलिदानियों के परिवार के सदस्य, अमृत सरोवर के लाभुक समिति, स्वयं सहायता समूह के सदस्य व आम जनता हाथ में मिट्टा या मिट्टी का दीया लेकर पंच प्राण शपथ लेंगे एवं स्मारक के चारो ओर जलता दीया रखेंगे. तीसरा बलिदानी स्मारक स्थल के चारो ओर पौधारोपण कर मनरेगा से अमृत वाटिका का निर्माण कराया जाएगा.अभियान के चौथे चरण में स्थानीय वीरों व वीरांगनाओं को स्थानीय रीति रिवाज से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा. सम्मानित होने वालों में जीवित अथवा बलिदानी स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार, सेना, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल एवं राज्य पुलिस बल के सेवानिवृत व बलिदानीकर्मी हो सकते हैं।

# झारखंड टीचर ऑफिसर्स एम्प्लॉय फेडरेशन की जिला इकाई का चुनाव संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड टीचर ऑफिसर्स एम्प्लॉय फेडरेशन झारओटीईएफ की जिला कार्यकारिणी के लिए जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, जिला कोषाध्यक्ष तथा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा का चुनाव स्थानीय जिला प्लस टू विद्यालय में रविवार को संपन्न हो गया। इसमें अध्यक्ष पद पर प्रकाश कुमार व रंजीत कुमार वर्मा, सचिव पद के लिए किशोरी महतो, संजय कुमार व संजय चंद्र, कोषाध्यक्ष पद पर कृपेश कुमार व गणेश कुमार, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा पद पर अख्तरी खातून व राखी सिंह प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में थे। चुनाव के शांतिपूर्ण तथा निष्पक्ष संचालन के लिए शिक्षक, जनसेवक, पशु चिकित्सक तथा पुलिस विभाग से मतदान अधिकारी



तथा चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे। राज्य पर्यवेक्षकों में प्रांतीय संयोजक आनंद किशोर साहू की अध्यक्षता में विशेष पर्यवेक्षक सह चुनाव समिति का गठन किया गया था। समिति के सदस्यों में सुधांशु कुमार सिंह, उप महासचिव, लोकेश कुमार, संयुक्त महासचिव, सुधा शर्मा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा और मिथिलेश कुमार सहाय समन्वयक शामिल थे। मतदान का समय सुबह नौ बजे से शाम के चार बजे तक था। मतदान हेतु पांच मतदान केंद्र बनाए गए थे इसमें चार सामान्य एवं एक महिला मतदाताओं के लिए था। चुनाव का संचालन, निर्वाचन पदाधिकारी रौशन एलेन मरांडी संगठन सचिव हजारीबाग जोन ने किया। स्थानीय पर्यवेक्षक के रूप में रवीन्द्र चौधरी, अमित राम एवं रामबिलास पासवान को प्रांतीय समिति से नियुक्त किया गया था।महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष पद पर 185 मत लाकर अख्तरी खातून ने राखी सिंह को पराजित किया। समाचार लिखे जाने तक मतगणना की प्रक्रिया जारी थी।इससे पहले 1771 मतदाताओं में से 1391 सदस्यों ने मतों का प्रयोग किया।

## भाजपा अल्पसंख्यक अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को दिया फुटबाल

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा खलारी मंडल अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जफरूद्दीन अंसारी ने धमधमिया फुटबाल टीम को फुटबाल सहित खेल सामग्री दिया. जफरूद्दीन अंसारी ने कहा कि गांवों में अच्छे खिलाड़ी हैं.परंतु संसाधन का अभाव होता है.वे चाहते हैं कि



गांव के किसी खिलाड़ी को साधन की कमी नहीं हो. उन्होंने आगे भी सहयोग का भरोसा दिया है. इस मौके पर पिंटु कुमार, रोहित कुमार, सूरज लोहरा, उदय गंझू, प्रदीप सिंह, इशू कुमार सहित धमधमिया फुटबाल टीम के खिलाड़ी मौजूद थे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रामीणों ने 500 फलदार वृक्ष लगाकर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रतिदिन पर्यावरण संरक्षण में आते गिरावट को देखते हुए ग्रामीणों ने बड़कागांव पूर्वी पंचायत के गुरुचट्टी के मंझला बाला में 500 फलदार पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। मौके पर सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि दिन प्रतिदिन लोग पेड़ की



कटाई कर रहे हैं। जिससे हमारा पर्यावरण दूषित हो रहा है उसी को संरक्षण करने को लेकर हम सभी ग्रामीणों के प्रयास से आज 500 फलदार वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। आगे उक्त ग्रामीणों ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी पर्यावरण को संरक्षण करने हेतु कम से कम 10 पेड़ जरूर लगाएं वृक्ष है तभी हमारा जीवन संभव है। मौके पर मुख्य रूप से प्रोफेसर सुरेंद्र कुशवाहा, झम्मन प्रसाद मेहता, केनरा बैंक के प्रबंधक शशि कुमार बाघे, बुढ़वा महादेव विकास सहकारी समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता, अरविंद कुमार, संदीप कुशवाहा, सुभाष सिंह ,सुरेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, सरोज कुमार, सुनील कुमार, शशि भूषण कुमार, रामचंद्र महतो, नितेश कुमार, महेश राम, सिकंदर राम, मणिकांत सुमन, मोहनलाल, महेश कुमार, उदय कुमार, शिव शंकर कुमार, संतोष कुमार, सरोज महतो, आदित्य सोनी, अनिल कुमार ,उमेश कुमार मौर्य सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# नईसराय बस्ती स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भव्य शिव चर्चा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** नईसराय बस्ती स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में रविवार को भव्य शिव चर्चा का आयोजन हुआ। इसमें आसपास क्षेत्र के माइंस रेस्क्यू स्टेशन नईसराय, शास्त्रीनगर, हॉस्पिटल कॉलोनी, डॉक्टर कॉलोनी, महतो टोला, थाना चौक, गोलपार से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव जी के भजन से हुआ। इसके बाद श्राद्धालुओं के बीच भगवान शिव का गुणगान किया गया। साथ ही उनके महिमा की चर्चा की गई। अंतिम में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण हुआ। आयोजक नईसराय निवासी रुकमणी देवी ने बताया कि सभी के सहयोग से प्राचीन हनुमान मंदिर नईसराय में भव्य शिव चर्चा का आयोजन हुआ। इसमें आसपास क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होकर भगवान शिव को नमन किया। साथ ही प्रसाद ग्रहण कर पुण्य की भागी बनी। आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिव चर्चा कार्यक्रम में रुकमणी देवी, मेघनाथ, मृत्युंजय, भागीरथ महतो, पूजा, तारामणि देवी, ममता देवी, नेहा देवी, मंजू देवी, मनसा देवी, बेबी देवी, बुंदिया देवी, किरण देवी आदि शामिल थे।

# झारखंड तेलीक साहू समाज की बैठक हुई




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड तेलीक साहू सभा के अध्यक्षता कर रहे धनंजय प्रसाद और संचालन रामदेव प्रसाद सामाज का बैठक रिनोल्ट सो रूम के बगल मे बैठक रखी गई। इस बैठक मे निर्णय लिया गया की हमारे तेली सामाज को एकजुट करना है और समाज के अतिम वैक्ति तक यह प्रभाव को ससक्त करना है और अपना समाज को एकजुटता का परिचय देना है इसी संदर्व मे तमाम चर्चाये हुई इस मुहिम का नाम घर- घर तेली समाज जोड़ो अभियान चलाया जायेगा । बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित तेली सामाज के युवा प्रकोस अध्यक्ष रवि कुमार, रामगढ़ से राज कुमार, भुनेस्वर प्रसाद, बंदा पंचायत मुखिया कुलदीप साव, दिग्वा से राजु साव, रंजीत साव, सुरेद्र साव, संजय साव, तारा साव, कुजु से तारा साव,शेखर साव चैनपुर से अमित साव, मांडू कर्मा से तापेस्वर साव, मुकेश साव, आदि लोग निर्णय लिया कि अगला मीटिंग इसी हॉल के प्रांगण मे दिनाक 20/8/2023 दिन रविवार तमाम तेली सामाज से अनुरोध है साथ ही समाज के सभी लोग से अनुरोध किया गया है कि इस बैठक में समाज को ससक्त करने के लिए अपना काम छोड कर जरूर आये।

# मरहबा शुरू करेगी रोटी बैंक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मरहबा ह्यूमन सोसाइटी की एक अहम मीटिंग आज दिनांक 6 अगस्त को कडरू स्थित एक होटल में हुई जिसकी सदारत सोसाइटी के सदर हाजी नूर अहमद ने किया मीटिंग की शुरुआत हाजी शाहिद के तिलावते कलाम पाक से शुरू हुई मीटिंग में अपनी बात रखते हुए कैसर एजाज़ ने कहा की सोसाइटी को आम जनों के लिए एबुलेंस सेवा शुरू करनी चाहिए,वहीं अपनी बात रखते हुए एडवोकेट ज़फ़र इक़बाल ने समाज में फैले हुए नशे की बुरी लत के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाने की बात कही,जबकि हाजी मूसा मल्लिक ने कहा की सोसाइटी गरीब बेसहारा लोगों के लिए रोटी बैंक शुरू करे,जेयाउद्दिन साबरी ने कहा की जिस तरह सोसाइटी पौधा लगाने का काम करती है उसे जारी रक्खा जाए,सचिव नेहाल अहमद ने कहा की नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने के लिए जल्द ही शहर के आलिम उलेमा के साथ एक बैठक कर अभियान शुरू किया जाएगा आलिम उलेमा से बात करने के लिए एक टीम नैय्यर शहाबी के नेतृत्व में गठन की गई है जबकि रोटी बैंक की शुरुआत करने के लिए नजमुल आरफीन के देखरेख में शुरू किया जाएगा,सोसाइटी अगस्त के महीने में दो सौ पौधा लगाने का लक्ष्य रखा है, बैठक में मो शमीम,आलम खान,शमशाद अनवर ने भी अपनी अपनी बात रखी,जबकि तलहा तनवीर हैदरी,मो जमील ,मो फारूक,जहांगीर आलम, परवेज़ खान,अफशारुल आब्दीन,तारिक सगीर, शेख अनीस,विशेष रूप से मौजूद थे।

## अंबा प्रसाद के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ बड़कागांव के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ बड़कागांव प्रखंड के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा के मुख्यमंत्री पक्ष में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री



से समस्त प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण एवं शहरी सहिया दीदियों को मासिक प्रोत्साहन राशि के बदले वेतनमान, पेंशन का लाभ, सहियाओं के आकस्मिक मृत्यु होने पर 50 लाख रुपए आर्थिक सहयोग दिए जाने सहित अन्य माँगें रखी। विधायक अंबा ने मुख्यमंत्री से उनकी माँगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का अनुरोध किया जिस पर मुख्यमंत्री ने झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ को आश्वस्त किया की उनकी माँगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर विधायक अम्बा प्रसाद, विधायक दशरथ गगराई, झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ की सहिया दीदी विमला कुमारी, सीमा देवी, सरस्वती देवी, सुषमा देवी, गीता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# रिमांड और जमानत न्यायशास्त्र के प्रमुख मुद्दे विषय पर क्षेत्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** न्यायिक अकादमी, झारखंड के सहयोग से बोकारो जजशिप एवं जिला प्रशासन बोकारो द्वारा ÷ रिमांड और जमानत न्यायशास्त्र के प्रमुख मुद्दे ÷ विषय पर क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन बोकारो स्टील सिटी के एचआरडी ऑडिटोरियम में रविवार को किया गया। इस सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया एवं झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति/न्यायाधीश, राज्य के विभिन्न जिलों से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायिक पदाधिकारीग/पुलिस पदाधिकारीगण, जिलों के वरीय पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण आदि शामिल हुए। न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने अपने संबोधन में बेल इज रूल,जेल इज एक्सेप्शन पर विस्तार से अपनी बातों को रखा। न्यायमूर्ति ने धारा 41 एवं 41 द.प्र.स के तहत पुलिस द्वारा



मुजरिमों को गिरफ्तार करने के दौरान पुलिस के कर्तव्य एवं जिम्मेदारियों को विस्तार से बताया गया। साथ ही उच्चतम न्यायालय के जजमेन्ट सतेन्द्र कुमार अनटील बनाम सी.बी.आइ 2023 एवं अरनेस कुमार बनाम बिहार राज्य में पुलिस तथा न्यायिक दण्डाधिकारी को दिये गये दिशा -निर्देश को पालन करने पर चर्चा किया गया। सम्मेलन के सम्मानित अतिथि मुख्य न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय-सह- संरक्षक-प्रमुख न्यायिक अकादमी झारखंड माननीय न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा ने वादों के निष्पादन से संबंधित अपने अनुभवों को साझा किया। इंटरेक्शन सेशन में पुलिस पदाधिकारियों/पब्लिक प्रोसिक्यूटर आदि के कई वादों पर कानून सम्मत प्रकाश डाला। न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति आनंदा सेन ने बेल जमानत तथा अपराधिक जमानत से संबंधित नए पहलुओं के संबंध में विस्तार से चर्चा किया।

# ओलंपिक संघ के द्वारा वार्षिक बोर्ड बैठक सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल के प्रति भी अपनी काफी रुचि रख रहे हैं। जिसको लेकर हजारीबाग शहर के विभिन्न खेल संघ के लोग बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को हजारीबाग ओलंपिक संघ के द्वारा वार्षिक बोर्ड बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हजारीबाग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने किया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉक्टर मधुकांत पाठक, झारखंड एथलेटिक संघ के महासचिव सीडी सिंह एवं चतरा ओलंपिक संघ के सचिव राकेश सिंह शामिल हुए। सभी अतिथियों को हजारीबाग ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों के द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया कार्यक्रम में हजारीबाग खेल संघ से जुडे उनके प्रतिनिधि एवं सचिव शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सभी के परिचय के साथ हुआ जिसके बाद हजारीबाग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा को आए अतिथियों के द्वारा शॉल एवं फूलों का गुलदस्ता देकर उनका सम्मान किया गया। जिसके बाद खेल संघ से जुड़े सभी लोगों ने अपना अपना वक्तव्य रखा। जिसके बाद हजारीबाग ओलंपिक संघ को विस्तार




करने को लेकर विचार विमर्श किया गया बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उन्हें हर खेल के उपकरण उपलब्ध कराना तथा जो बच्चे राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय खेल में जो बच्चे जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं उन्हें सुविधा मुहैया कराकर उन्हें खेल की ओर अग्रसर करना जैसे विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।मौके पर डॉ मधुकांत पाठक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग की पावन धरती आकर काफी खुश हूं पहली बार यहां पर आना हुआ है आप लोगों का स्नेह प्यार देख कर मन प्रसन्न हो गया है। जिस तरह इस जिले के बच्चे खेल की ओर अग्रेषित हो रहे हैं मैं ईश्वर से कामना करता हूं कि यह सदैव इसी तरह चलता रहे साथ ही कहा कि आप सभी बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करते रहिए हम सब आपके साथ सदैव खड़े हैं।

## समर्पण रूरल एंड अर्बन डेवलपमेंट ट्रस्ट की बैठक संपन्न

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समर्पण रूरल एंड अर्बन डेवलपमेंट ट्रस्ट की बैठक समर्पण रूरल एंड अर्बन डेवलपमेंट ट्रस्ट की कोर कमिटी की बैठक सेक्टर 6 स्थित कार्यालय में हुई।बैठक में अध्यक्षता बोकारो इस्पात सयंत्र से सेवा निवृत महाप्रबंधक प्रदीप कुमार दे ने किया। श्री दे ने कहा की समर्पण ट्रस्ट का उदेश्य मानव कल्याण के साथ साथ महिला सशक्तिकरण , पर्यावरण संरक्षण , बेटी बचाव बेटी पढाओ , कौशल विकास एवं चाइल्ड काउंसलिंग पर कार्य करेगी। समर्पण ट्रस्ट की अध्यक्षा नियोती डे ने कहा की हमारी पहली प्राथमिकता निशक्त एवं व्यस्क लोगो के लिए कार्य करना है।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

धनबाद/गिरिडीह

रांची, सोमवार, 07 अगस्त 2023 | पेज 10

## थाना के सभी कर्मियों ने बाल विवाह रोकने को लिया शपथ

### बाल विवाह कानूनन अपराध है : शिल्पा कुजुर




**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महिला थाना बोकारो में सहयोगिनी सामाजिक संस्था द्वारा बाल विवाह को लेकर के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना से संबंधित सभी कर्मियों ने बाल विवाह रोकने को लेकर के शपथ ली, तथा इसके खिलाफ जारी अभियान को साथ देने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोकारो महिला थाना प्रभारी शिल्पा कुजूर ने कहा कि विकसित भारत के लिए बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करना हम सबका दायित्व है। इसके लिए हमें संवेदनशील रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के कारण लड़कियों का जीवन दूभर हो जाता है। तथा लड़कियां आगे नहीं बढ़ पाती है। इसलिए इसे रोकना बहुत ही जरूरी है। इस दौरान महिला थाना की स0 अ0 नि0 सीता गागराई, विमला हांसदा, जोसफिन इक्का, पु0 अ 0 नि0 शीला हेम्ब्रम, मेघा बखला, सविता कुमारी, सनातन टूडू, मंजुबा देवी, कमलेश कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## सरिया पहुंचे अखिल भारतवर्षीय बर्णवाल महासभा के सदस्य



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी 25 दिसम्बर को बर्णवाल समाज द्वारा महाराजा अहिवरन की जयंती वृहत पैमाने पर बुलंद शहर उत्तरप्रदेश में मनाया जाएगा, जिसमें पूरे देश के कोने कोने से लोग शामिल होंगे। इसे लेकर अखिल भारतवर्षीय बर्णवाल महासभा के सदस्य उत्तरप्रदेश केअतुल बर्णवाल, संजय बर्णवाल व कृष्ण गोपाल गोयल शनिवार को सरिया पहुँचे। जहाँ उन्होंने समाज के झारखण्ड प्रदेश मंत्री परमेश्वर मोदी के आवास पर सरिया मोदी समाज के नगर अध्यक्ष संजय मोदी,उपाध्यक्ष देवकुमार मोदी,सचिव राजेन्द्र बर्णवाल व अरबिन्द कुमार समेत अन्य लोगों से मुलाकात की। उन्होंने उक्त कार्यक्रम में सरिया से अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने की अपील की। इन्होने कहा कि हमारे समाज का इतिहास बहुत उज्जवल रहा है उस विरासत को हमें आगे लेकर चलना है इसके लिए आपसी एकता को बढावा देना है । नगर अध्यक्ष संजय मोदी ने कहा कि सरिया समाज से अधिक से अधिक लोग उक्त कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## तीन महीने अंधेरे में रहने के बाद चितरापहरी ग्रामीणों को मिला बिजली



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत मलुवाटांड पंचायत के चितरापहरी के ग्रामीणों को तीन महीने अंधेरे मे रहने के बाद पुनः बिजली मिल पाया। बता दे कि चितरापहरी गांव मे पिछ्ले तीन महीने पहले ट्रांसफार्मर जल गया था जिससे पूरा गांव अंधेरे में था। ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग को सूचना देने के बाद भी विभाग ने कोई सुध नहीं लिया। यह गांव चारो तरफ से जंगल से घिरा हुआ है जिससे जहरीले जीवों का खतरा बना रहता है एक दिन भी बिजली के बिना रहना खतरनाक है ऐसे मे इनलोगों ने पूरे तीन महीना अंधेरे में बिताया। ग्रामीणों के द्वारा जब नवडिहा महिला मोर्चा भाजपा के अध्यक्ष पिंकी कुमारी को इस बात की श्वसूचना मिली तो इनके प्रयास से रविवार को ग्रामीणों को नया ट्रांसफार्मर मिला वही ग्रामीणों ने पिंकी कुमारी का आभार व्यक्त किया। वही नवडिहा महिला मोर्चा भाजपा के अध्यक्ष पिंकी कुमारी ने कही कि ग्रामीणों के इस समस्या की जानकारी मिलने पर यहा के विधायक एवं जीप अध्यक्ष मुनिया देवी के प्रयासो से आज ग्रामीणों को इस समस्या से निजात मिली है यह गांव जंगलों से घिरा हुआ है ऐसे मे इतने दिन तक अंधेरे में रहना दुर्भाग्य की बात है।

## असहाय बच्चों का भविष्य संवारने के लिए आगे आई स्माइल फॉर आल संस्था



**खोरीमहुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अनुमंडल क्षेत्र के बीघा कोदम्बरी में स्माइल फॉर आल संस्था के द्वारा आयोजित नामांकन अभियान में प्रयास पहल के 08 विभिन्न गांवों के 30 बच्चों का नामांकन विभिन्न निजी विद्यालयों में कराया गया7 संस्था समाज के वैसे बच्चों का नामांकन प्राइवेट विद्यालयों में करा रही है जिनके अभिभावक या माता/पिता नहीं है और उन सभी बच्चों का स्कूल का मासिक शुल्क संस्था भुगतान करेगी।

### विश्व स्तरीय सुविधा से लैस होगा हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन

## बडे शहरों के तर्ज पर छोटे शहर के स्टेशनों का सपना प्रधानमंत्री मोदी ने किया साकार : अन्नपूर्णा

**अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का प्रधानमंत्री ने किया ओनलाईन शिलान्यास**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया के हजारीबाग रोड रेलवे परिसर में अमृत भारत स्टेशन के तहत हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण व सौंदर्यीकरण योजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री ने किया गया कार्यक्रम में बतौर मुख्य आतिथि कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व सांसद, डा.रबिन्द्र कुमार राय,पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो एंव धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा उपस्थित रहे । सर्वप्रथम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा योजना का ओनलाईन शिलान्यास किया गया तत्पश्चात हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन पर लगे शिलापट्ट का अनावरण कर आतिथियों द्वारा शिलान्यास किया गया । इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ गायिका इंदु शर्मा द्वारा गणेश वंदना से की गयी । तत्पश्चात गायिका इंदु व अमित के द्वारा ये मेरे वतन के लोगों, हर करम अपना करेंगे ये वतन तेरे लिए सरीखे देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये । वहीं सरिया उच्च विद्यालय के छात्रों द्वारा नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये साथ ही विद्यालय के बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। इस दौरान धनबाद रेल मंडल प्रबंधक द्वारा सभी आतिथियों को शॉल व बुके देकर स्वागत किया गया । मौके पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी ने सम्बोधन करते हुए कही कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के कार्यकाल में देश चहुंमुखी विकास की ओर बढ रहा है ,इसी के तहत वैश्विक स्तर की सुविधाओं से युक्त बडे शहरों और विदेशों के तर्ज पर छोटे शहरों के स्टेशनों का भी विकास करने की योजना चलाई गयी । इसी के तहत धनबाद रेल मंडल के 15 व पूरे देश के 508 स्टेशनों का सौंदर्यीकरण व आधुनिकीकरण किया जा रहा है । इसके तहत पहले फेज में हजारीबाग रोड में 28 करोड दस लाख की लागत से उच्च स्तरीय व कवर ओवर प्लेटफार्म, विश्रामगार का आधुनिकीकरण, उच्च तकनीकी युक्त फर्नीचर, प्लेटफार्म तथा प्लेटफार्म के बाहर शौचालय का सुदृढ़ीकरण,12 मीटर चौडा फुट ओवरब्रिज निर्माण ,स्टेशन परिसर का सौंदर्यीकरण व स्टेशन परिसर में यातायात व्यवस्था को ब्यवस्थित किया जायेगा।

## महिला से सरेआम चैन छिनतई सीसीटीवी में कैद हुए अपराधी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झरिया स्थित लाल बाजार निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला मधुलिका केसरी से बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने सुबह कीर्तन भवन के समीप सोने की चैन छिन कर फरार हो गए। बुजुर्ग महिला ने काफी शोर मचाया, लेकिन तब तक बाइक सवार चैन छीनकर गायब हो चुके थे। चैन छिनतई की पूरी घटना एक दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस घटना से मधुलिका केसरी का गला जख्मी हो गया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वो रोजाना की तरह सोना पट्टी से सुबह दूध लाने गई थी। वो पैदल अपने घर लाल बाजार लौट रही थीं। तभी बाइक पर सवार दो अपराधी आए और गले से चैन झपट कर भाग गये। शिकायत के बाद झरिया पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की तलाश में जुट गई है।

## अल्पसंख्यक कांग्रेस ने मनाया इमरान प्रतापगढ़ी का जन्मदिन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन सह राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की यौम ए पैदाइश के मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष जहीर अंसारी के नेतृत्व में जीवन ज्योति दिव्यांग स्कूल बस्ताकोला में दिव्यांगों के बीच केक काटकर व मिठाई बांटकर इमरान प्रतापगढ़ी की जन्मदिन को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव शमशेर आलम, प्रदेश कांग्रेस के विशेष आमंत्रित सदस्य मुख्तार खान, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष शकील अहमद, महासचिव सिकंदर ए आजम, महामंत्री तनत, गुलाम, अज़ीम, हारून, मीर फिरोज, महेंद्र आदि मौजूद थे।

## परिवारवाद को हराना है, राष्ट्रवाद को जीताना है : बाबूलाल

### भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण विभाग द्वारा जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवम सदस्यों केलिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज मधुबन गिरिडीह में संपन्न हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता भगवान है। भगवान के दरबार में अच्छे संकल्प की सिद्धि केलिए बार बार गुहार लगानी पड़ती है। हम भी जनता के दरवाजे पर पार्टी की नीतियों ,कार्यक्रमों को लेकर बार बार जाएं। कहा कि भाजपा सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में श्रेष्ठ भारत की नीव रखी है। तीसरी बार मोदी सरकार बनाकर हमे आत्मनिर्भर भारत निर्माण के संकल्प को पूरा करना है। उन्होंने झारखंड के 14लोकसभा सीट पर जीत सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी लड़ाई परिवारवाद और राष्ट्रवाद के बीच है। मायावी शक्तियां भेष बदलकर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालना चाहती है । इस मंसूबे को नाकाम करते हुए उन्हें कठोर सजा दिलानी है। उन्होंने ग्रामीण विकास और अंत्योदय संबंधी योजनाओं के विषय में बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने अंत्योदय और ग्रामीण विकास की योजनाओं पर अटल जी के नेतृत्व में कार्य प्रारंभ किया जिसे पिछले 9वर्षों में मोदी सरकार ने मजबूती से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आवास योजना, शौचालय योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, किसान समृद्धि योजना, आयुष्मान भारत योजना जैसी योजनाओं ने गांव गरीब किसान को आर्थिक सामाजिक रूप से मजबूती प्रदान की है।

उन्होंने कहा कि आज गरीबी घटी है साथ ही गांव और शहर की दूरी समाप्त हुई है। भाजपा के इतिहास विकास और पंच निष्ठा विषय पर बोलते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने विस्तार से प्रकाश डाला।

### बिना प्रभारी का चल रहा है उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी

## मामला मेरे संज्ञान में है शीघ्र समाधान कर लिया जाएगा : जिला शिक्षा पदाधिकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**महुदा :** धनबाद जिला अंतर्गत बाघमारा अंचल के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी महीने भर से बिना प्रभारी प्रधानाध्यापक के संचालित हो रहा है। लक्ष्मीबाई फूले कल्याण योजना के लिए छात्राएं परेशान हो रहीं है। सहायक अध्यापकों के अनुपस्थिति विवरणी भी बिना प्रभारी के हस्ताक्षर के जा रहे हैं । मैट्रिक संपूरक परीक्षा के परीक्षार्थी एडमिट कार्ड पर प्रभारी के हस्ताक्षर के लिए भाग दौड़ कर रहे हैं, पर विद्यालय के शिक्षक संवेदनहीन बने हुए हैं ।अधिकारियों के निर्देशों को भी वे ठेंगा दिखा रहे हैं। गौरतलब है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार के द्वारा 6 जुलाई को विद्यालय का प्रभार वरीय शिक्षिका रागिनी कुमारी को देने का निर्देश दिया गया तभी से तत्कालीन प्रभारी बसंत प्रसाद और वरीय शिक्षिका रागिनी कुमारी में प्रभार नहीं लेने का जोर आजमाइश शुरू हो गया। 25 जुलाई को क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी गौतम कुमार साहु के मध्यस्थता में रागिनी कुमारी को विद्यालय का प्रभार दिलाया गया, लेकिन 26 जुलाई को वे चिकित्सा अवकाश में चली गई और विद्यालय संचालन का प्रभार वसंत प्रसाद को दिया गया लेकिन वसंत प्रसाद प्रभार लेने से इंकार कर दिया और पुन॰ विद्यालय बिना किसी प्रभारी के चल रहा है। प्रभारी के बिना विद्यालय का सभी दैनिक कार्य स्थगित है नामांकन, टीसी, बैंक अकाउंट खोलना, ऑडिट सब स्थगित है। छात्रों के ना तो यूनिफार्म के रिपोर्ट जा रहे हैं और ना उनके छात्रवृत्ति के। इस परिस्थिति से विधालय में अराजक स्थिति बना हुआ है फिलहाल विद्यालय अनुसाशन विहीन हो गया है, कोई किसी की न सुनता है न ही देखता है विद्यालय प्रबन्ध समिति निरकुंश होकर मुकदर्शक बना हुआ है । भुतनाथ रजवार जिला शिक्षा पदाथिकारी धनबाद ने बताया की उत्क्रमित उच्च विधालय कुंजी का मामला मेरे संज्ञान में है शीघ्र समाधान कर लिया जाएगा ।

## भाजपा का घर-घर तिरंगा का नारा देना हास्यास्पद : ब्रजेंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** एआईसीसी के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि देश में 15 अगस्त और 26 जनवरी को हर जगह, हर घर में, प्रतिष्ठान में, गाड़ियों में, कार्यालय में, मोटरसाइकिल में, यहां तक की साइकिल में भी तिरंगा लगाकर चलते हैं और तिरंगा का मान सम्मान पूरा देश बढ़ाने का काम करता है। आजादी के बाद से ही यह परंपरा शुरू हुई है जो आज तक देश के 140 करोड़ जनता निर्वहन कर रही है। ऐसे में भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है तो हर घर तिरंगा का नारा देने का क्या औचित्य है? अगर नारा ही देना है तो भाजपा को देश को बताना चाहिए की महंगाई कब तक समाप्त होगा।

## ओजोन गैलेरिया मॉल ने शानदार ढंग से मनाया फ्रेंडशिप डे

प्रभात मंत्र संवाददाता




**धनबाद :** जैसा की हम सभी जानते हैं कि फ्रेंडशिप डे को अगस्त के पहले रविवार को मनाया जाता है। इस बार ओजोन गैलेरिया मॉल ने इसे बड़े अंदाज में मनाने की पहल की है। ओजोन गैलेरिया मॉल की लॉबी में एक सेटअप तैयार किया गया है जो अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र की फिल्म ÷शोले÷ पर आधारित है। ओजोन गैलेरिया का फ्रेंडशिप-डे के उत्सव का नारा है ÷ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे÷, जो ग्राहकों और मॉल में आने वालों को अपने दोस्तों के साथ बाइक में बैठकर सेल्फी खींचने और उसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित करता है। ऐसा करने पर दर्शक को एक गिफ्ट कूपन प्रदान किया जाता है, जिससे ग्राहक को उनके साथी दोस्तों को चयनित ब्रांडों पर एक निश्चित प्रतिशत छूट मिलती है। फ्रेंडशिप डे के बाइक सेटअप के साथ सेल्फी खींचने पर भीड़ में बड़ी उत्साह देखी गई। गौरतलब है की झारखंड का वैश्विक मॉल ओजोन गैलेरिया, धनबाद में रिटेल खरीदारी का एक प्रसिद्ध मॉल है। तीन मंजिलों का यह मॉल 2.7 लाख वर्ग फीट के क्षेत्र में फैला हुआ है जिसमें हाइपरमार्केट, मल्टीप्लेक्स, 70 रिटेल दुकानें और फूड कोर्ट हैं। ओजोन गैलेरिया ग्राहकों के लिए एक स्वस्थ खरीदारी अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सर्वोच्च स्वास्थ्य और स्वच्छता के मानकों का पालन करता है। यहाँ 700 वाहनों के लिए पार्किंग क्षमता भी उपलब्ध है।

## जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं के बीच फुटबॉल खेल आयोजन

### खेल को खेल के रूप में खेलना चाहिए : शंकर रवानी



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा गर्ल्स नॉट ब्राइट एवं आशा रांची के सहयोग से उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुमारडीह फुटबॉल मैदान में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं का एक दिवसीय फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि हाथुडीह ग्राम पंचायत की मुखिया संगीता घोषाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पंसस सनाउल्लाह अंसारी थे। इस प्रतियोगिता में जेजीभीटी महिला ग्रुप, मंझलाडीह, बेलाखोंदा एवं कदमटांड़ मिलाकर कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया था। फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था सचिव हलिमा एजाज द्वारा अतिथियों एवं बालिका खिलाड़ियों का अभिनंदन व सत्कार कर किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच प्रेरणा किशोरी समूह मंझलाडीह एवं नई पहल किशोरी समूह कदमटांड़ के बीच खेला गया। नई पहल किशोरी समूह कदमटांड़ की टीम विजेता बनी तथा प्रेरणा किशोरी समूह मंझलाडीह की टीम उपविजेता रही। संस्था के संस्थापक एवं बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने बालिकाओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल में हारजीत मायने नहीं रखता। खेल को खेल के रूप में खेलना चाहिए। मौके मुखिया संगीता घोषाल पंचायत समिति सदस्य सनाउल्लाह अंसारी प्रतियोगिता मेंपूर्व मुखिया संपद घोषाल, मैच के रैफरी हराधन पंडित, कोषाध्यक्ष बिनोद महतो, ममता रवानी, परियोजना समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, भागीरथ सिंह,बेला कुमारी, पुजा कुमारी,माला देवी,तिलक धारी रवानी, बेबी देवी, चंदा कुमारी, आशा देवी, दीपक कु महतो आदि मौजूद थे।

## सुजीत कुमार सोनार को मिला दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के सुजीत कुमार सोनार को उपायुक्त जिला दंडाधिकारी बरुण रंजन के द्वारा आयोजित जनता दरबार में टुंडी प्रखंड के कदैंया पंचायत के सुजीत कुमार सोनार को दिव्यांग पेंशन का लाभ प्रदान किया गया प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी प्रखंड के कदैंया पंचायत के रहने वाले गोवर्धन सोनार के 38 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार सोनार विगत 1 अगस्त को आयोजित जनता दरबार में पहुंचे थे उन्होंने उपायुक्त को आवेदन देकर बताया था कि वह दिव्यांग हैं और काफी दिनों से उनकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है इस पर उपायुक्त धनबाद द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए उन्हें दिव्यांग पेंशन का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया तत्पश्चात उपायुक्त के निर्देश पर सामाजिक सुरक्षा विभाग ने मामले को जांच कर और सभी औपचारिकताएं पूरी कर उनका दिव्यांग पेंशन का प्रमाण पत्र बनाया जिसे उपायुक्त ने आज आयोजित जनता दरबार में सुजीत को दिव्यांग पेंशन का प्रमाण पत्र सौंपा उपायुक्त द्वारा त्वरित कार्रवाई करने और दिव्यांग प्रमाण पत्र दिलाने से सुजीत कुमार सोनार ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उपायुक्त को धन्यवाद दिया है ।

## जर्जर रोड के कारण बाइक सवार असंतुलित होकर गिरा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांको मोड़ से गोल बिल्डिंग तक नवनिर्मित 8 लेन मार्ग में आए दिन हादसा होते आ रहा है। हाल ही में कुछ दिन पूर्व हाईटेंशन तार गिरने से युवक चोटिल हुआ था। यह तो अच्छी बात थी कि 11000 वोल्ट की तार जो टूट कर रोड पर गिरा था, उस समय लाइन कटा हुआ था। इससे दोनों युवकों की जान बच गई थी।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पीएम मोदी ने ऑनलाईन 508 स्टेशनों का किया शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आज पूरे देश मे पीएम मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कुल 508 रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस मत्वकांक्षी योजना में झारखण्ड के कुल 20 स्टेशन सुमार हैं। इस योजना के तहत 25 हजार करोड़ रुपये की लागत से 508 स्टेशन को वलर्ड क्लास का स्टेशन बनाया जाएगा। झारखण्ड के 20 स्टेशनों को 886.7 करोड़ की लागत से आधुनिकीकरण किया जाना है। झारखण्ड के कोडरमा जं, कतरासगढ़, कुमारधुबी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जं, लातेहार, मनोहरपुर, बरकाकाना जं, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा जं, डालटनगंज, गढ़वारोड़ जं, गढ़वा टाउन, घाटशिला, हटिया, हजारीबाग रोड़, नगर उंटारी, पारसनाथ, पिस्का, राज खरसावां एवं साहिबगंज शामिल हैं। इन सभी स्टेशनों को अमृत भारत योजना के तहत कई सुविधाओं से लैस किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम सें शिलान्यास करते हुऐ कहा की देश विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। जब भी कोई सैलानी भारत आए तो उन्हें एक ऐतिहासिक ऐहसास होगा। भारतीय रेलवे पूर्व की अपेक्षा 13 प्रतिशत ज्यादा तेजी से विकसित हो रहा है।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत विधवा को मिला दो लाख का चेक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला अंतर्गत बलियापुर ढोखरा मल्लिकडीह निवासी सुशीला देवी को युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के प्रयास से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख राशि का बीमा क्लेम का भुगतान हुआ। ज्ञातव्य है कि सुशीला देवी के पति स्व गोपाल महतो की मृत्यु विगत 13 मई 2023 को हो गई थी। ऐसी अवस्था मे युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो ने अपने अथक प्रयास से विधवा को बीमा राशि का चेक दिलाने का कार्य किया। मौके पर इंश्योरेंस कंपनी के लोग मौजुद थे। वहीं सुशीला देवी ने सभी का आभार प्रकट किया।

संक्षिप्त खबरे

## सिम विक्रेता के साथ थाना में किया गया बैठक आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** हाल में हो रही सिम के द्वारा फ्रॉड को देखते हुवे एस आई वोरेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जलडेगा थाना अंतर्गत आने वाले सिम विक्रेता के साथ जलडेगा थाना में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें फ्रॉड सिम खरीद-बिक्री को रोकने के लिए हर एक बिंदु पर चर्चा की गई द्य साथ ही सिम रिटेलर को फ्रॉड कर के सिम न बेचने की कड़ी हिदायत दी गई तथा यदि यदि सिम रिटेलर को ऐसा लगे कि सिम खरीदने वाले के साथ सिम खरीदने को लेकर फ्रॉड हो रहा है तो इसकी सूचना थाना में दें तथा सिम खरीदने वाले को इससे अवगत कराने को कहा गया।

## मुक्तिधाम में धीरज प्रसाद साहू के अग्रज उदय शंकर प्रसाद साहू ने किया पौधारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा के भक्शो हरमू मुक्तिधाम में धीरज प्रसाद साहू सांसद राज्यसभा के अग्रज उदय शंकर प्रसाद साहू द्वारा अपनी पत्नी स्वर्गीय अरुणा देवी के स्मृति में तथा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु चंदन का पौधा तथा सांसद श्री साहू द्वारा आंवला का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया गया तथा लोगों से अपील भी की गई कि सरकारी भूमि हो या गैर सरकारी सभी स्थानों में ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगनी चाहिए तथा अवैध पेड़ कटाई पर भी अंकुश लगना चाहिए साथ ही साथ हम सभी लोगों का दायित्व भी है कि पर्यावरण की सुरक्षा हेतु पेड़ पौधा लगाते रहें। साथ ही उनके परिजनों में संजय साहू,दुर्गेश साहू,बिंदु साहू, सौरभ सिद्धार्थ साहू,राहुल साहू द्वारा भी पौधे लगाए गए। मौके पर केंद्रीय मुक्तिधाम समिति के सदस्य व सामाजिक संगठनों के लोगों ने भी जिनमें दुर्गा भगत, अशोक यादव, संजय बर्म्मन, सुखेर भगत, मोहन दुबे, कवलजीत सिंह, मनोज कुमार गुप्ता मन्ना, दीपक सराफ, कमला देवी, सोमा उरांव, निशित जयसवाल, सोहन साहू, दिगंबर साहू, उदय दत्ता, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, रवि उरांव, महावीर उरांव, अजय उरांव, मनोज साहू, सुनील छेत्री, गुड्डू गुप्ता, दिनेश प्रसाद आदि ने गुलमोहर, जामुन, कदम, सागवान, शीशम, गमहार, नीम, पीपल आदि के फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाएं। साथ ही पौधों की सुरक्षा हेतु लोहे का गेवियन भी लगाया गया। सांसद श्री साहू ने अपने सांसद निधि कोष से हरमू भक्शो मुक्तिधाम के विकास हेतु शवदाह गृह का निर्माण,डेड बॉडी फ्रीजर तथा सड़क निर्माण हेतु राशि देने की घोषणा की। इनके इस घोषणा से केंद्रीय मुक्तिधाम समिति तथा लोहरदगा के धार्मिक, सामाजिक व व्यवसायिक संगठनों के लोगों ने आभार प्रकट किया। साथ ही साथ भक्तों हरमू मुक्तिधाम में कार्यरत तीनों कर्मचारियों को साहू परिवार की ओर से सम्मानित किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस को कांग्रेस, आदिवासी गौरव पर्व आयोजित करेगी : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि 9 अगस्त 2023 अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस के अवसर पर कांग्रेस पार्टी आदिवासी समुदाय के प्रति आभार प्रकट करना चाहती है इसके लिए कांग्रेस आदिवासी गौरव पर्व आयोजित करेगा। साथ ही इस अवसर पर पिछले 9 वर्षों से भाजपा शासन में उनके अधिकारों और पहचान के संकट के खिलाफ उनकी संघर्ष में कांग्रेस समर्थन करना चाहती है ।हम सभी इस बात का गवाह है कि कैसे वर्तमान भाजपा शासन आदिवासी समुदायों को अपमानित एवं प्रताड़ित करने का काम कर रही है तथा उन्हें उनके वैधअधिकारों से वंचित कर रही है। कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के साथ खड़ी है। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के निर्देशानुसार 9 अगस्त 2023 तारीख को आरक्षित विधानसभा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाएगी जिसके तहत श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें राष्ट्र के इतिहास एवं विकास में आदिवासी के अगुआ, नेताओं, योद्धाओं के योगदान को सम्मान दिया जाएगा। उसी प्रकार आदिवासी के प्रति भाजपा का प्रताड़ना, अत्याचार एवं नीतिगत विफलताओं को उजागर करते हुए आदिवासियों के प्रति समानता और न्याय के लिए उसके साथ खड़े होने का संकल्प लेने हेतु संरक्षण प्रतिभा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उसी प्रकार स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामुदायिक रात्रि भोज, मशाल मार्च, आदिवासियों के घर में रात्रि विश्राम करने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## पतंजलि के निर्देशन में जड़ी बूटी सप्ताह पर लोहरदगा में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में आध्यात्मिक योग एवं आयुर्वेद परम्परा के महान संत आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस पर आयोजित जड़ी बूटी सप्ताह का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में पतंजलि योग समिति लोहरदगा द्वारा स्थानीय वनवासी कल्याण आश्रम में आम,गिलोय, तुलसी,एलोवेरा आदि औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण एवं वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि विश्व का सबसे प्राचीन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी शास्त्र आयुर्वेद है। ऋषि मुनियों ने आयुर्वेद को शाश्वत सत्य कहा है।आयुर्वेद का प्रयोजन स्वस्थ व्यक्ति की स्वास्थ्य रक्षा एवं रोगी व्यक्ति के रोग को जड़ से मिटाना है। आयुर्वेद के अनुसार हरे पौधे,पत्ते,बीज,फल, जड़ आदि सभी को औषधि माना है एवं आहार विहार। जल वायु का विधिपूर्वक सेवन करना, संयमित व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की ओर प्रेरित करता है। इस अवसर पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य शिवशंकर सिंह ने आयुर्वेद के प्रति वर्तमान में अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। इस अवसर सभी ने मिलकर आम व तुलसी का पौधारोपण किया, एवं सभी ने पौधरोपण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वनवासी कल्याण आश्रम के कृपा प्रसाद सिंह, विनोद राय,अजय पंकज, रामसुभग राय, सतीश जायसवाल, अजय मित्तल, दिनेश प्रजापति, परमेश्वर प्रसाद, लक्ष्मी भगत,कृष्णा राम आदि उपस्थित रहे।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 60 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किए। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 31 लोगों ने अपना स्वास्थ्य की जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर काफी दूर-दूर से लोग आकर अपना स्वास्थ्य चेकअप एवं इलाज करवा कर ठीक भी हो रहे हैं,और कहा कि इस बदलते मौसम से कई बीमारियां हो रही है बुखार-सर्दी-खांसी के अलावा आंखों में भी परेशानी हो रही है, लोग खाना को ढक कर रखें, बासी खाना ना खाएं,पानी को गर्म करके पिए एवं समय-समय पर अपनी आंखों को पानी से धोते रहें, सतर्कता से ही बीमारी से बचा जा सकता है। जिला अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल ने कहा कि 1 जून 2022 से चल रहे इस प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में काफी लोग अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर काफी संतुष्ट हैं,एवं चल रहे इस शिविर से अब तक 2000(दो हजार)से भी ज्यादा लोग लाभान्वित हो चुके हैं,और कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7~30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है,लोगों ने शुगर,बी.पी.,ऑक्सीजन लेबल,वजन,हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,डॉ कुमुद से शुगर,बुखार,सर्दी,खांसी,दर्द,हार्ड आदि का चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए,यह स्वास्थ शिविर प्रत्येक रविवार को चलते रहेंगे।

## बोलबा नकटीकछार गांव में जंगली हाथियों ने किया मकान ध्वस्त एनोस एक्का ने किया क्षेत्र दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोलबा :** प्रखंड के नकटीकछार गांव में जंगली हाथियों ने दो ग्रामीणों के घर को ध्वस्त किया। बताया गया की दाऊद कीड़ो एवं अगुस्ता डुंगडुंग का घर को तोड़ा है। सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का और झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का गांव पहुंचे और प्रभावित ग्रामीणों से मिलकर नुकसान की जानकारी ली। एनोस एक्का ने प्रभावित परिवार को आर्थिक सहयोग करते हुए वन विभाग से भी मुआवजा दिलवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि लगातार 3 सालों से जंगली हाथियों का आतंक क्षेत्र में बरकरार है लेकिन इसके बावजूद ना तो वन विभाग इस पर विशेष ध्यान दे रही है और ना ही सरकार इस पर कोई समुचित ठोस कदम उठा रही है जिसका खामियाजा यहां के स्थानीय ग्रामीणों को हो रहा है .लगातार कई बार ग्रामीण रात भर जगने पर विवश है बारिश का मौसम में लोग पहले से ही परेशान है लेकिन हाथियों के आतंक की वजह से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं लेकिन उनकी फरियाद सुनने वाला कोई नहीं है क्षेत्र के जनप्रतिनिधि चुनाव के समय क्षेत्र में दिखते हैं लेकिन अभी लोगों की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है .सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर राजभोग रही है लेकिन जनता खून के आंसू रो रही । लेकिन अगर इसी प्रकार का रवैया रहा तो झारखंड पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी और लोगों के हक अधिकार दिलाने का कार्य करेगी इस क्षेत्र में हाथियों को भगाने के लिए समुचित प्रयास करने का झारखंड पार्टी प्रयास करें । संदेश एक्का ने कहा कि लोगों को हक अधिकार के लिए एकजुट होकर लड़ने की आवश्यकता है ताकि ऐसे लोग जो जनप्रतिनिधि होकर लोगों को दरकिनार कर रहे हैं इन्हें सत्ता से बेदखल कर सके ।मौके पर एनोस ने कहा कि वन विभाग की टीम प्रभावित इलाकों में हाथी भगाने के लिए आवश्यक सामग्री का वितरण करें ताकि ग्रामीण हाथी से अपनी रक्षा कर सकें।मौके पर आशीष सिंह,रवि बड़ाईक,मो लाइस, सुदीप लुगुन,रसाल खलखो,अंकित सुरीन आदि उपस्थित थे ।

## कल्याण विभाग द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पत्र के आलोक में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा इसे झारखंड आदिवसी महोत्सव-2023 के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 के अवसर पर जिला स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियों के आयोजन का निर्णय लिया गया है जो इस प्रकार है। जिला स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पुरुष एवं महिला, दोनों वर्गों के लिए किया जाएगा। आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। इस प्रतियोगिता का आयोजन +2 नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय, लोहरदगा स्थित मिनी स्टेडियम में 09 एवं 10 अगस्त को पूर्वाह्न 09 बजे से किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में विजेता टीम को 21 हजार रुपये,उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये और तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को 11 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।जिला स्तर पर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन पुरुष एवं महिला,दोनों वर्गों के लिए किया जाएगा। आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। इस प्रतियोगिता का आयोजन लूथरन उच्च विद्यालय, लोहरदगा में 09 एवं 10 अगस्त को पूर्वाह्न 09 बजे से किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में विजेता टीम को 21 हजार रुपये, उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये और तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को 11 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। जिला स्तर पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन पुरुष एवं महिला,दोनों वर्गों के लिए किया जाएगा। आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं है।

## अमानुल्लाह अन्सारी सदर और यूनुस अन्सारी बने अंजुमन इस्लामिया झखरा सेकेट्री



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झखरा ग्राम में अंजुमन इस्लामिया के पुराने सदर सेकेट्री कमिटी को भंग करते हुए नये कमिटी का चयन मतदान के माध्यम से किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत स्थित झखरा ग्राम में अंजुमन इस्लामिया के तत्वधान में सदर सेकेट्री पद का चयन प्रकिया मतदान के माध्यम से आरम्भ किया गया। इससे पूर्व सदर पद के लिए पांच उमीदवार मुमताज अंसारी, अमानुलह अंसारी,एजाज अंसारी, तौसीफ अंसारी तथा साबीर अंसारी द्वारा पर्चा भरा गया। जबकि सेकेट्री पद हेतु दो उमीदवार युनूस अंसारी एवं साबीर अंसारी ने पर्चा भरा। दोनों पदों के लिए उमीदवार का नाम ज्यादा होने के कारण मतदान के माध्यम से चयन प्रकिया आरम्भ किया गया। जिसमें 32 वोट से अमानुलाह अंसारी ने मुमताज अंसारी को पराजित कर सदर पद के लिए चयन किया गया। जबकि सेकेट्री पद के लिए युनूस अंसारी ने 53 वोट से तबरेज अंसारी को पराजित कर जीत सुनिश्चित किया। इस प्रकार जीत सुनिश्चित होते ही अंजुमन इस्लामिया झखरा के लिए सदर,सेकेट्री पद हेतु अमानुलाह अंसारी एवं यूनुस अंसारी को पदभार सौपा गया। चयन प्रकिया के दौरान अंजुमन इस्लामिया संरक्षक एवं पदेन कार्यकर्ता सहित मुस्लिम समुदाय के गणमान्य लोग शामिल थे।

## आजादी के अमृतमहोत्सव के तर्ज पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम होगा : उपेंद्र प्रसाद साहू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा मुख्य डाक घर से उप डाक पाल के नेतृत्व मे हर घर तिरंगा जागरूकता रैली निकाला गया। रैली मुख्य डाकघर से निकल कर रेलवे साइडिंग होते हुए बाबा मठ होकर पुनः वापस मुख्य डाकघर पहुँचा। इस अवसर पर उप डाकपाल उपेंद्र प्रसाद साहू ने कहा की अमृत महोत्सव के जैसा इस बार हर घर तिरंगा कार्यक्रम विभागीय निर्देशानुसार किया जा रहा है। उन्होंने ये भी कहा की भारत 1947 मे आज़ाद तो हो गया था लेकिन अभी भी मानसिकता गुलामी की है इसलिए हर घर तिरंगा झंडा लहराणा है और देशभक्ति की भावना का संचार करना उद्देश्य है। इस अवसर पर डाक निरीक्षक भूषण कुमार,उप डाकपाल उपेंद्र प्रसाद साहू, रामशरण साहू, डाकघर जिला संघ के अध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति,सुरेश साहू,सुधा सिंह,नूतन रेखा राम,एवं अन्य डाक कर्मी शामिल थे। ज्ञातव्य हो की आम जनता को भारत का राष्ट्रीय झंडा तिरंगा पोस्ट ऑफिस मे बिक्री हेतु रखा जा रहा है ताकि आम जनता तक तिरंगा झंडा प्राप्त हो सके और हर घर मे तिरंगा झंडा फहराने से देश के प्रति इज्जत सम्मान मे वृद्धि हो सकेगी और हम सब एकजुट होकर मजबूत हो सकेंगे। पोस्ट ऑफिस मे 25 में तिरंगा झंडा विक्री हो रही है।

## आदिवासी कर्मचारी समिति ने विश्व आदिवासी दिवस को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आदिवासी कर्मचारी समिति, लोहरदगा के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक श्री किशोर उरांव समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। आज के बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है, कि 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर समिति द्वारा इस वर्ष कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम में मुख्यता सांस्कृतिक एवं बच्चों का पेंटिंग प्रतियोगिता एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला एवं प्रखंड स्तर के आवासीय विद्यालय के बच्चों को कार्यक्रम हेतु विशेष आमंत्रित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु दिनांक 6 .08 .2023 को पुनः सभी आदिवासी कर्मचारी समिति के सदस्यों का बैठक समरहरणलाय, मैदान लोहरदगा में सुबह 10:00 बजे से रखी गई है,जिसमें कार्यक्रम का अंतिम स्वरूप दिया जाएगा। आज के बैठक में मुख्य रूप से समिति के सम्मानित मुख्य सलाहकार बिफाई उरांव, समिति के सम्मानित कोषाध्यक्ष अभिषेक एक्का, संरक्षक सुश्री अंजू कुजूर, मीडिया प्रभारी श्री सुधीर उरांव, उप कोषाध्यक्ष अरविंद उरांव, उपसचिव गुहा उरांव, कोर समिति के सदस्य दिनकर टाना भगत, रेखा उरांव, राजेन्द्र उरांव, कुलदीप उरांव, सुनील मिंज एवं अन्य।

## ओड़गा एएसआई ने खिलाड़ियों को खेल सामग्री देकर किया प्रोत्साहित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** ओड़गा ओपी के एएसआई प्रमोद कुमार ने खिलाड़ियों को खेल सामग्री देकर प्रोत्साहित किया है। ओड़गा खेल मैदान में खिलाड़ियों को फुटबॉल देते हुए एएसआई प्रमोद कुमार ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं अगर इन्हें उचित मार्गदर्शन एवं सहयोग मिले तो ये देश के लिए अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। खेल के माध्यम से शरीर स्वस्थ रहता है एवं खेल में भी भविष्य को लेकर अपार संभावनाएं हैं वहीं शरीर स्वस्थ रहने से यहां के बच्चे आर्मी एवं अन्य सुरक्षा बलों में शामिल होकर देश की सेवा कर सकते हैं। फुटबॉल प्राप्त कर खिलाड़ियों में हर्ष है एवं एएसआई प्रमोद कुमार सहित ओड़गा पुलिस को धन्यवाद दिया है। मौके पर ओड़गा पंचायत समिति सदस्य दीपक महतो , अंकित तिग्गा, नरेश बड़ाईक, संदीप बड़ाईक, मनीष साहू, सचिन बड़ाईक, जॉनी कुजूर, तांबा साहू, छोटा बड़ाईक, काड़ा साहू सहित ओड़गा चिक टोली के फुटबॉल खिलाड़ी मौजूद थे।

**34 वां क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चैंपियन हुई इंटर कॉलेज की टीम**

## विद्या विकास समिति और महाविद्यालय के पदाधिकारियों सहित गणमान्य लोगों ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बिहार के औरंगाबाद स्थित सरस्वती शिशु मंदिर,उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 5 एवं 6 अगस्त को आयोजित 34वां क्षेत्रीय (बिहार, झारखंड) वॉलीबॉल प्रतियोगिता (तरुण बालक वर्ग अंडर-19) में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा ने राजकमल धनबाद को पराजित कर चैंपियन होने का गौरव प्राप्त कियाद्य इस जीत ने महाविद्यालय के साथ-साथ विद्या विकास समिति झारखंड का भी गौरव बढ़ाया है। टीम के खिलाड़ियों में सुजल बखला, पुनीत उरांव, हरीश उरांव, चरणजीत उरांव, निशित उरांव, रेहान फजल, जितेश उरांव, रोशन कुमार रवि, प्रियांशु उरांव, निखिल भगत एवं अजित भगत और टीम मैनेजर के रूप में आचार्य रितेश कुमार पाठक शामिल हैद्य टीम 4 अगस्त को यहां से रवाना हुई थी और 7 अगस्त को लौटेगीद्य लौटने पर टीम का भव्य स्वागत होगाद्य टीम की सफलता के लिए बधाई देने वालों में क्षेत्र संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्रीय मंत्री रामअवतार नारसरिया, क्षेत्र सचिव नकुल कुमार शर्मा, प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, खेलकूद के क्षेत्र प्रमुख सुरेश मंडल, गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्या विकास समिति झारखंड के सभी पूर्णकालिक कार्यकर्ता, शीला अग्रवाल, स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत, लोहरदगा नगर में विद्या भारती विद्यालयों के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, सह सचिव अश्विनी कुमार, शिक्षाविद सदस्य कृष्णा प्रसाद, डॉ शशि गुप्ता, सदस्य शोभा देवी, जीतराम बड़ाईक, प्रदीप कुमार, पुष्कर महतो, संकुल प्रमुख बिपिन कुमार दास,शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, महाविद्यालय विद्वत परिषद के सदस्यों में डॉ प्रमोद कुमार पुजारी, डॉ कुमुद अग्रवाल, डॉ लोहरा उरांव, गोरख पांडे, डॉ पूनम मिश्रा, परमानंद अग्रवाल, अजय मित्तल, बैजनाथ मिश्रा, देवानंद महतो, डॉ टी साहू, शिरीष केसरी, धनेश महतो, शिवशंकर सिंह, डॉ विद्यानंदन शर्मा, महाविद्यालय खेलकूद एवं शारीरिक प्रमुख यशोदा कुमारी और शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मी शामिल है।

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हुई जलडेगा प्रखंड के लोंबोई हाई स्कूल मैदान में आयोजित द्वितीय स्वतंत्रता दिवस पुरुष हॉकी प्रतियोगिता

**➲हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी और लोंबई पंचायत की मुखिया शिशिर डांग एवं अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया खेल का उद्घाटन किया**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्रदर्स क्लब लोंबाई के द्वारा 6अगस्त से 15अगस्त 2023 तक सिमडेगा जिला अंतर्गत जलडेगा प्रखंड के लोंबोई हाई स्कूल मैदान में आयोजित द्वितीय स्वतंत्रता दिवस पुरुष हॉकी प्रतियोगिता , लोंबोई=2023 का आज उद्घाटन किया गया।उद्घाटन मैच मेयोमदेगा और बोंडोजरा के बीच खेला गया। जिसमे बोंडोजरा की टीम 1=0से अपना मैच जीतकर द्वितीय राउंड में प्रवेश किया। हॉकी सिमडेगा का अध्यक्ष मनोज कोनबेगी,लोंबोई पचायत की मुखिया शिशिर डांग,पूर्व उप प्रमुख असरंती टोपनो, जलडेगा हॉकी को बढ़ावा देने वाले उम्लेण डांग, प्रचारक जोरग हेमरोम, इप्लान सुरीन एवम अन्य अतितियो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने कहा कि आज से 13=14वर्ष पूर्व जलडेगा प्रखंड की कोई टीम सिमडेगा तक खेलने नही जाती थी,पर स्थानीय खेल प्रेमियों के सामूहिक प्रयास से आज जलडेगा के खिलाड़ी इंडिया कैंप में भी चुने जा रहे है दर्जनों खिलाड़ी झारखंड टीम से खेल रहे है।इसी तरह सामूहिक प्रयास करते रहे और स्थानीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देते रहे तो आने वाले दिनों में और भी खिलाड़ी ऊंचाई को छुएंगे,हॉकी सिमडेगा आपके साथ है। लोंबोई पंचायत की शिशिर डांग मने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा ब्रदर क्लब लोंबोई के द्वारा पिछले वर्ष से स्थानीय खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए जो इस प्रतियोगिता की शुरुआत की गई है उसका मैं तहे दिल से धन्यवाद देती हूं और बधाई देती हूं इसी तरह के आयोजनों से ही हमारे खिलाड़ियों को मंच देकर हम सभी का लक्ष्य आगे बढ़ाना है आज आप लोगों के इंटरेस्ट को देखकर ही यहां पर खेल मैदान का निर्माण हुआ है और डे बोर्डिंग सेंटर चल रहा है आने वाले दिन में और अधिक सुविधाएं बहाल होगी मेरा पूर्ण सहयोग आपको मिलता रहेगा।प्रतियोगिता में चार ग्रुप का अलग अलग मैच कराया जाएगा और चारो ग्रुप का अलग अलग पुरुस्कार दिया जाएगा। ग्रुप ए में कुल 16 टीमों को भागीदारी दी जारी दी जाएगी जिसमें से पहला स्थान प्राप्त करने वाले को 15000, दूसरे स्थान प्राप्त करने वाले को 8000 एवं और अन्य दो टीमों को सांत्वना पुरस्कार दी जाएगी।ग्रुप ब्क में 16 टीमों को भागीदारी दी जाएगी और इस ग्रुप से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को बड़ा खस्सी द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को छोटा खस्सी और अन्य दो टीमों को सांत्वना पुरस्कार दी जाएगी। ग्रुप ष्ट में 12 टीमों को भागीदारी जी जाएगी इसमें प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले टीमों को खस्सी तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा । ग्रुप ष्ठ में 8 टीमों को भागीदारी दी जाएगी जिस में पहला स्थान प्राप्त करने वाले को बड़ा खस्सी एवं दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

चलते चलते एक नजर

## राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस पर हुआ वॉकथॉन का आयोजन




**नई दिल्ली :** वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया ने रविवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर देशभर के 26 शहरों में 'अंगविच्छेद मुक्त भारत' की थीम पर एक वॉकथॉन का आयोजन कर जागरुकता बढ़ाने के लिए 'एक मील चलो, मुस्करा कर जीओ' का संदेश दिया गया। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से शुरू वॉकथॉन इंडिया गेट की परिक्रमा कर वापस नेशनल स्टेडियम पहुंचा।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया विजन के मद्देनजर वीएसआई ने वॉकथॉन का आयोजन किया। इसका मुख्य लक्ष्य शरीर के अंग विच्छेद की स्थिति पैदा करने वाले कारणों (डायबीटीज, धूम्रपान, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल बढ़ने) से बचना है। स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल, जागरुकता और किसी अन्य समस्या का समय से निदान कर यह लक्ष्य पूरा होगा।वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव डॉ. तपिश साहू ने कहा, ÷हमारा मिशन एम्प्युटेशन फ्री इंडिया बनाने के मकसद से संपूर्ण वैस्कुलर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा सभी समुदायों को अधिक स्वस्थ बनाना है। अभियान में पूरे भारत का उत्साह देख कर हम बहुत प्रोत्साहित हैं। आज राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस पर देशभर के 26 शहरों में एक साथ वॉकथॉन का आयोजन हुआ, जिसमें 8,000 से अधिक लोगों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।'' इस पहल को अपना समर्थन देने के लिए कई अन्य प्रसिद्ध वैस्कुलर सर्जन उपस्थित थे जिनमें डॉ. वीएस बेदी, डॉ. कर्नल कुमुद राय, डॉ. राजीव पारख, डॉ. तरुण ग्रोवर, डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. अजय यादव, डॉ. रावुल जिंदल और डॉ. अपूर्व श्रीवास्तव (कोषाध्यक्ष, वीएसआई) खास तौर से उल्लेखनीय हैं।

### पीएम नरेंद्र मोदी व सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयास से पलामू में रेलवे स्टेशनों का तेज गति से हो रहा विकास

# रेलवे स्टेशनों का नए सिरे से हो रहा कायाकल्प : वीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के शिलान्यास में डाल्टेनगंज रेलवे स्टेशन पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में शामिल वतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि आजादी के इस अमृतकाल वर्ष में भारतीय रेल विश्वस्तरीय तकनीक एवं जन सुविधाओं से लैस हो रहा है। नई नई रेल लाइनों का निर्माण एवं इलेक्ट्रिफिकेशन और अग्नि कार्य तो चल ही रहे है, अब रेलवे स्टेशनों का भी नए सिरे से कायाकल्प होने जा रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से पहले फेज में देश के 508 रेलवे स्टेशन के पुनः विकास का शिलान्यास हो रहा है। जिसमें पलामू जिले के डालटेनगंज गढ़वा रोड गढ़वा शहर एवं बंशीधर नगर उंटारी रेलवे स्टेशन का पुन विकास का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। स्टेशनों पर नागरिकों के सुविधा के लिए एक्सीलेटर सीढ़ी, लिफ्ट, प्रतिक्षालय, शौचालय, लंबी चौड़ी प्लेटफार्म, लाइट एवं अन्य सुविधाएं बढ़ाना है। चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर (गति शक्ति) राम मूरत सिंह वरीय मंडल संरक्षा अधिकारी मनीष सौरव सहायक मंडल अभियंता अर्जुन सिंह ने मंचासीन सांसद, विधायक एवं अतिथियों को शाल एवं बुके देकर सम्मानित किया।



### पलामू लोक सभा के 4 स्टेशन को मिला अमृत भारत स्टेशन योजना का लाभ

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 1309 रेलवे स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया जा रहा है। जिसमें पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चार स्टेशनों क्रमशः डालटनगंज 29.2 करोड़, गढ़वा रोड़ (रेहला) 24.5 करोड़, गढ़वा टाउन 25.5 करोड़ एवं नगर उंटारी 26.3 उक्त चारों स्टेशनों के विकास के लिए टोटल 105 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। भारतीय विविधता की भव्यता को प्रदर्शित करते हुए यह पुनर्विकसित स्टेशन नई अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ-साथ मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन और प्रतिस्थापन से सुसज्जित होंगे।

### दूसरे चरण में होगा जपला, हैदरनगर व मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास

बीते कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में रांची सासाराम,चोपन रांची एवं अन्य ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ है। कई ट्रेनों के फेरों में भी बढ़ोतरी की गई है। आगे आने वाले दिनों में इस रेलवे मंडल से और कई ट्रेनों का परिचालन इस क्षेत्र से होगा। जिससे आवागमन में लोगों को सुविधा मिलेगी। दूसरे फेज में मुगलसराय डिवीजन के क्षेत्र जपला, हैदरनगर, मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की योजना स्वीकृत हुई है। जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री आगामी महीनों में करेंगे।

### छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत व नृत्य पेश किया

कार्यक्रम के शुरुआत में रोटरी स्कूल एवं एमकेडीएभी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य से सभी का मन मोह लिया। देश और रेलवे में क्या अच्छा हो रहा है भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन में निष्ठा लाठ, त्रिशिका सहदेव, स्वाति रानी समर तिवारी अर्पित अनुराग, आदित्य कुमार तिवारी चित्रांकन प्रतियोगिता में कृष्लय सिंह, कौस्तुभ कुमार दुबे, आर्या सिंह, रोटरी स्कूल के नैना सिंह, प्रियांशु सिंह, उज्जवल राज,अंकित शुक्ला, हर्ष आर्यन एवं निधि कुमारी मुख्य अतिथि पलामू सांसद बीडी राम एवं अतिथियों द्वारा सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन मनीष सौरभ ने किया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में विधायक पुष्पा देवी, पलामू भाजपा अध्यक्ष विजयानंद पाठक, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, विनोद कुमार सिंह, परशुराम ओझा, मंगल सिंह, नरेंद्र पांडे, विभाकर नारायण पांडे, मुरारी पांडे, श्याम बाबू, सुरेंद्र विश्वकर्मा, विजय ओझा, शिव कुमार मिश्रा, ईश्वरी पांडे, सोमेश सिंह, संजय कुमार, नंदलाल गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, लूडू खान, अमित आनंद, राघवेंद्र तिवारी, छोटू सिन्हा, शशि भूषण पांडे, संजय गुप्ता, आनंद सिंह, किशोर पांडे, मनोरंजन दुबे, रेणुका पांडे, रूपा सिंह, रीना किशोर, किरण अग्रवाल, भोला पांडेय,सुशील सिंह, बंशी सिंह सहित रेलवे के टीआई अनिल कुमार तिवारी, स्टेशन अधीक्षक शशांक शेखर, सीटीआई विकास कुमार, वाणिज्य अधीक्षक मनीषा कुमारी, सीआईटी बीएम पांडे, आईओ अनिल कुमार, डीसीआई विवेक कुमार सहित हजारों की संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# मथुरा सिंह पहलवान की मनायी गयी 14वी पुण्यतिथि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा (पलामू) :** पिपरा मे स्व0 मथुरा सिंह पहलवान की 14वीं पुण्यतिथि सादे समारोह मनाया गया। इनके द्वारा सन 1952 मे निर्मित अखाड़ा के परिसर में अवस्थित इनके प्रतिमा पर लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही इनके परिवार के सदस्य जो जहां निवास करता है वहीं से इन्हें श्रद्धापूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किए। पहलवान साहब भारत केसरी मंगला राय के शिष्य थे।

मथुरा सिंह एकीकृत बिहार झारखंड के बड़े पहलवानों में गिने जाते थे। इन्होंने जैसा कुश्ती का व्यामशाला का निर्माण करवाया था। वैसा व्यामशाला आज भी बिहार झारखंड में नहीं है। इसे पिपरा प्रखंड के धरोहर के रूप में जाना जाता है। इस अखाड़े से जुड़े लोग पूरे विश्व में इस क्षेत्र का मान सम्मान बढ़ा रहे हैं। अभी वर्तमान में इनके भतीजे भोलानाथ सिंह के कुशल नेतृत्व में हॉकी एशिया कप का आयोजन



चेन्नई में कराया जा रहा है। इनके बड़े पुत्र काशीनाथ सिंह देश स्तर के पहलवान रहे हैं। वही छोटे पुत्र मनकु सिंह शिक्षक है। इनके परिवार ने विभिन्न खेलों के माध्यम से क्षेत्र का मान सम्मान बढ़ाया है।

इनके भतीजे मुरलीधर सिंह राज्य स्तर के वेटलिफ्टर रहे हैं, वही विश्वनाथ सिंह राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल के कोच है।

साथ ही इनके भतीजे प्रो0 प्रेमनाथ सिंह एवं अमरनाथ सिंह ने कहां की बड़े बाबू जी ने जो मान सम्मान एवं समाज प्रति जीमेवारिया हम लोगों के लिए छोड़ कर गए हैं। उसे हम लोग निष्ठा पूर्वक निभाने एवं बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का संचालन इनके पौत्र पत्रकार गौतम राज ने किया। मौके पर उपस्थित रामाशीष पासवान ने कहा कि पहलवान साहब बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। वही प्रो0 राधेश्याम सिंह ने कहा कि एक साथ किसी एक व्यक्ति में इतने गुण होना ईश्वरीय कृपा ही हो सकती है। अरुण मिश्रा ने इनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे लोग सदियों में पैदा लेते है। कार्यक्रम स्थल पर जितेंद्र सिंह विनोद सिंह राजू सिंह अंशु मिश्रा प्रो0रामजी राम अर्जुन ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एचएमसीएच परिसर में फेंका जाता है बायो मेडिकल वेस्ट



### सड़ांध और बदबू से परेशान होते हैं लोग, बेखबर है मेडिकल कॉलेज प्रबंधन व प्रशासन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल की प्रबंधकीय लापरवाही के कारण यहां इलाज कराने आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट को परिसर के ट्रॉमा सेंटर और पोस्टमार्टम हाउस के बीच रखें एक कूड़ेदान में डाला जाता है। बरसात का मौसम है और कूड़ेदान के पास जल जमाव भी होता है। कूड़ेदान के घर जाने के बाद उसके नीचे जैसे तैसे प्लास्टिक में डालकर बायो मेडिकल वेस्ट को फेंक दिया जाता है।

जिसके कारण इसकी सड़ांध और बदबू से यहां आने वाले लोग परेशान होते हैं। जबकि इसी कूड़ेदान के सामने प्रॉपर बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए तीन अलग - अलग रंगों का कमरा बनाया गया है जहां ऐसे वेस्ट को डंप करना है। भरे हुए कूड़ेदान और कूड़ेदान के नीचे फेंके गए बायो मेडिकल वेस्ट को आवारा कुत्ते भी नोचते रहते हैं। बायो मेडिकल वेस्ट के इस कचड़े की दुर्गंध से यहां का वातावरण भी दूषित होता है ।

हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इस मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराया है और हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय को ट्वीट करते हुए जनहित में संज्ञान लेते हुए अस्पताल परिसर में इससे राहत दिलाने और प्रॉपर बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था कराने की मांग की है। रंजन चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम करने आने वाले लोगों के साथ ट्रॉमा सेंटर में आपातकाल में इलाज करने आने वाले मरीज और उनके परिजनों को इससे काफी दिक्कत हो रही है।

## उत्तराखंड में पहाड़ तक रेल पहुंचने का सपना हो रहा है साकार : पुष्कर सिंह

एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में पहाड़ तक रेल पहुंचाने का सपना सच होने जा रहा है। राज्य के तीन स्टेशनों के पुनर्विकास की आज नींव रखी गई। यह राज्य के लिए सुखद अनुभव है।रेलवे स्टेशनों की पुनर्विकास की आधारशिला रखे जाने के अवसर पर हर्रावाला रेलवे स्टेशन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित थे।इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के तीन रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेलवे के क्षेत्र में बहुत तेज गति से कार्य हुए हैं।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाइन का कार्य तेजी से हो रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और नए बदलते भारत विकास का प्रतिबिंब है। आज जिस प्रकार से ना केवल रेलवे बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाया जा रहा है, वो अभूतपूर्व है।

